दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
# बढ़ता राजस्थान
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 205 जयपुर | शुक्रवार, 30 मई, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## RCB
## 9 साल बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्वालिफायर-1 में पंजाब को 8 विकेट से हराया, सुयश-हेजलवुड को 3-3 विकेट; सॉल्ट की फिफ्टी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 9 साल बाद ढ्ढक्क फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने गुरुवार को क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराया। ओपनर फिल सॉल्ट ने फिफ्टी लगाई। वहीं, जोश हेजलवुड और सुयश शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। सुयश प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में गुरुवार को बेंगलुरु ने बॉलिंग चुनी। पंजाब किंग्स 14.1 ओवर 101 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोयनिस ने 26 रन बनाए। यश दयाल को 2 विकेट मिले। ऋष्टक्क ने 10 ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान रजत पाटीदार ने छक्का लगाकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। बेंगलुरु ने चौथी बार ढ्ढक्क फाइनल में जगह बनाई। टीम ने 2016 में आखिरी खिताबी मुकाबला खेला था, लेकिन रनर-अप रही। ऋष्टक्कअब 3 जून अहमदाबाद में फाइनल खेलेगी। वहीं पंजाब किंग्स 1 जून को क्वालिफायर-2 में एलिमिनेटर की विजेता से भिड़ेगी। एलिमिनेटर शुक्रवार को मुंबई और गुजरात के बीच होगा।

# पाकिस्तान समझ ले, 3 बार घुसकर मारा, अब आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी' : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

गंगटोक/ कोलकाता (एजेंसी)। पीएम मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। पीएम ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया। पीएम ने कहा, पाकिस्तान समझ ले 3 बार घर में घुसकर मारा है।

हम शक्ति को पूजने वाले लोग हैं। बंगाल टाइगर की धरती से 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि, केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है क्योंकि टीमएसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं। पीएम को आज तीन राज्यों में जाना था।

सिक्किम दौरा रद्द होने के बाद वे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार पहुंचे। यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। शाम को पीएम बिहार जाएंगे। शाम 5:45 बजे पटना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का इनॉगरेशन करेंगे। फिर रात में राजभवन में रुकेंगे।




### मोदी के स्पीच की बड़ी बातें, कहा- बंगाल में गुंडागर्दी को खुली छूट दी गई

**ऑपरेशन सिंदूर पर:** आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बता की उसके बाद बंगाल में बहुत गुस्सा था। उसको मैं समझता था आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया। जिनकी पाकिस्तान ने कल्पना नहीं की थी। आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी पॉजिटिव नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं तब से आतंक को पाला है। 1947 में बंटवारे के बाद से ही भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों बाद बांग्लादेश में आतंक फैलाया। पाक सेना ने बांग्लादेश में रेप किया मर्डर किया। उसे कोई नहीं भूल सकता। आंतक और नरसंहार पाकिस्तान की विशेषज्ञता है। सीधी लड़ाई में उनकी हमेशा हार होती है। यही कारण है पाकिस्तान की सेना आतंकियों को सहारा लेती है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया कि भारत पर अब आतंकी हमला हुआ तो दुश्मन को उसकी कीमत चुकानी होगी।

**केंद्र की योजनाओं पर:** बंगाल की सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं होने दे रही। आयुष्मान योजना का बंगाल में फायदा नहीं मिल रहा है। निर्मम सरकार ने बंगाल के अपने लोगों के आयुष्मान कार्ड देने ही नहीं दिया। यहां कई विश्वकर्मा भाई बहन लोग हैं। ये हाथ का हुनर रखते हैं। भाजपा इनके लिए विश्वकर्मा योजना लाई है। इसके तहत ट्रेनिंग, पैसा दिया गया है। लेकिन बंगाल में आठ लाख एप्लीकेशन अटकी पड़ी है निर्मम सरकार उस पर बैठ गई है। हमने पीएम जनमन योजना बनाई है। बंगाल में बहुत बड़ा आदिवासी समाज है टीएमसी सरकार ने योजना को यहां लागू नहीं किया। इन्हें आदिवासी सम्मान की परवाह नहीं है। जब एनडीए ने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवार बनाया तो टीएमसी विरोध करने वाली पहली पार्टी थी।

## एक्सपर्ट बोले- नए वैरिएंट पर मौजूदा वैक्सीन बेअसर
### कोरोना की चौथी लहर आई तो 28 दिन रहेगी; देश में 1326 एक्टिव केस



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। गुरुवार को एक्टिव केसों की संख्या 1326 पहुंच गई। वहीं, मौतों की संख्या 14 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। उधर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि 2022 के बाद नए वैरिएंट की वजह से कोविड पेशेंट कई बार बढ़े हैं, लेकिन कोई गंभीर स्थिति नहीं देखी गई। मेरा अंदाजा है कि इस बार भी बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। वहीं, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे के मुताबिक कोविड की चौथी लहर आती है तो उसका असर 21 से 28 दिन तक रहेगा। यह दूसरी लहर की तरह जानलेवा नहीं होगी।

एक्सपर्ट बोले- नए वैरिएंट पर वैक्सीन का असर नहीं प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे का कहना है कि जिन लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया था, उन्हें भी सावधानी बरतने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि वैक्सीनेशन नए वैरिएंट का असर होने से नहीं रोक सकता।

# अमेरिकी कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ पर रोक लगाई...
### कहा- राष्ट्रपति अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ रहे, इकोनॉमी का हवाला देकर कुछ भी करना गलत

बढ़ता राजस्थान

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रोक लगा दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ लगाने की कोशिश की। मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने ट्रम्प के इस कदम को गैर-कानूनी ठहराया। कोर्ट के तीन जजों की बेंच ने कहा कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ खास शक्तियां देता है, लेकिन कोर्ट ने माना कि ट्रम्प ने इसे बिना ठोस आधार के इस्तेमाल किया।

#### कोर्ट ने ये भी कहा...

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ट्रेड पार्टनर्स से इंपोर्ट पर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाया है। अमेरिकी संविधान संसद को दूसरे देशों के साथ केवल व्यापार को रेगुलेट करने का विशेषाधिकार देता है। इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रपति इकोनॉमी का हवाला देकर अपने इमरजेंसी पावर से कुछ भी करें।



#### दो मुकदमों के आधार पर फैसला दिया गया:

लिबर्टी जस्टिस सेंटर ने 5 छोटे अमेरिकी बिजनेसेज की ओर से मुकदमा दायर किया, जो इन टैरिफ की वजह से प्रभावित हो रहे थे। 12 अमेरिकी आयातकों ने भी कोर्ट में याचिका दायर की थी। इन दोनों ने तर्क दिया कि टैरिफ से छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान हो रहा है, क्योंकि आयातित सामान की कीमत बढ़ने से उनकी लागत बढ़ रही थी। कोर्ट ने इन दलीलों को सही माना और कहा कि राष्ट्रपति के पास इतने बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाने का संवैधानिक अधिकार नहीं है। ट्रम्प प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ तुरंत अपील करने की बात कही है। ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर दावा किया कि उनकी टैरिफ नीति अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए जरूरी थी।

## विजय बैंसला ने दी आंदोलन की चेतावनी
### 8 जून को महापंचायत: बोले-अपना हक लेकर ही घर लौटेंगे

बढ़ता राजस्थान

दौसा। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने कहा है कि राज्य सरकार पर गुर्जर समाज से हुए समझौते का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 8 जून में पीलूपुरा (भरतपुर) में होने वाली महापंचायत निर्णायक होगी। यह भी कहा कि समाज अपनी मांगें पूरी करवाने के बाद ही घर लौटेगा। विजय बैंसला गुरुवार को गुर्जर आरक्षण आंदोलन के शहीदों की बरसी पर दौसा के महुवा क्षेत्र के पीपलखेड़ा स्थित शहीद स्थल पहुंचे थे। यहां श्रद्धांजलि सभा में गुर्जर समाज के लोग और कई नेता पहुंचे। इस दौरान कर्नल किरोड़ी बैंसला को भी याद किया गया।



**विजय बैंसला बोले- सरकार ने समझौते का पालन नहीं किया-** श्रद्धांजलि सभा में बैंसला ने कहा- शहीदों का बलिदान समाज की अगली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राज्य सरकार ने समझौते की पालना नहीं की।




# एयरफोर्स चीफ बोले-एक भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं
### कॉन्ट्रैक्ट करते समय पता होता है, पूरा नहीं होगा; फिर ऐसे वादे क्यों करना

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में हो रही देरी पर कहा कि ऐसा एक भी प्रोजेक्ट नहीं है, जो समय पर पूरा हुआ हो। ये सोचने वाली बात है कि हम ऐसा वादा क्यों करते हैं, जिसे पूरा ही नहीं किया जा सकता। कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही पता होता है कि ये समय पर नहीं होगा, फिर भी साइन कर देते हैं, जिससे पूरा सिस्टम खराब हो जाता है।

यह पहला मौका है जब किसी सेना प्रमुख ने सिस्टम पर इस तरह से सवाल उठाया हो। सीजेआई एनुअल बिजनेस समिट में एयर चीफ मार्शल ने कहा;- टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। समय से डिफेंस प्रोजेक्ट पूरा न होने की वजह से ऑपरेशनल तैयारी पर असर पड़ता है।

इससे पहले 8 जनवरी को भी एयर चीफ मार्शल अमर



प्रीत सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि 40 जेट अभी तक फोर्स को नहीं मिले हैं। जबकि चीन जैसे देश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं।

तेजस, एएमसीए और एमके2 की डिलीवरी भी लेट है एयर चीफ ने बताया कि फरवरी 2021 में ड्डरुके साथ तेजस स्न्य1 फाइटर जेट के लिए ?48,000 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया था। डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन आज तक एक भी विमान नहीं आया। तेजस एमके2 का प्रोटोटाइप भी अभी तक तैयार नहीं हुआ है। एडवांस्ड स्टेल्थ फाइटर एएमसीए का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है।

आज की जरूरत आज ही पूरी करनी होगी एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि हमें आज के लिए तैयार रहना होगा, तभी भविष्य के लिए भी तैयार हो सकेंगे। आने वाले 10 साल में इंडस्ट्री से ज्यादा आउटपुट मिलेगा, लेकिन जो जरूरत आज है, वो आज पूरी होनी चाहिए।

हम सिर्फ भारत में मैन्युफैक्चरिंग के बारे में बात नहीं कर सकते। हमें डिजाइनिंग के बारे में भी बात करनी होगी। हमें सेना और इंडस्ट्री के बीच भरोसे की जरूरत है। हमें बहुत खुलापन दिखाने की जरूरत है।

राजसमन्द को मिली भव्य सौगातें

# महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा, सीएम जन आवास के फ्लैट्स, विधायक जनसुनवाई केंद्र सहित विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण-शिलान्यास

## 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को मिला करारा जवाब : नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह जी खर्रा ने बुधवार को राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी के नेतृत्व में नगर परिषद राजसमंद द्वारा नगरीय क्षेत्र में करवाए गए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर आमजन को सौगात दी। कार्यक्रमों में जिला प्रमुख श्रीमती रतनी देवी जाट, सभापति श्री अशोक टाँक, समाजसेवी श्री जगदीश पालीवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

आयुक्त बृजेश राय ने बताया कि मंत्री श्री खर्रा और विधायक श्रीमती माहेश्वरी ने महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर प्रातः सर्वप्रथम महाराणा प्रताप उद्यान में नवनिर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण किया जिसके पश्चात तालियों से उद्यान गूंज उठा। इसके पश्चात उन्होंने सूर्य नमस्कार करती हुई प्रतिमाओं का लोकार्पण किया जो यहाँ आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने हेतु प्रेरणा मिलेगी। यहाँ से सीधे वे नगर परिषद सभागार पहुंचे जहां उन्होंने राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी के नवनिर्मित विधायक जनसुनवाई केन्द्र का लोकार्पण कर अवलोकन किया। इस भव्य जनसुनवाई केंद्र में आगंतुकों के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई है और यह जनसुनवाई केंद्र आमजन की समस्याओं के समाधान का माध्यम बनेगा।

**मुख्यमंत्री जन आवास योजना के फ्लैट्स हुए समर्पित :** मंत्री श्री खर्रा और विधायक श्रीमती माहेश्वरी ने पुलिस लाइन के पीछे 43.66 करोड़ की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री जनआवास योजना के आवासों का लोकार्पण कर लाभार्थियों को समर्पित किया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को पट्टों का वितरण भी किया। साथ ही उन्होंने यहीं से 33 लाख की लागत से सोमनाथ चौराहे का सौंदर्यीकरण, 12 लाख की लागत से द्वारकेश चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। मंत्री और विधायक ने 4 करोड़ 53 लाख की लागत से आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित बालकृष्ण स्टेडियम में खेल मैदान निर्माण कार्य तथा 60 लाख रुपए की लागत से 100 फीट रोड पर डिवाइडर निर्माण, 30 लाख की लागत से भवानी माता मंदिर पहाड़ी पर वृक्षारोपण कार्य का शिलान्यास भी किया।

### विकसित भारत@2047 के संकल्प को करना है साकार

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा ने जन आवास परिसर में आयोजित भव्य समारोह को मंच से संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आज प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यह प्रतिमा हमेशा नई पीढ़ी को प्रताप के आदर्शों से परिचित कराएगी और गौरवान्वित करेगी।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश में प्रत्येक परिवार के पास अपनी पक्की छत हो जिसे साकार करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारतञ्च2047 के ध्येय को साकार करने की दिशा में सभी अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं।

### राजसमंद के लिए आज का दिन गौरवमय - विधायक माहेश्वरी

राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि वर्ष 2017 में तत्कालीन मंत्री श्रीचंद कृपलानी और स्थानीय विधायक श्रीमती किरण माहेश्वरी के करकमलों से इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुआ था, यह बड़े हर्ष का विषय है कि आज इस प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया जा रहा है। सभापति अशोक टाँक ने कहा कि यह क्षण नगर को गौरवान्वित करने वाला है। आज सभी के आने से नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है। अंत में उप सभापति चुन्नीलाल पंचोली ने आभार व्यक्त किया। संचालन दिनेश श्रीमाली ने किया।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ, रथ को दिखाई हरी झंडी

## जन-जन तक पहुंचे सरकार की कल्याणकारी योजनाएं : झाबर सिंह खर्रा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा खरीफ पूर्व अभियान के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन 29 मई से 12 जून तक जिले की 45 ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रथ के माध्यम से संचालित होगा, जिसका शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र से नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, जिला प्रमुख श्रीमती रतनी देवी जाट, समाजसेवी श्री जगदीश पालीवाल, श्री भूपेन्द्र सिंह राठौड़, संयुक्त निदेशक कृषि, डॉ. पी.सी. रेगर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र राजसमंद, डॉ. महावीर नोगीया वैज्ञानिक आईसीएआर, श्री संतोष दुरिया परियोजना निदेशक आत्मा, श्री प्रवीण गुप्ता सहायक निदेशक उद्यान, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पंद्रह दिवसीय अभियान के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा आईसीएआर के विशेषज्ञ मौके पर उपस्थित रहकर खरीफ मौसम में बोई जाने वाली प्रमुख फसलों की तकनीकी जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न सहकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक व खाद के उपयोग की सलाह तथा किसानों से फीडबैक लेकर उनके नवाचारों पर वैज्ञानिक अनुसंधान की संभावनाएं भी विकसित की जाएंगी। कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा टीएसपी क्षेत्र की 17 महिला कृषकों को अनाज भंडारण हेतु सामग्री निःशुल्क वितरित की गईं।

# 10 वीं बोर्ड परीक्षा में कुहू स्कूल के 21 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 95% से अधिक अंक

## प्रभाकर ने 98.67% अंक प्राप्त कर किया शहर का नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान




**गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिवर्ष नया आयाम स्थापित करने वाले एवं प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नसिया कॉलोनी गंगापुर सिटी द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 में शहर का श्रेष्ठ परिणाम देकर किया शहर का नाम रोशन । विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मिथलेश शर्मा ने बताया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नाम को एक बार फिर गौरवान्वित करने वाले विद्यार्थियों ने क्वालिटी वाइज शहर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर संस्कार से सफलता तक की यात्रा में कुहू के उद्देश्य को सार्थक किया है । विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 में विद्यालय का परिणाम 100% रहा , जिसमें 21 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक ,46 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक ,81 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक एवं 115 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए । सर्वश्रेष्ठ अंक विद्यालय के छात्र प्रभाकर ने 98.67% प्राप्त किये ।सफल विद्यार्थियों में प्रभाकर पुत्र श्री राजेश कुमार महावर 98.67 , देवांशु कुमार जाटव पुत्र श्री राकेश कुमार जाटव 97.83 , उमेश गर्ग पुत्र श्री दिनेश चंद गर्ग 97.83 , खुशबू गोयल पुत्री श्री नीरज कुमार गुप्ता 97.67 , युवराज मीना पुत्र श्री सुरेश मीना 97.17 , अंकुश मीना पुत्र श्री ओमप्रकाश मीना 96.83 , भवानी मीना पुत्र श्री मोहन लाल मीना 96.83 , मनराज गुर्जर पुत्र श्री धरम सिंह गुर्जर 96.83 , नीरज मावई पुत्र श्री बाबू लाल 96.50 , राशि अग्रवाल पुत्री श्री योगेश कुमार गोयल 96.17 , विकास सेनी पुत्र श्री अंबालाल सेनी 96.17 , मुदित कुमार सिंहल पुत्र श्री मनोज कुमार गुप्ता 95.67 , आशुतोष विश्वकर्मा पुत्र श्री लवकुश कुमार विश्वकर्मा 95.50 , प्रशांत गुर्जर पुत्र श्री शिवचरण गुर्जर 95.50 , सुरभि मीना पुत्री श्री चंद्रमोहन मीना 95.50 , वैशाली खंडवार पुत्री श्री याद कुमार खंडवार 95.50 , योगेश गुर्जर पुत्र श्री कांजी गुर्जर 95.50 , विवेक शर्मा पुत्र श्री मनोज शर्मा 95.33 , टीना गुर्जर पुत्री श्री रमेश चंद गुर्जर 95.17 , कोमल प्रजापत पुत्री श्री प्रीतम राज 95.00 , रवि माली पुत्र श्री सेठी माली 95.00 अनेक मेघावी छात्र छात्राएं शामिल हैं । विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ मिथलेश शर्मा द्वारा सभी मेधावी छात्रों एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गई एवं बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ में विद्यार्थियों का समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है एवं बताया कि कुहू स्कूल बच्चों की श्रेष्ठ शिक्षा व संस्कार के लिए समर्पित है ।

# बाबा कायमसाह पीर दरगाह पर 10वें उर्स का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा कस्बे में मीणों व कुम्हारो की कॉलोनी स्थित बाबा कायमसाह पीर दरगाह पर ग्रामवासियों के जन सहयोग से 30 मई, शुक्रवार को 10वें उर्स का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जुम्मेरात की सुबह 04 बजे हजरत को गुस्ल शरीफ एवं सुबह 07 बजे कुरान खानी फातिहा शरीफ व मिलाद का कार्यक्रम आयोजित होगा। समाजसेवी अनिल बादशाह ने बताया कि उर्स के मौके पर जायरीन कुल शरीफ की रस्म अदा कर देश में अमन-चैन व भाईचारा के लिए दुआ करेंगे तथा दोपहर पश्चात शाम 03 बजे से पंगत प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रात्री में चिड़ावा की पार्टी द्वारा इदरिश कव्वाल की महफिल संजाई जाएगी। इस अवसर पर ग्रामवासी और दूर-दूर से आए जायरीन बाबा कायमसाह पीर की दरगाह पर हाजिरी लगाएंगे और उर्स में शामिल होंगे। उर्स के आयोजन के लिए ग्रामवासियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस अवसर पर ग्रामवासियों के साथ-साथ समाजसेवी संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं। उर्स के दौरान ग्रामवासी और जायरीन एक-दूसरे के साथ मिलकर भाईचारे और एकता का संदेश देंगे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर ग्राम द्वारिकापुरा में भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** ग्राम द्वारिकापुरा में आज महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सूबेसिंह तंवर, E&-army राजेंद्र प्रसाद यादव अध्यापक, संदीप टांक, मान यादव, संदीप यादव, पारस सिंह, जीतू वर्मा, मखन सैनी, जेपी सैन आदि ने महाराणा प्रताप की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्र के प्रति बलिदान, समर्पण और शौर्य को याद किया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के आदर्शों को याद किया गया और उनकी मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को सराहा गया। सामाजिक कार्यकर्ता सूबेसिंह तंवर ने बताया कि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए महलों को छोड़कर जंगल में रहना मंजूर किया, लेकिन पराधीनता स्वीकार नहीं की। सामाजिक कार्यकर्ता सूबेसिंह तंवर पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन कर रहे हैं। इस आयोजन के तहत सेवा कार्य को प्रमुखता दी जाती है और द्वारिकपुरा बस स्टैंड पर मीठा और शीतल पेयजल का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन सुबह 9.00 से शाम 5.30 बजे तक लगातार जारी रहता है। इस आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया और महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

# पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर सम्पन्न

## त्रिमूर्ति साधना केन्द्र शेषपुर मोड़ में होगा सुप्रकाशमति माताजी का चातुर्मास

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** गुरूमां सुप्रकाशमति माताजी के सानिध्य में शेषपुर मोड़ स्थित त्रिमूर्ति साधना केन्द्र में पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर गुरुवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें मुंबई, अहमदाबाद,उदयपुर एवं आस-पास के क्षेत्रों के लगभग 500 से अधिक बाल शिविरार्थियों ने भाग लिया। चेयरमैन ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि समापन समारोह में सकल दिगम्बर बीसा नरसिंहपुरा वागड़ छप्पन समाज एवं समाज के अध्यक्ष, महामंत्री एंव समाज के सेठ आदि ने गुरू मां सुप्रकाशमति माताजी से 2025 का चातुर्मास शेषपुर मोड़ त्रिमूर्ति साधना केन्द्र में करने की विनती की। पिछले 14 वर्षो से क्षेत्र की कमेटी,ट्रस्टी एंव सेठ आदि विनती कर रहे थे लेकिन गुरू मां की व्यस्तता के कारण क्षेत्र में चातुर्मास संभव नहीं हो पा रहा था लेकिन इस बार उनकी विनती रिक्त नहीं गयी और वर्ष 2025 का चातुर्मास उनकी झोली में डाल दिया। उन्होंने बताया कि इस बार भी गुरू मां के समक्ष अनेक स्थानों से चातुर्मास करने के आग्रह आयें लेकिन क्षेत्रीय समाज की भक्ति एवं शिविरार्थियों का उत्साह देखकर गुरू मां का 45 वां चातुर्मास श्री क्षेत्र त्रिमूर्ति अभिनन्दन साधना केन्द्र पंचतीर्थ शेषपुर मोड़ को प्रदान किया। इस घोषणा के साथ ही कार्यक्रम स्थल जयकारों से गूंज उठा। सभी ने अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर गुय मां सुप्रकाशमति माताजी ने कहा कि यह शिविर में हमारे समाज में बहुत उचांईयों पर पंहुचेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास की भी अनेक घोषणायें हुई और कुछ योजनायें प्रस्तावित की गई।

गोदावत ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज उदयपुर की ओर से बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ पर इस वर्ष का चातुर्मास करने हेतु अप्रेल में माताजी के उदयपुर प्रवास के दौरान निवेदन किया था लेकिन इस वर्ष का चातुर्मास माताजी ने शेषपुर मोड़ को प्रदान किया।

# डॉ. रामकुमार गठाला का पीएचडी करने पर भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



पावटा (सुशील कुमार बंसल)। अखाड़ा परिषद पावटा में तुलसीपुरा निवासी डॉ. रामकुमार गठाला पुत्र स्वर्गीय हनुमान सहाय गठाला का पीएचडी करने पर स्वागत सत्कार किया गया। उद्योगपति दयाचंद राठी और पूर्व प्रधानाचार्य शंभूदयाल गढ़वाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. गठाला को सम्मानित किया गया। पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत ने कहा कि डॉ. रामकुमार गठाला एक प्रतिभावान व्यक्तित्व के धनी हैं और एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में राजकीय पाना देवी महिला महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने राजस्थान के प्रजामंडल आंदोलन में महिलाओं की भूमिका विषय पर शोध करके महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है। पूर्व प्रधानाचार्य शंभूदयाल गढ़वाल और कृषि मंडी पूर्व अध्यक्ष सुरेश गठाला ने कहा कि डॉ. गठाला के शोध कार्य ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है और यह एक सराहनीय कार्य है। सत्ताईसा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में स्वागत सत्कार करने पर डॉ. रामकुमार गठाला अभिभूत होकर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में उद्योगपति दयाचंद राठी, पूर्व प्रधानाचार्य शंभू दयाल गढ़वाल, कृषि मंडी पूर्व अध्यक्ष सुरेश गठाला, पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत, पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़, रामेश्वर बाजिया रिटायर्ड सीआई, प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह शेखावत, वरिष्ठ अध्यापक रामजीलाल गढ़वाल, कप्तान बाबूलाल गठाला, छाजू राम फोगट, महावीर सिंह जोधपुरा, कैलाश जंवर, राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, मुकेश यादव और अमन जंवर मौजूद रहे।

# महाराणा मेवाड़ विश्वराज सिंह मेवाड़ ने देवगढ़ में किया महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण, रेलमगरा में आयोजित समारोह में भी की शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महाराणा मेवाड़ एवं नाथद्वारा विधायक माननीय श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ तथा महारानी मेवाड़ एवं राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने देवगढ़ और रेलमगरा में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। देवगढ़ में उन्होंने महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण किया तो वहीं रेलमगरा में भी मेवाड़ क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह में मौजूद रहे।

देवगढ़ में आयोजित मूर्ति अनावरण समारोह में प्रधान कल्पना कुलदीप सिंह ताल, पूर्व विधायक बंशीलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भैरव लाल शर्मा, मान सिंह बारहठ, जिला मंत्री अजय सोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश, महाराणा प्रताप स्मारक अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह, अशोक सिंह मेतवाला, महेंद्र सिंह आगरिया, मोहब्बत सिंह राठौड़, निरंजन नारायण सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रमों में आमजन को संबोधित करते हुए श्री मेवाड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी महाराणा प्रताप के गुणों को अपनाएं, करीब 400 वर्षों तक महाराणा प्रताप की जयंती सार्वजनिक रूप से नहीं मनाई गई, गत 40-50 वर्षों से सार्वजनिक कार्यक्रमों का चलन बढ़ा, क्योंकि राजनीतिक दलों को यह लगा कि महाराणा प्रताप और भील भाई के नाम पर लोग एकत्रित होते हैं। हालांकि ऐसे लोग भी हैं जो स्वच्छ मन से महाराणा प्रताप की जयंती मनाते हैं। श्री मेवाड़ ने कहा कि आजकल कई संगठन हो गए हैं, कोई हिन्दू तारीख तो कोई अंग्रेजी तारीख को जयंती मना रहा है, कई जगह सात-सात दिनों तक कार्यक्रम हो रहे हैं, ऐसा होना जयंती नहीं एक मेले का रूप है। श्री मेवाड़ ने कहा कि मेवाड़ में कभी कोई खींचतान नहीं हुई, यह पहचान भी धीरे-धीरे कमजोर हो गई, राजनेता-प्रशासन का कर्तव्य है कि समाज को प्रगति की ओर ले जाएं, समाज को एकजुट रखें। देवगढ़ कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में भी कई बाधाएं आई, शायद कुछ लोगों को यह पसंद नहीं था कि महाराणा प्रताप के वंशज के हाथों मूर्ति का अनावरण हो, यह सबूत है कि जो महाराणा प्रताप की जयंती मनाते हैं, जरूरी नहीं कि वे महाराणा प्रताप का सम्मान भी करते हैं।

आज हम तय करें कि मेवाड़ की पहचान को और मजबूत करें, प्रभु श्री एकलिंगनाथ से प्रार्थना है कि वे मेवाड़ पर अपनी कृपा बनाए रखें।

दोनों ही कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आए स्थानीय जन मौजूद रहे।

### ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर का हुआ भव्य शुभारंभ

# कोटपूतली में गूंजा प्रतिभाओं का उजास : राधा पटेल

## शिविर में रचनात्मकता, अनुशासन और नेतृत्व के साथ संवर रही हैं स्कूली प्रतिभाएं, अतिथियों ने दिया आत्मनिर्भर भारत का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वावधान में 17 मई से 28 जून तक आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर का शुभारंभ आज उल्लासपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था — कहीं चित्र बन रहे थे, कहीं देशभक्ति गीत गूंज रहे थे, तो कहीं अनुशासन की मिसाल पेश करती ड्रिल की टुकड़ियाँ बच्चों के उज्जवल भविष्य की झलक दिखा रही थीं।शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि राधा पटेल (धर्मपत्नी, विधायक हंसराज पटेल) रहीं। उन्होंने बालकों को संबोधित करते हुए कहा- यदि आप अभी से कौशल सीखने की आदत डाल लेंगे, तो कल दुनिया आपके हुनर की मिसाल देगी। सपने देखिए, और उन्हें पूरा करने का साहस जगाइए।

विशिष्ट अतिथियों में जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भागीरथ सिंह मीणा, एवं अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाराम चौरड़िया उपस्थित रहे।जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव ने कहा- स्काउट-गाइड का यह शिविर केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रयोगशाला है। यह मंच आपको नेतृत्व, अनुशासन और सेवा का वास्तविक अर्थ सिखाता है।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री मीणा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा- आज जो समय आप अपने व्यक्तित्व विकास में लगा रहे हैं, वही कल आपको समाज का उदाहरण बना देगा।शिविर में बच्चों को चित्रकला, शिल्पकला, संगीत, प्राथमिक चिकित्सा, योग, खेलकूद, मेहंदी ब्यूटीशियन शतरंज कंप्यूटर इंग्लिश स्पोकन जूडो कराटे एवं टीम वर्क जैसे विषयों का अभ्यास कराया जा रहा है, जो न केवल उनकी अभिरुचियों को निखारता है बल्कि जीवन कौशल भी विकसित करता है।कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधानाचार्य हंसराज यादव ने किया। शिविर का प्रतिवेदन स्थानीय संघ के एडीसी गाइड मनोरमा यादव ने प्रस्तुत किया। शिविर में 11 अभिरुचियों में र 86 बालिकाएं और 67 बालकों सहित कुल 153 संभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । इनमें 32 विद्यालयों एवं महाविद्यालय के बालक बालिका है। इससे पूर्व अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर, माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिविर संचालक अतुल कुमार आर्य , उपनिदेशक तकनीकी शिक्षा जीतसिंह, घनश्याम शर्मा, टेकचंद टेलर, पप्पू यादव, हर सहाय गुर्जर, एएलटी सीताराम गुप्ता , संदीप जांगिड़ , देवराज कुमावत राजकुमार, जयसिंह, राम रतन, दिग्विजय सिंह सहित दक्ष प्रशिक्षक और रोवर रेंजर उपस्थित रहे। शिविर के समस्त संभागियों के जलपान एवं अल्पाहार की व्यवस्था जीत सिंह यादव उपनिदेशक तकनीकी शिक्षा के द्वारा की गई।



## सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का गौरवशाली परीक्षा परिणाम आर्यन शर्मा 98.17 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉपर, 23 मेधावी छात्र सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कस्बे स्थित सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्र आर्यन शर्मा ने 98.17 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और टॉपर बने।विद्यालय में कक्षा 10 के 18 एवं कक्षा 8 के 5 विद्यार्थियों सहित कुल 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल रहीं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कक्षा10 के अन्य टॉपर्स में आयुष शर्मा ने 96त्न अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा दीपक सैनी ने 94.83त्न अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर श्री श्याम शिक्षा सेवा समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर किंतु प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु चार छात्र-छात्राओं - अंशु सैनी, आर्यन शर्मा, यशस्वी सैनी एवं केतु सैनी - को कुल ?46,044 की प्रोत्साहन राशि (प्रत्येक को ?11,511) प्रदान की गई।यह राशि समिति के भामाशाह जीत सिंह यादव (उपनिदेशक, हनुमानगढ़ आईटीआई), घनश्याम शर्मा एवं टेकचंद टेलर द्वारा एक नई पहल के अंतर्गत प्रदान की गई।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, सीबीईओ भागीरथ सिंह मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन प्रधानाचार्या मनोरमा यादव, एसीबीईओ दयाराम चौरड़िया, रामनिवास यादव, मुकेश कुमार जाट, सुरेन्द्र कुमार सैनी, संदीप कुमार जांगिड़, भूमिका यादव, अनिता यादव, राजनीकांत शर्मा, सम्मानित विद्यार्थियों के अभिभावकगण एवं अन्य अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।प्रधानाचार्या मनोरमा यादव ने अपने संबोधन में बताया कि इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए छात्रों के परिश्रम, शिक्षकों के अथक प्रयास, अभिभावकों के सहयोग और विद्यालय के अनुशासित वातावरण को श्रेय जाता है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ कीं।

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का समापन

# राष्ट्रीय कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण, आयुर्वेद में साक्ष्य आधारित दवाएं डिज़ाइन और विकास का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर द्रव्य गुण विभाग द्वारा 27 एवं 28 मई 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण - आयुर्वेद में साक्ष्य आधारित दवाएं डिज़ाइन और विकास का सफल आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने विभाग को इस सार्थक पहल हेतु शुभकामनाएं दी एवं प्रतिभागियों को आयुर्वेद में अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा इस तरह की कार्यशाला आयुर्वेदिक औषधियों के क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नवाचार एवं मानकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। कार्यशाला के उद्देश्य व गतिविधियों की जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुदीप्त रथ ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को औषधीय फॉर्मूलेशन के डिज़ाइन, निर्माण, मानकीकरण एवं गुणवत्ता नियंत्रण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम में हिमालय वैलनेस कंपनी के विशेषज्ञ डॉ. अशोक ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित वैश्विक मानकों के अनुरूप औषध निर्माण पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में गुणवत्ता मानकों के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. शरद कुमार ने अपने व्याख्यान में औषधीय पादपों में पाए जाने वाले पादप रसायनों एवं मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने भारतीय जैव विविधता एवं औषधीय पौधों के घटकों के मानकीकरण पर गहन चर्चा की। डॉ. के. कृष्णा राज ने औषधि निर्माण की विविध विधियों, औषधि के भिन्न स्वरूपों, उनके रंग, गंध, सवीर्यता, स्थायित्व, पैकेजिंग एवं संरक्षण की तकनीकों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में द्रव्य गुण विज्ञान विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू, 12 जून तक तक होगा आयोजित

## किसानों को दी खेती की उन्नत तकनीक व योजनाओं की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी) । किसानों के हितार्थ 29 मई से 12 जून तक आयोजित हो रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग द्वारा जिले की पंचायत समिति कोटपूतली के ग्राम नारहेडा, खडब व चुरी में केवीके गोनेडा और बानसूर के ग्राम देवसन, हरसौरा व माजरा अहीर तथा बहरोड के ग्राम खोर, बसई व नांगल खोडिया में केवीके बानसूर के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकी, प्राकृतिक खेती की विधियों की जानकारी किसानों को देते हुये मृदा स्वास्थय कार्ड के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग, कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से बता कर जानकारी दी गई। अभियान में किसानों के साथ-साथ महिला किसानों नवाचारी एवं प्रगतिशील किसानों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर मौके पर ही किसानों की खेती से संबधित तकनीकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। अभियान में नवाचारी व प्रगतिशील किसानों द्वारा अनुभव भी साझा किये गये। किसानों द्वारा उत्साहित होकर अभियान में भाग लेते हुये बताया गया कि ऐसे कार्यक्रम से स्थानीय स्तर पर ही अच्छी जानकारी प्राप्त हो रही है व समस्याओं का समाधान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा है।अभियान के दौरान कस्टम हायरिंग केन्द्रों राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। संयुक्त निदेशक कृषि (वि0) कोटपूतली-बहरोड़ ने जिले के किसानों को अधिक से अधिक संख्या में स्थानीय स्तर पर 29 मई से 12 जून तक आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान में भाग लेने व मौके पर ही खेती से जुड़ी जानकारी तथा तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राप्त करने का आग्रह किया।

## इंजीनियरिंग छात्र ने सुसाइड नोट में लिख खाया जहर

### सुसाइड नोट में लिखा मां मुझे माफ करना, काबिल बेटा नहीं बन पाया, लालच में आ गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विधायकपुरी थाना इलाके में एक इंजीनियरिंग छात्र ने जहर खाकर होटल में आत्महत्या कर लिया। होटल स्टाफ रूम में चाय देने पहुंचा तो दरवाजा नहीं लिखा। मैनेजर को सूचना देने के बाद दूसरी चाबी से दरवाजा खोला गया। युवक का शव जमीन पर पड़ा था। मौके पर सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में लिखा है कि मां मुझे माफ करना, मैं आपका काबिल बेटा नहीं बन पाया। मैं किसी के लालच में आ गया था। 4 लाख रुपए उन लोगों को ट्रांसफर कर दिए। थानाधिकारी बीएल मीणा ने बताया कि थाना इलाक में स्थित होटल चूरू से फोन आया कि उनके होटल में रुके हुए एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। उसका शव कमरे में पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम को मौके से सुसाइड नोट, युवक के कपड़े, मोबाइल मिले। जहां युवक की पहचान सत्यम कुमार सिंह निवासी मोतिहारी पूर्वी चम्पारण (बिहार) के रूप में हुई। युवक जयपुर में स्थित जगन्नाथ यूनिवर्सिटी में बीटेक सेकेंड ईयर का छात्र है। युवक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। मृतक के परिवार को घटना की जानकारी दे दी हैं। शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चश्री में रखवा दिया गया है। शुक्रवार को परिजनों के आने के बाद मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिवार से अगर कोई रिपोर्ट पुलिस को मिलती है तो रिपोर्ट लेकर एफआईआर दर्ज कर जांच की जाएगी। युवक ने जहर खाकर अपनी जान दी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही आगे की जांच में कुछ कहा जा सकेगा।

## भूमाफियाओं ने सरपंच को लाठी-डंडों से पीट तोड़े हाथ-पैर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। शिवदासपुरा थाना इलाके में बदमाशों ने आकोदिया सरपंच पर लाठी और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। सरपंच के दोनों पैर और एक हाथ तोड़ दिया। आरोप है कि हमले के दौरान पुलिस भी कुछ ही दूरी पर थी, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया। जानकारी के अनुसार भादरवास गांव स्थित आबादी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस जमीन से कब्जा हटाने के लिए सरपंच अर्जुनलाल मीणा ने कई बार प्रशासन और पुलिस को पत्र लिखकर जाब्ता मांगा। लेकिन जाब्ता नहीं मिलने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। बुधवार को अतिक्रमण हटाने के लिए जाब्ता मिल गया था। सरपंच अर्जुन लाल मीणा, पंचायत सचिव घनश्याम, ड्राइवर हेमराज और एक अन्य व्यक्ति चेतन गांव के पास पहुंच गए। यहां थड़ी पर बैठकर चाय पीने लगे। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो में करीब आठ लोग, ऑल्टो कार में पांच और तीन बाइक पर दो-दो युवक पहुंचे। इन सभी पर हमला कर दिया। लाठी डंडों से वार किए। सरपंच के दोनों पैर और बायां हाथ तोड़ दिया गया।

**पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग:** सरपंच पर हमले के बाद करीब 300 लोगों ने शिवदासपुरा थाने का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने उस दौरान एक्शन लिया होता तो सरपंच पर हमला नहीं होता। साथ ही हमला करने आए लोग भी पकड़े जाते। पुलिस की मिलीभगत से यह सब हुआ।

# श्रद्धालु महिलाओं ने उत्साह के साथ धूमधाम से निकाली मंगल कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) ।** कोटपूतली- बहरोड़ जिले के बर्डोद।कस्बे के अलवर बहरोड़ स्टेट हाइवे अलवर रोड पर बेरापुर की ढाणी में स्थित हनुमान मन्दिर पर मन्दिर कमेटी व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया गया। महोत्सव कार्यक्रम में गुरुवार को विधिवित रूप से मंत्रोच्चार के साथ वरुण देव की विशेष पूजा अर्चमा के उपरान्त श्रद्धालु महिलाओं 121 कलशों की धूमधाम से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियों पर उत्साह के साथ नृत्य करते हुए, थिरकते हुए, कलश शोभा यात्रा निकाली।मंगल यात्रा मन्दिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर, कस्बे के मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए , पुन: मन्दिर स्थल पर सम्पन्न हुई। मन्दिर महन्त हरिराम सैनी ने बताया कि शुक्रवार को हवन यज्ञ को पुर्णाहुति के साथ संपन्न कर, परसादी का भोग लगा। भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही धार्मिक भजन व रागनी गायक कलाकारों द्वारा बाबा की महिमाओं का गुणगान किया जाएगा। इस मौके पर चामुंडा मन्दिर महन्त अयोध्यागिरी महाराज, भगवान सहाय सैनी, राधेश्याम सैनी, राजेश कुमार कैलाश चन्द, लक्ष्मीनारायण खेमचंद, मुकेश सहित मन्दिर कमेटी के लोगों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## गोविंद देवजी मंदिर में हुआ पेंटिंग प्रदर्शनी और स्वच्छता कैंपेन का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नगर निगम हेरिटेज, डिजिटल बाल मेला और फ्यूचर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला प्रदर्शनी और स्वच्छता कैंपेन गुरूवार को आयोजित हुआ। प्रदर्शनी और कैंपेन की शुरूआत गोविंद देवजी मंदिर प्रांगण में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ.जितेंद्र कुमार सोनी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस स्वच्छता कैम्पैन में हेरिटेज नगर निगम के कमिश्नर अरूण हसीजा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम %कौन बनेगा बाल पार्षद% अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार सोनी ने बच्चों की प्रदर्शनी को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि शहर को साफ रखने में बच्चों का बड़ा योगदान है। वही नगर निगम के कमिश्नर अरुण हसीजा ने इस पहल को जमकर सराहा। डिजिटल बाल मेला की जान्हवी शर्मा ने बताया कि बच्चों ने पेंटिंग प्रदर्शनी में अपने शहर को सुंदर रखने का संदेश दिया। साथ ही चित्रों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया। इसके साथ ही मंदिर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी भी लोगों के साथ साझा की गई।

बता दें कि कौन बनेगा बाल पार्षद अभियान के तहत हर वार्ड में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान बच्चों की ओर से चलाया जा रहा है। जल्द ही बाल पार्षदों की एक विशेष साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की जाएगी।

## सूने मकानों में नकबजनी करने वाला शातिर नकबजन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और उसके पास से चोरी की गई 430 ग्राम चांदी और 39 .19 ग्राम सोना सहित वारदात तके प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपित चोरी करने से पहले दिन में कॉलोनी-मोहल्लों में घूमकर ताले लगे सूनसान मकानों की रेकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम देता था। वहीं चोरी किए गए सोने-चांद के जेवरात की पहचान छुपाने के लिए स्वयं की उन्हें गला देता था। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों का खुलासा किया गया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन 41 वर्षीय जितेन्द्र सोनी नवलगढ़ जिला झुंझुनू हाल झोटवाडा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 430 ग्राम चांदी और 39 .19 ग्राम सोना सहित वारदात तके प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन बरामद किया है।

# शुक्र ग्रह करेंगे मेष राशि में गोचर : कई राशियों की चमकेगी किस्मत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** शुक्र मीन राशि की अपनी यात्रा को विराम देते हुए 31 मई को मंगल की राशि मेष में गोचर करने के वाले हैं। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को सुख, भोग-विलास, सौंदर्य, कला, साहित्य और भौतिक सुख-सुविधाओं का कारक ग्रह माना जाता है। शुक्र का संबंध पुरुष और स्त्रियों के सुख-सुविधाओं से होता है। जातक की जन्म कुंडली में शुक्र ग्रह की स्थिति बहुत ही महत्वपूर्ण और खास होती है। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि जिन जातकों की कुंडली में शुक्र ग्रह शुभ स्थान पर बैठे होते हैं उन्हे जीवन में हर एक तरह की सुख-सुविधाएं और धन की प्राप्ति होती है। शुक्र ग्रह विवाह के कारक ग्रह भी हैं, अगर यह शुभ स्थान पर बैठे हैं तो व्यक्ति के जीवन में हर तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। शुक्र के मेष राशि में गोचर करने से कई राशि वालों को इसका लाभ मिल सकता है।

**ये रहेंगी भाग्यशाली राशियां**

**मेष राशि**- मेष राशि के जातकों के लिए शुक्र दूसरे और सातवें भाव के स्वामी होते हैं और अब 31 मई को इनका गोचर मेष राशि में होने से यह आपके लग्न यानी पहले भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में यह आपके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में निखार लाएगा। धन प्राप्ति के साधनों में वृद्धि होगी। अचानक धन लाभ कुछ अच्छे मौके मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा खासा सुधार देखने को मिलेगा।

**मिथुन राशि**- मिथुन राशि के जातकों के लिए शुक्र पांचवे और बारहवें भाव के स्वामी ग्रह होते हैं। यह 31 मई को गोचर करने से आपके 11वें भाव में गोचर करेंगे। कुंडली का यह ग्यारहवां भाव लाभ और आय का होता है। लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। व्यापार में अच्छा खास मुनाफा हासिल करने में सफल होंगे। करियर की बात करें तो नौकरी में अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। आप पैसों की बचत करने में कामयाब होंगे।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के लिए शुक्र ग्रह चौथे और ग्यारहवें भाव के स्वामी होते हैं और अब जब इनका गोचर 31 मई को मेष राशि में होगा तब यह आपके दसवें भाव में होगा। दशम भाव में शुक्र के गोचर करने से आपके लिए नौकरी में बदलाव के संकेत हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान आपके खर्चों में बढ़ोतरी के संकेत हैं। धन के मामले में आपको चिंता करने की जरूरत नहीं होगी।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए शुक्र ग्रह छठे और ग्यारहवें भाव के स्वामी होते हैं और 31 मई को यह आपके पंचम भाव में गोचर करने जा रहे हैं। पंचम भाव में गोचर करने से करियर में आपको मनचाहा लाभ मिल सकता है। कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। व्यापार में लाभ और नई योजना पर काम करने का मौका मिलेगा।

## सम्पादकीय

# स्वदेशी लड़ाकू विमान निर्माण में निजी क्षेत्र और एचएएल

भारत लंबे समय से पांचवीं पीढ़ी का स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस परियोजना को एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट या एएमसीए का नाम दिया गया है। वर्ष 2010 में दो इंजन वाले स्टेल्थ विमान को लेकर पहला व्यवहार्यता अध्ययन किया गया था, तब से ही यह माना जाता रहा है कि इसे प्राथमिक तौर पर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) नामक सरकारी कंपनी बनाएगी जिसका मुख्यालय बेंगलूरु में है। लेकिन रक्षा मंत्रालय ने इस सप्ताह एएमसीए कार्यक्रम के लिए एक क्रियान्वयन मॉडल को मंजूरी दी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी इस परियोजना की निगरानी करेगी लेकिन इसे बनाने की प्रक्रिया में निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों को अवसर मिलेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो भारतीय निजी कंपनियों को यह इजाजत होगी कि वे विमान के निर्माण और उसके विकास से संबंधित निविदाओं में बोली लगा सकें। हालांकि अभी केवल एक प्रारंभिक मॉडल यानी प्रोटोटाइप ही बनाए जाने की उम्मीद है। उन्हें यह इजाजत भी होगी कि वे बोली लगाने से पहले संयुक्त उपक्रम या कंसोर्टियम बना सकें। मंत्रालय का मानना है कि यह देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के विकास और मजबूत घरेलू वैमानिक औद्योगिक पारिस्थितिकी के विकास की दिशा में एक अहम कदम होगा और यह अनुमान सटीक प्रतीत होता है। एचएएल के एकाधिकार का अंत यकीनन एक अच्छी बात है और यह खबर स्वागतयोग्य है कि रक्षा मंत्रालय ने मार्च में प्रस्तुत एक रिपोर्ट की अनुशंसाओं को लेकर इतनी तेजी से काम किया है। रिपोर्ट में कहा गया था कि सैन्य विमान के निर्माण में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाई जानी चाहिए। सैन्य बलों के शीर्ष नेतृत्व की एचएएल से असंतुष्टि कोई छिपी हुई बात नहीं है लेकिन यह पहला मौका है जब मंत्रालय के सर्वोच्च स्तर से इस भावना के अनुरूप कदम बढ़ाया गया है। चाहे जो भी हो एचएएल को इस समय तेजस की आपूर्ति सुनिश्चित करने में व्यस्त होना चाहिए। यह गत वित्त वर्ष में वादे के मुताबिक 80 से अधिक लड़ाकू विमानों की आपूर्ति नहीं कर पाया था। उसे हाल ही में 156 प्रचंड हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों का भी ऑर्डर मिला है जो उसका अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। सरकारी विमान संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए एचएएल को स्वाभाविक क्रियान्वयन एजेंसी मानना समाप्त करने की जरूरत बहुत लंबे समय से थी। देश में विमान निर्माण के लिए व्यापक तंत्र राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अहम तो है ही इसके विनिर्माण के क्षेत्र में अन्य सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलेंगे। ऐसा नहीं है कि देश में पहले से ऐसी इंजीनियरिंग क्षमता और विशेषज्ञता मौजूद नहीं है, भारतीय कंपनियों ने अतीत में निर्माण गुणवत्ता को लेकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। तेजस के कई कलपुर्जे भी देश में बनाए जा रहे हैं। इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि एचएएल के काम में होने वाली देरी हमेशा या पूरी तरह कंपनी की ही गलती नहीं होती। कई बार उसे आपूर्ति श्रृंखला की दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए तेजस में लगने वाले जीई इंजन का मामला। कई मौकों पर उसे ग्राहक यानी सेना की बदलती जरूरतों से निपटना होता है। कई बार सेना की मांग ही इतनी अधिक होती है जो हकीकत से परे हो।

सेना की अन्य शाखाओं ने हथियारों से संबंधित प्लेटफॉर्म के निर्माण में निजी क्षेत्र की भूमिका के विस्तार करने के प्रयास किए हैं। परंतु इन्हें हमेशा कामयाबी नहीं हासिल हुई क्योंकि सरकार अक्सर कंपनियों द्वारा बड़े निवेश को वाजिब ठहराने के लिए आवश्यक आकार और अनुबंध आवंटन में लगने वाले समय को लेकर सतर्क रहती है। निजी क्षेत्र से निपटने के लिए उसे अपने ही मानकों से भी निपटना होगा। केवल सरकारी खरीद को औपचारिक रूप से खोल देने से बात नहीं बनेगी, मानसिकता में बदलाव भी आवश्यक है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 30 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैंड के एसेक्स में 1381 में किसानों का विद्रोह शुरु किया।
- कोलंबस 1498 को तीसरी बार 6 जहाज के साथ अमेरिका की यात्रा पर निकला।
- स्पेन के हर्नान्डो डी सोटो ने 1539 में फ्लोरिडा की खोज की।
- स्पेन और नीदरलैंड ने 1646 में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- उदन्त मार्तण्ड पहली हिन्दी समाचार पत्र की शुरुआत 1826 में हुई इसलिए 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस भी मनाया जाता है।
- उत्तर प्रदेश के देवबंद में दार-उल-उलूम की स्थापना 1867 में हुई।
- अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में 1896 में पहली ऑटोमोबाइल दुर्घटना हुई।
- रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1919 में जालियांवाला बाग नरसंहार के विरोध में 'सर' की उपाधि वापस की।
- वॉशिंगटन डीसी 1922 में लिंकन स्मारक समर्पित किया गया।
- पूर्वी जर्मन संविधान को 1949 में माना गया।
- अमेरिकी विमानों ने 1966 में उत्तरी वियतनाम पर बमबारी की।
- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का 1975 में गठन हुआ।
- बांग्लादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान की 1981 में हत्या हुई।
- गोवा 1987 में देश का 25वां पूर्ण राज्य बना।
- 6 वर्षीय बालक गेधुन चोकी नाइया को 1996 में नया पंचेन लामा चुना गया।
- उत्तरी अफगानिस्तान 1998 में आये भीषण भूकंप में 5000 लोगों की मौत।
- नेपाल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री लोकेन्द्र बहादुर चंद ने 2003 में इस्तीफ़ा दिया।
- सऊदी अरब में बंधक संकट 2004 में समाप्त हुआ, लेकिन दो भारतीयों सहित 22 की हत्या हुई।
- सुजाना मेटल प्रोडक्ट लिमिटेड ने 2008 में विशाखापट्टनम में 180 करोड़ रुपये की लागत से तीन स्टील इकाईयों का अधिग्रहण किया।
- अफ़ग़ानिस्तान में एक ज़िले पर 2008 में तालिबान ने क़ब्ज़ा किया।
- विश्वनाथन आनंद 2012 में पाँचवीं बार विश्व शतरंज चैंपियन बने।
- स्टार बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक 2015 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

### 30 मई को जन्मे व्यक्ति

- भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के सुप्रसिद्ध कथा, पटकथा और कहानी लेखक पण्डित मुखराम शर्मा का जन्म 1909 में हुआ।
- अमेरिकी लेखक हल क्लिमेंट का जन्म 1922 में हुआ।
- पुदुचेरी के 10वें मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी का जन्म 1947 में हुआ।


### 30 मई को हुए निधन

- सिक्खों के पाँचवें गुरु गुरु अर्जन देव का निधन 1606 में हुआ।
- 'भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन' के पुरोधा एवं मानवता के पुजारी और राष्ट्रवाद के अग्रदूत उमाशंकर दीक्षित का निधन 1991 में हुआ।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विशेष

# खबरों के साधन बढ़े पर खबर का स्तर गिरा

**पत्रकारिता के नए हाल पर न्यूज पोर्टल और यूटयूब चैनल पर चलती फर्जी खबरों का लेकर देश के लगभग 20 अखबारों ने एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत वे प्रचार कर रहे हैं कि न्यूज पक्की और सच्ची खबर-प्रिंट मतलब पक्का सबूत। इन्होंने ये अभियान तो शुरू किया किंतु अभियान चलाते समय वे ये भूल गए कि वे भी फेसबुक और यूटयूब चैनल चला रहे हैं,इतना जरूर है कि इनके पास प्रोफेशनल की टीम है, इसलिए इनकी खबरें ज्यादा प्रभाणित है, ज्यादा विश्वसनीय हैं।**



अशोक मधुप

भारत म पत्रकारिता एक समय पर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानी जाती थी। समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसकी भूमिका अविस्मरणीय रही है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास क्यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं, पर पत्रकारिता क्यों सिकुड़ रही है?आज फेसबुक पत्रकार, न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार ,यूटयूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आन लाइन समाचार पत्रों की रोज गिनती बढ़ती जा रही है। जिसे देखो पत्रकारिता कर रहा है।इतना सब होने के बावजूद पिछले कुछ साल में खबर की विश्वसनीय घटी है। पत्रकारिता का स्तर गिरा है।पत्रकार का सम्मान घटा है।पहले माना जाता कि अखबार में छपा है तो सही होगा ,किंतु मीडिया में आई खबर की आज कोई गारंटी देने को तैयार नहीं। आज का पत्रकार खबर लिख रहा है किंतु खबर की गांरटी से भाग रहा है। वह यह दावा करने को कोई तैयार नही कि जो खबर उसने लिखी है, वह सही है। विश्वनीय है। जब तक खबरों को चेहरों से बड़ा नहीं समझा जाएगा और पत्रकारिता को फिर से जनसेवा के रूप में नहीं देखा जाएगा, तब तक यह गिरावट जारी रह सकती है।

पत्रकारिता कभी मिशन था। आजादी के आंदेलन तक मिशन रहा। धीरे- धीरे इसमें व्यापारी आने लगे।औद्योगिक घराने उतर गए।इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। ये व्यापार करने लगे।वह छापने लगे जिस्से इन्हें लाभ हो।इन्होंने पत्रकारिता और अखबारों के नाम पर दुकाने खोल लीं। लेकिन इन्होंने समाज की जरूरतों का ध्यान रखा। करोड़ों रूपये लगाकर ये सर्वे कराते कि किस उम्र का पाठक क्या पढ़ना चाहता है,उस रिपोर्ट के आधार पर ये खबरे कराते। लेख लिखाते।बस अपने हितों का ध्यान रखते।इन प्रतिष्ठानों को पैसा मिलने लगा तो इनसे जुड़े पत्रकारों और कर्मचारियों को आकर्षक वेतन और कमीशन मिलने लगे। मिशन की भावना पत्रकारिता से गायब हो गई।मीडिया संस्थान अब स्वतंत्र नहीं रहे। बड़े मीडिया हाउस कॉरपोरेट पूंजी से संचालित हो रहे हैं और कई बार सरकार के नजदीक दिखते हैं। इससे खबरों की निष्पक्षता और निर्भीकता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।नतीजा—जांच रिपोर्टिंग, जमीनी सच्चाई और सत्ता से सवाल पूछने की परंपरा लगभग गायब होती जा रही है।

गांव देहात से छोटे - मोटे पत्रकार अब भी मिशन के तहत लगे थे। डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम के किस्से भी स्थानीय ऐसे ही एक सांध्य दैनिक समाचार पत्र से प्रकाश में आए। सिरसा के सांध्य दैनिक %पूरा सच% के संपादक रामचंद्र छत्रपति, राम रहीम और डेरा सच्चा सौदा पर आश्रम में होरही खबरें लिख रहे थे । वहां हो रहे कारनामों का भांडाफोड़ कर रहे थे। उन रामचंद्र छत्रपति को गोलियां मारी गईं। हत्या करा दी गई। आरोप राम रहीम पर आया।सीबीआई जांच हुई और अपराध साबित हुआ। समय तेजी से बदल रहा है। आज पत्रकार अपना न्यूज पोर्टल ही नही चला रहे। यूटयूब् चैनल चला रहे है। फेसबुक लाइव पर लगे है।रोज नए ब्लागर पैदा हो रहे है।आज का पत्रकार खुद एक 'ब्रांड' बन चुका है। सोशल मीडिया ने रिपोर्टिंग को व्यक्ति-केंद्रित बना दिया है। पहले खबरें केंद्र में होती थीं, अब पत्रकार। टीवी डिबेट्स और यूट्यूब चैनलों पर पत्रकार अपनी पहचान, विचारधारा और नाटकीयता को प्राथमिकता देते हैं। खबर से ज़्यादा चर्चित चेहरा बनना आज का लक्ष्य बन गया है। पहले विज्ञापन के लिए उद्योगपतियों की ओर देखना पड़ता था, अब ऐसा नही है। अब आपकी साम्रग्री के हिसाब से गूगल भुगतान कर रहा है। जिनकी सामग्री अलग और नई है, वे मौज ले रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान ये हुआ कि कुछ अपने लाइक लेने , व्यूज और टीआरपी की दौड़ में मीडिया अतिंरजित खबरे चला रहा है। उसे खबरों के पुष्ट करने का समय नही।फर्जी खबरे चल रही हैं। अभी आपरेशन सिंदूर के दौरान किसी ने खबर चला दी कि भारतीय सैना पाकिस्तान में प्रवेश कर गई तो एक ने चला दिया कि भारत का लाहौर पर कब्जा हो गया।जबकि ऐसा कुछ नही था। डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज़ ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप, और 'डिबेट तमाशा' ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना, और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है। एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकृषित करन में लगे हैं। खबरों के हैंडिग गलत लगाकर पाठक को खबर पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि खबरों में हैंडिंग के अनुरूप कुछ नही होता।इससे पत्रकारिता का स्तर और विश्वसनीयता तेजी से गिर रही है।अखबारों में झूठी खबरों को रोका जाता था।कोशिश रहती कि खबरों की विश्वसनीयता बनी रहे। व्यक्तिवादी तंत्र में अब ऐसा नही हो रहा। जल्दी दिखाने की होड़ में और टीआरपी बटोरने के लिए आधी- अधूरी खबरे चलने लगी है।मुंबई पर आतंकवादी हमले और कंधार विमान अपहरण कांड के दौरान मीडिया ने कुछ ऐसी खबरे चलाईं जिससे दुश्मन और आंतकवादियों को ज्यादा लाभ हुआ। इन्होंने देश हित नही देखा।मुंबई हमले को चैनल द्वारा लाइव दिखाने के कारण पाकिस्तान में बैठे हमलावरों के आका चैनल देखकर आंतकवादियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। इसकी आलोचना भी हुई। मीडिया के लिए दिशा -निर्देश बनाने की मांग भी हुई। धीरे- धीरे गांव-कस्बों की खबरें गायब हो चुकी हैं। रिपोर्टर अब स्टूडियो में बैठकर %नेरेटिव% बनाते हैं। ग्राउंड पर जाने की ज़हमत नहीं उठाते। इससे पत्रकारिता का मूल उद्देश्य—जनता की आवाज़ को मंच देना—कमज़ोर हो गया है।

# कुर्सी नहीं, जिम्मेदारी निभाई है - मोदी सरकार ने किसानों की बात बनाई है



प्रो. आरके जैन

**जब देश के करोड़ों किसानों की आंखों में भरोसे की लौ जलती है और उनके होंठों पर मुस्कान खिलती है, तो समझिए कि देश की बागडोर उन हाथों में है जो सिर्फ कुर्सी नहीं, ज़िम्मेदारी संभालते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि 'किसान कल्याण' उनके लिए महज एक नारा नहीं, बल्कि एक पवित्र संकल्प है, जिसे वे हर सांस के साथ निभा रहे हैं।**

हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसले न केवल किसानों के लिए एक तोहफा हैं, बल्कि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक साहसिक दस्तावेज हैं। 2025-26 के खरीफ विपणन सत्र के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 50 फीसदी तक की अभूतपूर्व वृद्धि और ब्याज सहायता योजना की निरंतरता ने यह साबित कर दिया है कि मोदी सरकार का हर कदम किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि के लिए है। यह लेख उस ऐतिहासिक प्रयास को नमन है, जो भारत के खेत-खलिहानों को आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया सूरज दिखा रहा है। मोदी सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के लिए 14 प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी वृद्धि को मंजूरी दी है, जिसका अनुमानित वित्तीय प्रभाव 2.07 लाख करोड़ रुपये है। यह कोई साधारण फैसला नहीं, बल्कि भारत के कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। धान, जो भारत की रसोई का आधार है, इसका एमएसपी 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 प्रति क्विंटल (सामान्य धान) और 2,389 प्रति क्विंटल (ग्रेड-ए धान) कर दिया गया है। यह वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में 69 प्रति क्विंटल की है, जो किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने का एक ठोस प्रयास है।दालों और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। अरहर का एमएसपी 450 की बढ़ोतरी के साथ 8,000 प्रति क्विंटल, उड़द का 400 की वृद्धि के साथ 7,800 प्रति क्विंटल, और मूंग का 86 की बढ़त के साथ 8,768 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, नाइजरसीड, रागी, कपास और तिल जैसी फसलों के एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है, जो सरकार की उस नीति को दर्शाता है जो दालों, तिलहन और पोषक अनाजों को प्रोत्साहन दे रही है। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि उन लाखों किसानों के आत्मसम्मान की कहानी है, जिनके लिए खेती सिर्फ आजीविका नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यह वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 के उस ऐतिहासिक वादे का परिणाम है, जिसमें सरकार ने एमएसपी को उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना करने का संकल्प लिया था। बाजरा (63त्न), मक्का और तुअर (59त्न), और उड़द (53त्न) जैसी फसलों के लिए लागत पर उच्च मार्जिन सुनिश्चित करना इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार न केवल वादे करती है, बल्कि उन्हें हकीकत में बदलने का जज्बा भी रखती है। यह नीति न केवल आर्थिक लाभ देगी, बल्कि फसल विविधीकरण को बढ़ावा देकर भारत को तिलहन और दालों में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मोदी सरकार की दूरदर्शिता केवल एमएसपी तक सीमित नहीं है। खेती के लिए पूंजी की आवश्यकता को समझते हुए सरकार ने संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 तक जारी रखने का फैसला किया है। इस योजना के तहत, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख तक का अल्पकालिक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं लोगों की रक्त देकर व दिलवाकर जान बचाने वाले रक्तवीर मूलचन्द जांगिड़। इनका जन्म 5 जून 1984 को गांव लिसाना खैरथल में हुआ। कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव लिसाना खैरथल से की । कक्षा 5 से 8 तक की पढाई राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मीरका बसई किशनगढबास से की। 9 से 10 की शिक्षा न्यू हाई सेकेंडरी खैरथल से ली। उसके बाद सरकारी आईटीआई काली मोरी अलवर से की। पिछले 2011 से समाज सेवा को समर्पित, लाईफ सेवर टीम की उपलब्धियां अनन्त रही हैं और समाजिक सेवाओं में मूलचन्द किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। 5 राष्ट्रस्तरीय अवॉर्ड ,3 राजस्थान सरकार द्वारा, 5 पत्रकारिता विभाग के द्वारा,7 राज्यस्तरीय अवॉर्ड,5 जिला प्रशासन द्वारा,17 जिलास्तरीय अवॉर्ड, 55 स्थानीय संस्थाओं द्वारा,अनुमान से अब तक 3900 जर्सीओं का वितरण राजकीय विद्यालयों, 11500 स्वैच्छिक रक्तदान,15400 मरीजों की ब्लड व्यवस्था, 550 एसडीपी प्लेटलेट्स अन्य केस में , 730 एसडीपी प्लेटलेट्स की व्यवस्था डेंगू महामारी के दौरान कराई , टीम से जुड़े प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सदस्य, रक्तदाता, एवम सहयोगी , 100 रक्तदाता 24 गुणा 7 रक्तदान के लिए तैयार रहते है, 450 निरंतर रक्तदाता, 3500 ऑल इंडिया सहयोगी रक्तदाता, आज भी कहीं रक्त की आवश्यक्ता पड़े तो मूलचन्द खड़े मिलते हैं टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे युवा जोशीले नौजवान के उज्जलव भविष्य की कामना करती है।



मूलचन्द जांगिड़
( रक्तवीर )

**रूपक शर्मा**

## 2025_008
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 8 |
| | | | | 6 | | 4 | 9 | |
| 1 | | | | | 5 | | 3 | |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| 6 | | | | | | | | 3 |
| | 4 | | | 3 | | 9 | | |
| | 9 | | 5 | | | | | 6 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | | |
| 2 | | | | | 7 | | | |

### Ans_2025_007

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**वृष**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**मिथुन**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**कर्क**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें।

**सिंह**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**कन्या**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**तुला**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**धनु**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

**मकर**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**कुंभ**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**मीन**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# घातक रसायनों का खेल केमिकल से पकाए जा रहे फल

## कोल्ड स्टोरेजो व गोदामो का किया औचक निरीक्षण व मौके पर ही की केमिकल्स की जांच, फलों के लिए जा रहे नमूने, चिकित्सा विभाग की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही कर दो दिनों में 30 नमूने लिए गए हैं। कोल्ड स्टोरेजो व गोदामो का औचक निरीक्षण कर मौके पर ही की केमिकल्स की जांच की जा रही है। आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत शहर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा दल द्वारा कार्यवाही की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम ने गंगापुर सिटी शहर में रीको इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित लक्ष्मी बनाना कोल्ड स्टोरेज, गोला फ्रूट कंपनी (महाकाल), नई सब्ज़ी मण्डी गंगापुर सिटी स्थित उस्मानी फ्रूट कम्पनी और रमजानी फ्रूट कम्पनी का औचक निरीक्षण किया तथा वहाँ से फलों के नमूने लेकर जाँच हेतु खाद्य प्रयोगशाला जयपुर के लिए भिजवाए। जिसकी जाँच मौके पर ही की गई। जांच में सभी जगह पाया गया कि सभी जगह पर एफ़एसएसएआई से एप्रूव्ड इथाइलीन द्वारा फलों को पकाया जा रहा है। किसी भी जगह पर कार्बाइड या एसिटीलीन द्वारा फलों को नही पकाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान फल सब्ज़ियों को



प्रतिबंधित रसायनों से पकाए जाते हुए पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोरतम कार्रवाई किये जाने का प्रावधान है। सीएमएचओ ने बताया कि विदेशी फलो को लंबे समय तक ताज़ा व आर्टिफिशियल चमक बनाये रखने के लिए विशेष कर सेब पर वैक्स कोटिंग की शिकायत भी मिलने पर, उसकी जाँच हेतु फलो के नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

तरबूज व खरबूजो में कृत्रिम मिठास के लिए सैकरीन के इंजेक्शन व तरबूज़ को आर्टिफिशियल लाल करने के लिए विभिन्न प्रकार के कैमिकल कलर का उपयोग तो नही किया जा रहा इसकी भी जाँच की जाएगी। इन केमिकल्स के कारण केंसर,अल्सर व श्वसन संबंधी समस्याएं होती है।

**फलों व सब्जियों के 30 नमूने लिए :** गंगापुरसिटी से फलों के कुल 12 नमूने केले, आम, अंगूर, संतरा, पपीता, तरबूज, अनार के लिए गए। इससे पूर्व सवाई माधोपुर सब्जी मण्डी व रीको क्षेत्र के होलसेलर, रिटेलरों व कोल्डस्टोरेज गोदामो से 18 नमूनें विभिन्न फलों व सब्ज़ियों के लिए गए। विबजग द्वारा अब तक कुल 30 नमूनें खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिए जाकर खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए जा चुके हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## 11 मंडल अध्यक्ष किए नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन को गतिशील बनाने एवं युवाओं को आगे लाने के उद्धेश्य से प्रत्येक विधानसभा स्तर पर 11 मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गोगाराम जाट ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इनमें मालपुरा क्षेत्र के पचेवर मंडल के लिए रामेश्वर चौधरी, सोड़ा मंडल के लिए विनोद कुमार सैनी, लावा मंडल के लिए सुरेश कुमार मीणा, लाम्बाहरिसिंह मंडल के लिए मुकेश कुमार माली, डिग्गी मंडल के लिए सत्यनारायण गुर्जर, राजपुरा मंडल के लिए बाबूलाल बैरवा, टोरड़ी मंडल के लिए मुकेश चौधरी, मालपुरा शहर के लिए एडवोकेट राजेन्द्र राज पुरोहित मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा टोडारायसिंह क्षेत्र के बांटूंडा मंडल के लिए राजाराम पोशवाल, मान्दोलाई मंडल के लिए कुलदीप सिंह गंगवाल तथा टोडारायसिंह शहर के लिए रतनलाल वर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

# किसानो का सर्वांगीण विकास केन्द्र सरकार का मुख्य संकल्प : चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्रीय सरकार देश के किसानो का सर्वांगीण विकास का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है।

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी गुरूवार को केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर एवं लावा ग्राम में केन्द्रीय सरकार की ओर से किसानो के विकास, किसनो को उन्नत कृषि तकनीक का ज्ञान देने के उद्धेश्य से केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह की पहल एवं नेतृत्व में केन्द्रीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से 15 दिन के विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जलदाय मंत्री चौधरी ने कहा कि किसान विकसित होगा तब ही देश विकासशील देशो की श्रेणी में आएगा। इसी के चलते देश के शहरो एवं गांवो में बसने वाले किसानो तक कृषि की उन्नत एवं कम खर्चे वाली तकनीको को उनके घरो तक पहंचाने के उद्धेश्य से अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्धेश्य देश के किसानो का सर्वांगीण विकास कर देश के विकास की मुख्य धारा में शामिल करना है। समारोह में अभियान के बारे में जानकारी देते अभियान के प्रदेश कोर्डिनेटर एवं संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि अभियान के दौरान वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिको के दल गांव गांव ढाणी ढाणी पहुंच कर किसानो को उन्नत खेती एवं कम खेर्चे में अधिक उत्पादन लेने के उपायो की जानकारी देकर इनके उपयेग के लिए प्रेरित करेगें। यह अभियान आगामी 15 दिन तक चलेगा। अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रमो के मौजुद वैज्ञानिको ने अपने विचार प्रकट कर केन्द्रीय सरकार की ओर किसान कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देकर इनसे लाभान्वित होने के बारे में बताया।

कार्यक्रम के दौरान खरीफ की फसलो की वैज्ञानिक खेती पर आधारित विशेष पत्रिका का विमोचन किया गया। वहीं आयोजको की ओर से समारोह के मुख्य अतिथि की अगवानी कर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया।

# सवाई माधोपुर जिले में चला विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025, किसानों में दिखा उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित विकसित भारत 2047 के अंतर्गत देशभर में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत सवाई माधोपुर जिले के विभिन्न गाँवों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



यह अभियान किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं, और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि विभाग वैज्ञानिक व अधिकारियों डॉ भँवर ढाका ने बताया कि गुरुवार प्रात: 9.30 बजे कृषि विज्ञान केंद्र, सवाई माधोपुर में एक भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें %विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष,अमर सिंह, परियोजना निदेशक, आत्मा, राकेश कुमार अटल, संयुक्त निदेशक कृषि, डॉ हेमराज मीणा, उप निदेशक उद्यान, खेमराज मीणा, सहायक निदेशक कृषि, मनोज कुमार मीणा, ज़िला प्रबन्धक इफ्फको, कमाल किशोर पहड़िया सहायक निदेशक कृषि, डॉ भारत लाल मीणा, वरिष्ठ कीट वैज्ञानिक, डॉ चमनदीप कौर, गृह वैज्ञानिक, डॉ सुरेश बैरवा, बागवानी वैज्ञानिक, नेतरम मीणा, सम्पत सिंह मीणा, समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**ये गांव रहे केंद्र में :** इस अभियान के अंतर्गत आज जिले के छह गांवों अजनोटी, दुबी बनास, जटवाड़ा कलाँ, जुवाड़, रवांजना डूंगर, और रवांजना चोड़ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रत्येक गांव में कृषि वैज्ञानिकों, कृषि पर्यवेक्षकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभ, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई।



## प्रताप जयंती पर भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंजी नाटेश्वर नगरी

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** कस्बे के बस स्टेंड पर स्थित तेजाजी धाम परिसर में सर्व समाज जनहित सेवा समिति की ओर से गुरुवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार ज्येष्ठ शुल्क तृतीया तिथि को महाराणा प्रताप जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमें उनकी असाधारण वीरता और अद्वितीय बलिदान की याद दिलाता है।


महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सर्व समाज के लोगों ने पहुंच कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व सीआर एडवोकेट तेजभँवर सिंह राठौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप न केवल मेवाड़ के शासक थे, बल्कि वे भारतीय इतिहास में शौर्य, स्वाभिमान और मातृभूमि प्रेम के प्रतीक भी हैं। महाराणा की वीरता ने मुगलों की नींव हिला दी। अपने घोड़े चेतक के साथ उन्होंने जो साहस दिखाया, वह आज भी भारत के हर कोने में प्रेरणा देता है। आज के दौर में भी जब लोग महाराणा प्रताप का नाम लेते हैं, तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। कार्यक्रम में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में प्रदर्शित साहस की सराहना की। सभी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। तेजाजी मंदिर परिसर महाराणा प्रताप अमर रहे और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। उसके बाद सभी ने प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर रामजी लाल बोकण, श्याम जोशी, संपत बोकण, मुकेश कीर, भगवान जाट, रमेश पालीवाल, सत्यनारायण जाट, कालूराम सैन, राजू गुर्जर, हनुमान जाट सहित अनेक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने की पहल आरएफबीडीपी योजनान्तर्गत 5 विद्यालयों को मिले 350 कुर्सी-टेबल सेट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** उप वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, सुनिल कुमार के निर्देशन में आरएफबीडीपी योजनान्तर्गत एन्ट्री पॉइन्ट एक्टिविटीज के तहत एक सराहनीय पहल की गई। इस पहल के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 5 विद्यालयों को कुल 350 कुर्सी-टेबल सेट भेंट किए गए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण प्राप्त हो सके। इस कार्यक्रम की शुरुआत सहायक वन संरक्षक मनीषा शर्मा द्वारा राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय, डुंडा में प्रधानाचार्य रमेश मीना को 70 कुर्सी-टेबल सेट सौंप कर की गई। इसके पश्चात परियोजना के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिन्जारी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, संग्रामपुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टोरड़ा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, त्रिलोकपुरा को भी प्रत्येक को 70 सेट के अनुसार सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी कैलाश शर्मा, वनपाल ताराचंद यादव (नाका सदर), नर्सरी इंचार्ज महेन्द्र मीना सहित अन्य वन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह पहल न केवल ग्रामीण शिक्षा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि यह वन विभाग की सामाजिक भागीदारी और शिक्षा क्षेत्र में सहयोग की भावना को भी प्रकट करती है। ऐसी सकारात्मक पहलों से ग्रामीण अंचलों में शिक्षा का स्तर और अधिक सुदृढ़ होगा।

## महाराणा प्रताप की 485वीं जयन्ती मनाई



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** श्री राजपूत सभा तहसील मालपुरा के तत्वावधान में अजमेर रोड स्थित श्री राजपूत सभा भवन में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 485वीं जयन्ती मनाई गई। गुरूवार को सभा अध्यक्ष धनसिंह राजावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर मौजूद वक्ताओं ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप की युद्ध नीति, क्षत्रिय धर्म और देश प्रेम की भावनाओं से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही वक्ताओं महाराणा प्रताप के आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। अंत में मौजुद सभी समाजबंधुओं ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्वाजंली देकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली दी।

## आपराधिक मामलों में 15 अपराधियों को गिरफ्तार

### एरिया डोमिनेशन व वांछित अपराधियों के धर पकड़ अभियान के तहत की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** बरोनी थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन व वांछित अपराधियों के धर पकड़ अभियान के तहत 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में चल रहे हअपराधियों के धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने गैर सॉयल धारा 170 में 8 आरोपियों, गिरफ्तारी वारंटी में 4 आरोपियों, एक स्थाई वारंटी, एक आबकारी अधिनियम में वांछित आरोपी व एक हत्या के प्रयास के मामले का आरोपी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बीएनएसएस में मनोज मीणा निवासी ढेकला जिला सवाई माधेपुर, सुनिल बैरवा निवासी हाडीखुर्द, जितेन्द्र बैरवा निवासी हरचन्देडा थाना सदर



टोंक, रामेश्वर जाट निवासी जौंला, सुखलाल मीणा निवासी दूसरी, सूरज जाट निवासी जौंला, पप्पूलाल गुर्जर व महावीरप्रसद गुर्जर निवासी दोताना को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार स्थाई वारंटी दीपक उर्फ दीपचन्द वर्मा निवासी बगडी, आबकारी अधिनियम में वांछित आरोपी रामस्वरूप मीणा निवासी निवाई व हत्या के प्रयास में आरोपी शिवजीलाल मीणा निवासी भंवर सागर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी वारंटी बुद्धराज गुर्जर निवासी मोटूका, बद्रलाल जाट निवासी बगडी, बन्नालाल बैरवा निवासी नला व सांवरमल बैरवा निवासी अनवर खेडा थाना बरोनी को गिरफ्तार किया है।

## वीर सावरकर प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल मालपुरा कें तत्वावधान में वीर सावरकर जी की जयन्ती के अवसर पर अस्पताल रोड तिराहे पर वीर सावरकर सर्किल पर स्थित सावरकर प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की गई। बीति देर शाम सावरकर सर्किल पर भारी संख्या में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपाई मौजुद रहे। मोजुद सभी भाजपाईयो से आव्हान करते हुए शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्द्रवास्या ने कहा कि वीर सावरकर जी को सच्ची श्रद्धाजंली व पुष्पाजंली यही होगी कि हम सब उनके आदर्शो को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें। अंत में सभी मौजुद भाजपाईयो वीर सावरकर जी की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की गई। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, कन्हैयालाल शर्मा, मनीष जैन टोरड़ी, बैजनाथ चौधरी, रामप्रसाद वर्मा,



कृष्णगोपाल तेजी, रामचन्द्र नामा, नोरत बीलवाल, नजरूद्धीन देशवाली, हंसराज साहू, सुरेश शर्मा, बाबूलाल नावरिया, अजय सैनी, विशाल सैनी, पुखराज माहेश्वरी, भगवान सैनी सहित अन्य सैकड़ो भाजपाई मौजुद रहे।

## अजय शर्मा को पितृ शोक, जवानों ने सम्मान के साथ दी सलामी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भारतीय एयरफोर्स से रिटायर्ड पूर्व फोजी राधाकिशन शर्मा खणदेवत का बुधवार की रात को निधन हो गया। अजय शर्मा के पिता स्व. राधाकिशन शर्मा को एयरफोर्स के जवानों द्वारा उनके निवास पर सम्मान के साथ सलामी दी। इस दौरान जवानों ने तिरंगा भेंट कर श्रद्धांजलि दी। सलामी के बाद निवाई झिलाय रोड पर स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कई जवान व नागरिक मौजूद थे।



भारतीय एयरफोर्स से रिटायर्ड पूर्व फोजी राधाकिशन शर्मा को सलामी देते हुए जवान।

## मदनलाल मीणा बने गुंसी मंडल अध्यक्ष, कांग्रेस की कार्यकारणी का हुआ गठन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पूर्व विधायक व प्रदेश सचिव प्रशांत बैरवा की अभिशंषा पर ग्रामीण कार्यकारणी का विस्तार किया है। बलॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट ने बताया कि कार्यकारणी में सरपंच मदनलाल मीणा निवासी भांवती को कांग्रेस गुंसी मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इसी प्रकार जितेन्द्रकुमार जाट को वनस्थली मण्डल, नमोनारायण मीणा को रजवास मण्डल, पिंटू बैरवा को सिरस मण्डल, उम्मेदसिंह कसाणा को झिलाय मण्डल एवं हनुमानप्रसाद मीणा को राहोली मण्डल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। जिससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। गुंसी मंडल अध्यक्ष मदन मीणा ने कहा कि संगठन का नेतृत्व करते हुए हर बूथ को मजबूत बनाना है और पार्टी के लक्ष्यों अनुरूप विकसित बूथ स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वह संगठन में सच्ची निष्ठा के साथ दिए गए दायित्वों का निर्वाह करेंगे।

# वन राज्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांसुमन अर्पित किए

## महाराणा प्रताप वीरता, पराक्रम व देशभक्ति की मिसाल -मंत्री शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने गुरुवार को वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयन्ती के उपलक्ष्य में मोती डूंगरी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर क्रेन की सहायता से पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धांसुमन अर्पित किए। वन राज्यमंत्री शर्मा ने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप को स्मरण करते हुए कहा कि शौर्य, त्याग, पराक्रम, देशभक्ति और दृढ प्रण की पहचान महाराणा प्रताप का जीवन और उनके वीरता से भरे इतिहास को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रेरणा स्रोत मातृभूमि भक्त महान योद्धा महाराणा प्रताप राष्ट्र की अस्मिता के प्रतीक हैं। वीर प्रसूता भूमि राजस्थान के शूरवीरों की पंक्ति में उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप, राणा सांगा, पृथ्वीराज चौहान, रानी लक्ष्मीबाई जैसे शूरवीरों हमारे आइडल है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए विदेशी आक्रांताओं को लौहे के चने चबवाए थे। इन महान राष्ट्रभक्तों ने देश की आन-बान की रक्षा करते हुए अपना सर्वत्र न्योछावर किया। युवा पीढी को इन राष्ट्रभक्तों से देशभक्ति की प्रेरणा लेकर देश को विकास के मार्ग पर अग्रसर करने में सहयोग करना चाहिए।

इस दौरान बडी संख्या में उपस्थित लोगों ने महाराणा अमर रहे के गगनचुंभी जयकारे लगाए। इसके पश्चात वन राज्यमंत्री ने अपनी नियमित पौधा लगाने के संकल्प के तहत मोती डूंगरी पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 19 मई को मोती डूंगरी स्थित पार्क में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया था। लगभग 50 लाख रूपये की लागत से बनी यह प्रतिमा पंचधातु से निर्मित है। इस प्रतिमा की उंचाई साढ़े 12 फीट और वजन 2 हजार 200 किलोग्राम है। प्रतिमा की स्थापना के बाद यह स्थल अलवरवासियों के लिए एक नया ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र बन गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, संजय नरुका, संजय नरुका, जीतेन्द्र राठौड़, पं. जले सिंह, गोरधन सिंह सिसोदिया, प्रमोद विजय, अरुण जैन, डॉ. के के शर्मा, सतीश यादव, महेश निहालवानी, श्री जीतू सैनी, सुरेश मेहता, लोचन यादव, घनश्याम सोनी, विष्णु शंकर, रवि जैन, संध्या मीणा, सूरजबान गौड़,दीपक तंवर, आशुतोष शर्मा, रविराज चौहान, प्रकाश अड़चीवल, उम्मेद सिंह चौहान, नरेंद्र नरूका,संजीव अग्रवाल, विजय राजपूत, ममता कंवर, श्याम यादव, ओमप्रकाश शर्मा, कमलकांत जांगिड़, संजय जैन, बंटी सरदार, श्लोक सिंह सरदार, चतर पटेल, अजय शर्मा, सागरयादव,भूपेंद्र राठौर, दीपक शर्मा, कपिल जैन सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

## जिले भर में 12 जून तक आयोजित शिविरों में कृषकों को किया जाएगा खेती की नवीन तकनीकी व विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार आज राजगढ ब्लॉक की ग्राम पंचायत अलेई व नयागांव गोलका एवं ग्राम पंचायत नाथलवाडा के अटल सेवा केंद्र में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के शिविर आयोजित हुए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीणा ने बताया कि शिविरों में कृषि विज्ञान केंद्र नौगांवा के कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को फसल उत्पादन की नवीन तकनीकी, कृषि विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कृषक हित में संचालित विभागीय योजनाओं, कृषि उत्पादकता के मूल मंत्र, मृदा स्वास्थ्य एवं पोषक तत्व प्रबंधन, खरीफ फसलों की प्रमुख किस्मों, बीजोपचार एवं कीट रोग नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिले की 45 ग्राम पंचायतों में 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### कल यहां होंगे शिविर आयोजित

उन्होंने बताया कि 30 मई को मालाखेडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत दादर व कैरवाडा के अटल सेवा केंद्र में प्रात: 8 बजे से प्रात: 11 बजे तक तथा ब्लॉक उमरैण की ग्राम पंचायत पलखडी के अटल सेवा केंद्र में सांय 4 बजे से सांय 7 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुभाष चंद यादव, पशुपालन विभाग से डॉ. मोहनलाल मीणा सहित इफको के क्षेत्रीय अधिकारी, कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बडी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

# भूमि सुपोषण कार्यक्रम के तहत दी विभिन्न जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौ सेवा एवं पर्यावरण गतिविधि के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम भोनावास में भूमि सुपोषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूमि पूजन एवं गौ पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात भूमि की उर्वरकता बढाने को लेकर जिला गौ सेवा संयोजक लीलाराम ने कहा कि खेती में रसायनिक खाद का प्रयोग अधिक होने के कारण मिट्टी बंजर होती जा रही है। इससे मिट्टी में जल संचयन की क्षमता कम होती जा रही है। रासायनिक उत्पादों के उपयोग से तरह- तरह की बिमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं। जिला पर्यावरण प्रमुख रामसिंह धनकड़ ने बताया कि मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए पर्यावरण के हर पहलु को शुद्ध रखना आवश्यक है। इस अवसर पर पावटा खण्ड संघ चालक डॉक्टर किशन लाल शर्मा, प्रान्त गौ सेवा टोली सदस्य पुरूषोत्तम कृष्ण मिश्रा , महेश पारीक, खण्ड बौद्धिक प्रमुख मनीष सैन, सुनील पंसारी, भविष्य शर्मा, तनुज शर्मा, अंकित गौड़,सहित बडी संख्या में किसान एवं प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मिशन सहयोग कार्यशाला में आजीविका की गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** भारत माता कलस्टर फेडरेशन की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत माता सीएलएफ मेनेजर सुधा शर्मा ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त स्मृति सरण, पूर्व संयुक्त सचिव चरणजीत सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक रेखा रानी व्यास ने भारत माता सीएलएफ के कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके उपरांत टहला बाईपास स्थित एक निजी गार्डन में राष्ट्रीय मिशन सहयोग की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में सीएलएफ की आजीविका गतिविधियों, सामाजिक बैंक सहित अन्य प्रमुख कार्य क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि भारत माता सीएलएफ को राष्ट्रीय मिशन सहयोगी के रूप में शामिल होने दिशा में कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय इमर्शन साइट के निर्माण की दिशा में आवश्यक कदमों पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने भारत माता सीएलएफ को राष्ट्रीय मिशन सहायक बनने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम का समापन सामुहिक संकल्प के साथ हुआ कि भारत माता सीएलएफ को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गतिविधियों और नवाचारों को साझा कर ग्रामीण विकास की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान जिला प्रबंधक अविनाश प्रकाश, सोनम शेखावत, तमा मित्रा, रमेश मीना, सलोनी गुप्ता, ब्लॉक परियोजना राजगढ़ प्रबंधक हिमांशु शर्मा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक रैणी आयुष शर्मा, एसआरपी सीमा कालरा, पीएम आईएस विनित वशिष्ठ , सीईओ ताराचंद सैनी आदि उपस्थित रहे।

# मजदूर के बेटे ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र और स्कूल का मान




बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी( नि.स. )।** मटिला माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में राव कैपिटल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मटिला भिवाड़ी के छात्र ने 93.50प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र का संबंध वाल्मीकि समाज से है और उसके पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। छात्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। स्कूल के निदेशक श्री अनूप सिंह यादव, प्रिंसिपल श्रीमती सरला यादव एवं समस्त स्टाफ ने छात्र का साफा पहनाकर, माला व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि न केवल छात्र के लिए बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत है।

# दून वैली सेकंडरी स्कूल ने लहराया सफलता का परचम-भूटानी जी

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** दून वैली सेकंडरी स्कूल, अलवर का माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम क्लास10हृद्ध बोर्ड का रिजल्ट हमेशा की तरह इस वर्ष भी शत प्रतिशत (100प्रतिशत )रहा है। स्कूल में पहला स्थान प्रीति चौधरी 97 प्रतिशत दूसरा स्थान लोकेश यादव 96त्न, तीसरा स्थान आदित्य चौधरी 95प्रतिशत ने प्राप्त किया। कुल 37 बच्चों में से 21 बच्चों ने 70प्रतिशत से 97प्रतिशत तक अंक अर्जित किए। 28 बच्चे प्रथम और 9 बच्चे द्वितीय रहे, विद्यालय का परीक्षा परिणाम हमेशा की तरह शत प्रतिशत 100प्रतिशत रहा। इसी तरह 8हृद्ध बोर्ड का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कुल 45 बच्चों में से 21 बच्चों ने ग्रेड८( 81प्रतिशत से 100प्रतिशत) 17 बच्चों ने ग्रेड क्क्ष(61प्रतिशत से 80प्रतिशत) और 7 बच्चों ने ष्ट ग्रेड (41प्रतिशत से 60प्रतिशत)प्राप्त की। संस्था निदेशक श्री शैलेन्द्र कुमार भूटानी ने बच्चों, अभिभावकों और स्टाफ को बधाई दी। इस सत्र से कक्षा 8हृद्ध,9हृद्ध, 10हृद्ध को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क लिए फाउंडेशन कोर्स भी कराया जाएगा। इस सत्र अध्ययन के अलावा 31 एक्टिविटीज करवाई गई और 371 बच्चों को पुरस्कार दिए गए। इस सत्र से कुल 35 एक्टिविटीज करवाई जाएगी। यह जानकारी संस्था के प्रधानाचार्य एन एस भूटानी द्वारा दी गई।

# राव एज्युकेशन एकेडमी ने शत प्रतिशत परिणाम देकर फिर रचा इतिहास



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के कोठी नारायणपुर बाईपास पर स्थित राव एज्युकेशन एकेडमी का कक्षा 12वीं, 10वीं व कक्षा 8 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। राव शिक्षा समिति की सचिव डॉ सवित्रा यादव ने बताया कि 12वीं की छात्रा विज्ञान वर्ग में शिवानी मीना ने 95 प्रतिशत प्राप्त किये। नीरज मीना ने 92 प्रतिशत, रीना मीना ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। मैथ्स ग्रुप में आदित्य वर्मा ने 95 प्रतिशत, जगराम मीना ने 91 प्रतिशत, देवांशु परेवा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विज्ञान वर्ग में 15 बच्चों 85 प्रतिशत से अधिक से रहे। कला वर्ग में अंजली मीना ने 95 प्रतिशत, अनुष्का सिंह ने 92 प्रतिशत, पूजा मीना ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 10 में 10 बच्चों ने 85 प्रतिशत व 19 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कक्षा 8वीं के 63 छात्र-छात्राओं में से 35 छात्राओं ने ए ग्रेड किये। सभी छात्रों को राव शिक्षा समिति की सचिव डॉ सवित्रा यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में डॉ अनिल शर्मा, हजारीलाल, सुन्दर लाल, खेमचंद, शिवकांत यादव, तुलसी राम सैनी, शिवम यादव, बृजमोहन सैनी, जगदीश प्रसाद, नीरज शर्मा, देवेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष में कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** प्रोजेक्ट शक्ति परियोजना के तहत सच्ची सहेली दिल्ली एवं अलवर प्रशासन के द्वारा अलवर में अपनी नई सीएसआर पहल को साझा करने के लिए दो दिवसीय मेंटर्स प्रशिक्षण कार्यशाला स्पैरो होटल अलवर में आयोजित हुई, जिस में पीरियड एजुकेशन फॉर ऑल मासिक धर्म स्वच्छता, पीरियड फ्रेंडली विश्व,सभी के लिए पीरियड शिक्षा,युवाओं को सशक्त बनाना,वर्जित मान्यताओं को तोड़ना,स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता फैलाना के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। सच्ची सहेली 5-पी पाउच एक अनूठा फॉर्मूला/तकनीक है जिसे टीम सच्ची सहेली द्वारा परिकल्पित किया गया था। इस पाउच में वे सभी आवश्यक चीजें हैं जो मासिक धर्म के लिए तैयार होने में मदद करती हैं और साथ ही व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता भी सुनिश्चित करती हैं।

**पैड (सैनिटरी पैड), पैंटी,पेपर,पेपर बैग :** पेपर साबुन आदि अलवर प्रशासन महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से प्रोजेक्ट शक्ति के लिए मेंटर्स प्रशिक्षण दिया गया। हमारा मिशन जागरूकता फैलाना, वर्जनाओं को तोड़ना और मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में ज्ञान के साथ युवा दिमागों को सशक्त बनाना है, जिससे सभी के लिए पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड बनाने में मदद मिल सके। हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं। आइए स्वास्थ्य, शिक्षा और समानता के लिए वकालत करना जारी रखें। इस दौरान सच्ची सहेली निदेशक डॉ सुरभि सिंह,युविका शर्मा, सहीम,अनिल कुमार, सुषमा,अन्नू, रुकसाना आदि मौजूद रहें।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निबंध प्रतियोगिता हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ इकाई राजगढ़ एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान शीला मीना, द्वितीय स्थान श्री व्यास व तृतीय स्थान पलक गुप्ता व काजल मीना को संयुक्त रूप से प्राप्त किया। अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एस.एफ.डी. के तहत परिण्डा अभियान में महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर परिण्डे लगायें गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ के एल मीना ने बताया कि परिण्डा अभियान प्रतिवर्ष किये जाने वाले कामों में से एक है। जिसमें प्रत्येक इकाई द्वारा पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था की जाती है। डॉ आंचल मीना ने बताया कि इकाई के सदस्यों द्वारा परिण्डो को गोद लेकर प्रतिदिन पानी भरने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में परिण्डे पक्षियों के जीवन को बचाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में प्रो.जगतसिंह, प्रो. देशराज वर्मा, प्रो. सुमेर सिंह बैरवा, प्रो. ओमप्रकाश मीना, प्रो. पी.सी मीना, अनिल कुमार, भगतसिंह,अशोक मीना, ब्रजमोहन मीना, गजेन्द्र महावर, सुबोध शर्मा आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** पंचायत समिति के समीपवर्ती ग्राम पंचायत नयागांव बोलका में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने कृषकों को प्राकृतिक खेती, उन्नत किस्म एवं फसलों के कीट एवं बीमारियों तथा उद्यान एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें उपनिदेशक (उद्यान) अलवर के एल मीना, नौगांवा कृषि विज्ञान एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र से कृषि वैज्ञानिक डॉ सुरेश कुमार लोहरा, डॉ पूनम, डॉ गणेश कुमार कोली, डॉ मुकेश कुमार सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक मनोज कुमार, बंशीलाल चौधरी, प्रियंका मीणा, रिंकी एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला मुख्यालय कृष्ण अवतार शर्मा श्रीचंदपुरा तथा 200 कृषकों ने भाग लिया।

# एनसीसी कैम्प के आठवें दिन हुआ सेमिनार का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में चल रहे 03 राज आर्म्डस स्क्वाड्रन केडिट कोर का स्ववाड्रन वार्षिक कैम्प के आठवें दिन जूनियर कैडेट्स को योगा एवं सीनियर कैडेट्स को पी.टी. परेड करवाई गई। कैम्प कमाण्डर कर्नल राहुल शर्मा ने बताया कि सीनियर कैडेट्स को भारतीय सेना भर्ती की जानकारी देने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि भर्ती ऑफिस के डायरेक्टर कर्नल आलोक रंजन थे। उन्होंने कैडेट्स को थल सेना, वायु सेना, जल सेना, अग्निवीर, एन.डी.ए. एवं एस.एस.बी. आदि के बारे में जानकारी देते हुए इनमें भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने स्वयं के आर्मी जीवन के अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षण में मैप को सैट करना ताकि स्वयं की पोजिशन ज्ञात कर सके, एनसीसी कैडेट्स द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों, कैरियर काउंसलिंग एवं एनसीसी के फायदे के बारे में जानकारी दी। सेमिनार के बाद टैन्ट लगाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सायं को खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान कैम्प में सीनियर जेसीओ सूबेदार नूर अहमद, ट्रैनिंग जेसीओ सूबेदार सुशील कुमार, बटालियन हवलदार मेजर प्रेमसिंह, एनसीसी के कैम्प एज्यूडेंट लेफ्टिनेंट बालेराठी, लेफ्टिनेंट देशराज आदि उपस्थित रहे।

# केदारनाथ धाम भंडारे के लिए रसद सामग्री भरा ट्रक किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गुरुवार को मानव सेवा में समर्पित श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति के द्वारा केदारनाथ धाम में लगने वाले आठवें भंडारे के लिए दूसरा रसद सामग्री का ट्रक सुबह 9-15 पर फल सब्जी मंडी अग्रसेन चौराहे के पास अलवर से भामाशाहों और सेवादारों के द्वारा भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति के सभी सेवादार और श्री सुरेश गुप्ता, श्री आर पी महावर, ठाकुरदास भोजवानी, देवेंद्र छाबड़ा, सुरेश यादव, लखीराम गुप्ता ,मनोज शर्मा, रजनीकांत गुप्ता, अजय विजय, प्रेम चावला, राजेंद्र विजय, मदनलाल सेन, राजू झमन, भागीरथ सोनी, गजेंद्र यादव, सौरभ कालरा, जीतू चतरानी, पंकज सोनी, पवन जांगिड़, हेमराज सैनी, रोशन सैनी, सुभाष कुकरेजा, राजेश शर्मा, नितिन बत्रा, अशोक कुमार दीक्षित, लक्ष्मण दास बत्रा, गोवर्धन खेमानी, जगदीश सोनी, सुरेंद्र सैनी, श्याम बढ़ाया, और समस्त सब्जी मंडी परिवार शामिल रहे।



## भिनाय : तहसील परिसर के पीछे कालोनी में पानी की विकट समस्या

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड में स्थानीय तहसील के पीछे कालोनी में वर्तमान में पानी की विकट समस्या व्याप्त होने से यहां निर्वासित सभी परिवारों को भारी समस्या बनी हुई है तो वही कॉलोनी वासियों को पीने के पानी के लिए भारी कठिनाई व परेशानी उठानी पड़ रही है। उक्त कालोनी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करीब 15 वर्ष पहले बिछायी गई कम साईज की पाईप लाईन से पानी का प्रेशर कम आने के कारण नलों में पानी सप्लाई नगण्य मात्रा में हो रहा है। इस सम्पूर्ण कालोनी में बड़े साईज की पानी की पाईप लाईन बिछाई जाना आवश्यक है। साथ ही उक्त कालोनी में लगे चार हैंडपंप में से सिर्फ नूर मोहम्मद देशवाली के मकान के सामने लगा एक हैंडपंप चालू स्थिति में है। लेकिन इस हैंडपंप का हेंडल मय इस की ऊपरी भीतरी चैन आदि पार्ट्स पुराने हो चुके हैं। जिससे पानी निकालने के लिए अत्यंत दबाव बनाना पड़ता है। इस हैंडपंप के हेंडिल को अत्यधिक दबाव देना पड़ता तब जाकर जैसे तैसे कहीं जाकर पानी की आपूर्ति होती है। इस हैंडपंप को ओर कालोनी के अन्य ख़राब पड़े सभी हैंडपंपों को वर्तमान में पानी की विकट व गंभीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक जनहित में अविलम्ब सही,ठीक व मरम्मत करना अति आवश्यक है। उक्त कालोनी वासियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है।

## पंचायतीराज में संस्थाओं का उपचुनाव-जून 2025, वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 29 मई को पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव मई-जून 2025 के अन्तर्गत जिले में एक वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति ककवानी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव माह मई-जून 2025 के निर्धारित कार्यक्रमानुसार अजमेर जिले की पंचायत समिति सरवाड़ में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा तथा नाम वापसी के पश्चात पंचायत समिति सरवाड़ के सुनारिया ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या एक के लिए रणवीर सिंह निर्विरोध वार्ड पंच निर्वाचित घोषित हुए।

किसान और वैज्ञानिकों के बीच हुआ सीधा संवाद, बीज रथ को दिखाई हरि झंडी

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ, ग्राम पंचायत रलावता में राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

- यह अभियान नही बल्कि किसानों की समृद्धि और कृषि में नवाचार को जोड़ने वाला एक राष्ट्रीय संकल्प है - भागीरथ चौधरी
- विज्ञान और किसान के इस साझे प्रयास से ही किसानों को आत्मनिर्भर, उन्नत और सक्षम बनाया जा सकता है - किरोड़ी लाल मीणा

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 29 मई को भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। राज्य स्तरीय शुभारंभ ग्राम पंचायत रलावता में किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी एवं कृषि मंत्री श्री किरोड़ी लाल मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित किया और बीज रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र तबीजी के तत्वावधान में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देना, मृदा स्वास्थ्य, संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाना, वैज्ञानिकों और किसानों के बीच संवाद स्थापित करना और किसानों से नवाचार के अनुभव लेना है। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक देशभर के 20 राज्यों के 700 जिलों के 65 हजार से अधिक गांवों में चलाया जाएगा। इस दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि मंत्रालय की 2,170 वैज्ञानिक टीमें लगभग 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह अभियान किसानों की समृद्धि और कृषि में नवाचार को जोड़ने वाला एक राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार का हर निर्णय विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में समर्पित है और इसका सबसे मजबूत आधार हमारे अन्नदाता किसान हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं एक कृषक परिवार से हैं और खेती से जुड़ा उनका जीवन अनुभव इस बात को सिद्ध करता है कि आज के समय में वैज्ञानिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं के समुचित उपयोग से खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर और पॉलीहाउस जैसी तकनीकों के माध्यम से जल और उर्वरक की बचत के साथ-साथ भूमि की उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने उदाहरण दिया कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के किसान आधुनिक कृषि योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से समृद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि अजमेर जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह अभियान खेती के गुरु की तरह काम करेगा। श्री कर्ण कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलगुरू डॉ. बलराज सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रमाणित बीज, बेहतर किस्मों का चयन, बीज उपचार, गर्मी में गहरी जुताई, तिलहन फसलों का प्रोत्साहन, खारे पानी में जौं की खेती तथा बगीचों की स्थापना जैसे उन्नत कृषि उपायों पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. ईश्वरलाल यादव निदेशक, आत्मा, पी.सी. बुनकर अतिरिक्त निदेशक, कृषि, जयपुर, पी.के. अग्रवाल ,संयुक्त निदेशक, उद्यान विभाग, डॉ. आर.ए. शर्मा , प्रोफेसर, प्रसार निदेशालय, डॉ. डी.एस. भाटी ,वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र,डॉ. दिनेश अरोड़ा विभागाध्यक्ष, कृषि अनुसंधान उप केंद्र, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. एन.के. मीणा, डॉ. सुमेर सिंह मीणा, डॉ. कृष्णकांत, डॉ. श्याम सुंदर ,राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केंद्र, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. के.जी. छीपा एटीसी, डॉ. अनुप्रिया यादव संयुक्त निदेशक कृषि, डॉ. सौरभ गर्ग, पुष्पेंद्र सिंह कृषि अधिकारी, डॉ. के.पी. सिंह उप निदेशक उद्यान विभाग, उषा चितारा पीडी आत्मा, शिवलाल यादव, डॉ रमाकांत शर्मा, डॉ दिनेश कच्छावा, आशीष, सीताराम सहित प्रमुख अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने भागीदारी निभाई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान, ग्रामवासी, पंचायतीराज प्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

1 लाख करोड़ के निवेश से 25 गीगावाट रिन्यूबल एनर्जी का लक्ष्य

# गर्मी में भी नहीं आने देंगे कोई कमी : ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** रबी के सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति की रूपरेखा बना ली गई है। गुरूवार को जयपुर के विद्युत भवन मे आयोजित मीटिंग मे ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान कही। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने की दिशा में काम कर रही है वही रबी के सीजन में समुचित प्रबंधन कर प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं आने दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गर्मी के इस मौसम में भी उत्पादन, प्रसारण, वितरण सहित सभी विद्युत निगमों के अधिकारी पूर्ण समन्वय के साथ कार्य कर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

आरडीएसएस, स्मार्ट मीटरिंग, पीएम-कुसुम मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं में गति को बढ़ाएं। जहां अधिक विद्युत छीजत हो, वहां विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करने, फीडर पृथक्कीकरण के साथ ही सतर्कता अभियान चलाकर बिजली चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ एमओयू किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन एमओयू को चरणबद्ध रूप से यथाशीघ्र क्रियान्वित किया जाए ताकि प्रदेश की भावी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके। राज्य सरकार द्वारा बजट में घोषित ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली। जीएसएस निर्माण में भूमि चयन सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं जल्द पूरी करवायी जा रही है। बैठक के दौरान ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री ओम कसेरा ने बताया की मई और जून के माह में हीटवेव की चेतावनी को देखते हुए विद्युत मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त इंतजाम पहले से ही कर लिए गए हैं। प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक श्री नथमल डिडेल ने बताया कि प्रभावी मॉनीटरिंग के लिए बीते करीब डेढ़ साल में प्रदेश में 400 केवी, 220 केवी तथा 132 केवी के कुल 30 ग्रिड सब स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं।

इसके अतिरिक्त 133 ग्रिड सब स्टेशनों के काम मौके पर चल रहे हैं। बैठक मे उत्पादन निगम के सीएमडी श्री देवेन्द्र श्रृंगी के लिए एमओयू किए गए हैं।

जिनमें से एनटीपीसी, कोल इंडिया तथा एनएलसी के साथ परियोजनाओं पर संयुक्त उद्यम समझौते निष्पादित किए जा चुके हैं तथा कंपनी गठन का कार्य प्रगति पर है। एनजीईएल के साथ एनटीपीसी राजस्थान ग्रीन एनर्जी लिमिटेड कंपनी का गठन किया जा चुका है। यह कंपनी रिन्यूबल एनर्जी के क्षेत्र में 25 गीगावाट क्षमता की स्थापना के लिए 1 लाख करोड़ का निवेश करेगी। जोधपुर एवं अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

# कोटा में पहली बार टीवी डांस रियलिटी शो का आयोजन, देशभर से कलाकारों ने लिया भाग

## कोटा में 4 जून को सेमीफाइनल और 5 जून को होगा फाइनल मुकाबला, राष्ट्रीय मंच पर दिखेगा कोटा का हुनर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा के सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार एक राष्ट्रीय स्तर का टीवी डांस रियलिटी शो आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से डांस प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया है। अब तक देशभर के विभिन्न शहरों - दिल्ली, मुंबई, इंदौर, जयपुर, भीलवाड़ा, असम, उड़ीसा समेत कई राज्यों से लगभग दस महीनों तक ऑडिशन लिए गए। इस अनोखे आयोजन का सेमीफाइनल 4 जून और फाइनल मुकाबला 5 जून को बोरखेडा कोटा में आयोजित होगा, जिसमें जूनियर, सीनियर, डुएट और ग्रुप कैटेगरी में कलाकार प्रदर्शन करेंगे। अब तक लगभग 2000 प्रतिभागियों ने इस प्रतिष्ठित शो के लिए ऑडिशन दिया, जिनमें से चयनित 150 कलाकार अब सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस शो की मेज़बानी कोटा कर रहा है और इसका प्रसारण राष्ट्रीय टेलीविज़न चैनल %ईश्वर% पर किया जाएगा। शो का नाम 'द फेम्ड डांस चैम्पियन' रखा गया है।

### कोटा के कलाकारों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

इस शो के माध्यम से कोटा की उभरती हुई प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच और अवसर मिलेगा, जो पहले केवल दिल्ली या मुंबई जाकर ही संभव होता था। इस बार करीब 50 से अधिक कोटा के स्थानीय कलाकार भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे,शहर के लिए गर्व की बात है कि कोटा की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर मंचन का मौका मिल रहा है। शो के निर्माता, निर्देशक और मुख्य निर्णायक (जज) कोटा के ही प्रसिद्ध कोरियोग्राफर पीयूष प्रजापति हैं, जिनका डांसिंग फील्ड में 12 वर्षों का अनुभव है। वे देश के कई प्रमुख मंचों पर प्रदर्शन कर चुके हैं और 'राधा कृष्ण' टीवी सीरियल में अभिनेता सुमेध मुदगलकर के लिए कोरियोग्राफी भी कर चुके हैं। इसके अलावा, वे पहले भी टीवी डांस रियलिटी शोज़ में बतौर जज अपनी भूमिका निभा चुके हैं।

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के जजों की मौजूदगी

शो की विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धा को और प्रामाणिक बनाने के लिए दिल्ली से दो नामचीन जज - रिंकू जैज़ फंक और रिज एरीना भी शामिल हो रहे हैं। ये दोनों 'वर्ल्ड ऑफ़ डांस' जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच के विजेता रह चुके हैं।इस आयोजन से न केवल कोटा के सांस्कृतिक परिदृश्य को नई पहचान मिलेगी, बल्कि यहां की युवा प्रतिभाओं को भी देश के बड़े मंचों तक पहुंचने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। आयोजकों की मानें तो इस प्रकार का आयोजन भविष्य में कोटा को डांस हब के रूप में स्थापित कर सकता है।

# गांधी विद्यालय गुलाबपुरा के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा कार्यशाला मे रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का किया अवलोकन

## स्किल ड्राइवर और ड्राइविंग के सीखे गुर, सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड के सिंगावल- श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलाबपुरा के लगभग 150 छात्र -छात्राओं के ग्रुप ने सड़क सुरक्षा कार्यशाला के तहत देश के पहले रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का अवलोकन किया।संस्थान के रोड सेफ्टी ट्रेनर भरतराज गुर्जर ने सभी छात्र- छात्राओं को अवलोकन करवाते हुए स्किल ड्राइवर ,स्किल ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा चक्र के बारे में घर से सुरक्षित निकलकर घर सुरक्षित पहुंचने हेतु आवश्यक बाते बताई। गुर्जर ने सभी को ड्राइविंग संबंधित ज्ञान परीक्षण,सिम्युलेटर परीक्षण फ़र्स्ट रिस्पोंडर,कटसेक्शन डेमो रूम,वर्कशॉप ,सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने पर राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं सहित विभिन्न ड्राइविंग ट्रेक के बारे में विस्तार से समझाया।संस्थान की निदेशक ऋतु चौहान ने विद्यालय स्टाफ का स्वागत किया और सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण के पश्चात क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे प्रथम स्थान पर रहे सात छात्र - छात्रों का स्वागत किया । चौहान ने सड़क सुरक्षा को दैनिक जीवन में लाने और सभी से घर परिवार में सड़क सुरक्षा जाग्रति हेतु अपील की और संस्थान में वाहन चलाना सीखने के बारे में बताते हुए विद्यालय के छात्र छात्राओं को विशेष छूट के बारे में बताया ।संस्थान के सचिव राजेंद्र सिंह राठौड़ ने सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा के नारे लगवाये,सभी के लिए अल्पाहार की सुविधा करवाई ।

विघालय के प्रधानाचार्य सत्यनारायण अग्रवाल ने संस्थान का धन्यवाद ज्ञापित कर बताया कि यह कार्यक्रम सभी के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा ।सभी ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली ।सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा पॉकेट बुक वितरित की गई ।मौके पर संस्थान के नरेंद्र कुमार शर्मा ,सूर्यपाल सिंह राणावत,मानसिंह रावत,महिपाल सिंह शेखावत,उत्तम चंद जैन,विघालय के अध्यापक भंवरलाल सामरिया,देवपाल शर्मा,अरविंद लढ़ा,लाल साहब सिंह,मुकेश सेन,सरोज शर्मा,विधी मैठानी आदि मौजूद रहे।

प्रताप जयंती पर समता आंदोलन समिति ने संगोष्ठी आयोजित की

## महाराणा प्रताप के जीवन से मिलती है स्वाभिमान और आत्मबल की प्रेरणा : डॉ. अनिल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** समता आंदोलन समिति, कोटा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, पुष्पहार अर्पण और पूजा-अर्चना से हुआ। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. अनिल शर्मा ने कहा, महाराणा प्रताप केवल इतिहास पुरुष नहीं, बल्कि शौर्य, धैर्य और स्वाभिमान की अमिट मिसाल हैं। उन्होंने मुगलों की अधीनता अस्वीकार कर घास की रोटियां खा लीं, लेकिन आत्मसमर्पण नहीं किया। उनके जीवन से हमें यह शिक्षा मिलती है कि स्वाभिमान के बिना मानव जीवन, पशु जीवन से भी बदतर है। इस अवसर पर डॉ. जिंदल, संभागीय संयोजक राजेन्द्र गौतम,महामंत्री रासबिहारी व श्री वाष्प बिहार ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि प्रताप का जीवन आज के युवाओं को आत्मबल, देशप्रेम और संघर्ष की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में समता आंदोलन समिति के विभिन्न पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामगंजमंडी : शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने डायलिसिस मशीन का किया लोकार्पण, 40 से अधिक किडनी मरीजों को मिलेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को रामगंजमंडी जिला अस्पताल में नवीन डायलिसिस मशीन का लोकार्पण किया। लगभग 22 लाख रुपये की लागत से स्थापित इस मशीन के शुरू होने से रामगंजमंडी ब्लॉक के 40 से अधिक किडनी रोगियों को स्थानीय स्तर पर डायलिसिस सुविधा मिल सकेगी। इससे अब मरीजों को बार-बार कोटा या झालावाड़ जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस अवसर पर मंत्री मदन दिलावर ने संबोधित करते हुए बताया कि रामगंजमंडी का यह अस्पताल अब जिला अस्पताल में क्रमोन्नत हो गया है। आगामी दो वर्षों में यहां जिला अस्पताल स्तर की सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि शीघ्र ही अस्पताल में स्न्न्क्ष्ठ और ष्ट्ञ-स्ष्टह्र मशीनें भी स्थापित की जाएंगी। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार स्नेही ने मंत्री मदन दिलावर का स्वागत किया।

# नकली खाद फैक्ट्री की सूचना पर लोडिंग ऑटो में पहुंचे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के किशनगढ़,राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को सूचना मिली कि उदयपुर कला क्षेत्र में भूमि एग्रो इंडस्ट्रीज के नाम से एक फैक्ट्री में नकली खाद तैयार की जा रही है। सूचना की पुष्टि के लिए मंत्री मीणा स्वयं लोडिंग टम्पू (ऑटो) में बैठकर अचानक छापेमारी पर पहुंच गए । मंत्री ने मौके पर पहुंचकर कई फैक्ट्रियों में खाद की गुणवत्ता की जांच की। बताया जा रहा है कि इस फैक्ट्री में मार्बल पाउडर, मिट्टी और पत्थर का इस्तेमाल कर नकली खाद तैयार की जा रही थी, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो सकता था।

आरोप है कि फैक्ट्री मालिक प्रशासन को गुमराह कर रहा था। फैक्ट्री में मार्बल पाउडर, मिट्टी और पत्थर मिलाकर किसानों को नकली खाद बेची जा रही थी, जिससे न सिर्फ फसल खराब हो रही थी बल्कि भूमि की उर्वरता भी खत्म हो रही थी। मंत्री मीणा ने बताया कि किशनगढ़ क्षेत्र में लगभग एक दर्जन फैक्ट्रियों में छापेमारी की गई और पाया गया कि कई जगहों पर खाद में मिलावट हो रही थी। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों से धोखा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**राजनीतिक प्रतिक्रिया :** विधायक विकास चौधरी ने इस मामले में केंद्र सरकार के कृषि मंत्री की चुप्पी पर सवाल खड़े किए है कहा कि आज किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राज्य के कृषि मंत्री को खुद निरीक्षण करके बड़ी मात्रा में मार्बल पाउडर व मुरड़ पर कलर करके अलग-अलग रूप देकर किसानों को बेची जा रही नकली खाद को पकड़ना लंबे समय से शासन-प्रशासन की अनदेखी को दर्शाता है। जिस क्षेत्र से देश के कृषि राज्य मंत्री ताल्लुक रखते हो, वहीं पर लंबे समय तक इस तरह की गतिविधियां संचालित होना शासन-प्रशासन की नीयत और कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। किसानों को धोखा दे रहे ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# पर्यावरण और जीव प्रेमियों का दुर्घटना में देहांत एक अपूरणीय क्षति : सीओ सांई

■ चौधरी, बिश्नोई, भाटी और पेमाणी को दी मानव उत्थान सेवा समिति ने श्रद्धांजलि

### स्मृति में संस्था ने किया 30 पौधों का रोपण

बढ़ता राजस्थान



**हनुमानगढ़, (राजेश खारड़ू)।** राजस्थान के रेगिस्तानी भूभाग जैसलमेर में गोडावण व हिरणों और अन्य वन्यजीवों की रक्षा को जीवन का धर्म मानने वाले पर्यावरण और वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम पेमाणी धोलिया, श्याम प्रसाद बिश्नोई, कंवराज सिंह भादरिया भाटी, वनरक्षक सुरेन्द्र चौधरी के वन्य जीवों की रक्षा के दौरान सड़क हादसे में निधन पश्चात आज गुरुवार को जिला मुख्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृति में पौधारोपण किया गया। मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट-जिला परिषद् चौराहे से जोड़किया फाटक रोड़ पर सिविल लाइन्स में एफ ब्लॉक पार्क के नजदीक और डिवाइडर के मध्य एससी-एसटी सेल सीओ रणवीर साई, एस आई रचना बिश्नोई, राष्ट्रीय तेजवीर सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल जान्दू, समिति अध्यक्ष लाधू सिंह भाटी के द्वारा टी गार्ड सहित 30 पौधों का रोपण किया गया। दिवंगत वन्य जीव प्रेमियों की आत्मिक शांति हेतु दो मिनट के मौन पश्चात एससी-एसटी सेल सीओ रणवीर साईं ने कहा कि पोकरण लाठी के इन वन्य जीव प्रेमियों का सड़क दुर्घटना में देहांत होना एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के गोडावण संरक्षण में अग्रणी कार्यकर्ताओं में इनको गिना जाता रहा है । इन्होंने 2018 से अब तक रेगिस्तानी जीवों के संरक्षण को लेकर 50 से अधिक जल संरचनाएं बनवाई। घायल जानवरों का इलाज किया।गिद्ध, चिंकारा, नीलगाय, लोमड़ी जैसे जीवों को पुनर्जीवित किया। शिकारियों के खिलाफ कई बार पुलिस और वन विभाग को सहयोग दिया। इन जैसे पर्यावरण और वन्य जीव प्रेमियों को राज्य के प्रत्येक जिले में होना चाहिए। इन महान आत्माओं को शत-शत नमन। एस आई रचना बिश्नोई ने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्य साधुवाद के पात्र है। जिन्होंने उन महान व्यक्तित्व की आत्माओं को हनुमानगढ़ की धरा पर स्मरण किया। उन दिवंगत आत्माओं का सपना था कि रेगिस्तान की हर साँस लेने वाली आत्मा सुरक्षित रहे। बिश्नोई समुदाय में जन्मे राधेश्याम बचपन से ही वन्य जीवों के लिए संवेदनशील थे। जैसलमेर के ग्रामीण क्षेत्र में रहते हुए उन्होंने आधुनिक प्रशिक्षण लेकर स्वयं को 'वन्यजीव रक्षक' के रूप में विकसित किया। उन्होंने न केवल खुद काम किया, बल्कि कई युवाओं को भी इस कार्य से जोड़ा। राष्ट्रीय तेजवीर सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल जान्दू और समिति अध्यक्ष लाधू सिंह भाटी ने कहा कि जिला मुख्यालय पर लगाए गए ये 30 पौधे जब तक वटवृक्ष बनेंगे उन दिवंगत आत्माओं की स्मृति हनुमानगढ़ के पर्यावरण में घुल कर हमे पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरित करती रहेंगी। आज वन्यजीव संरक्षण आंदोलन के एक स्तंभ को एक भारी क्षति हुई है। गोडावण के आकाश में एक सन्नाटा गूंज रहा है। इस अवसर पर लोकराज शर्मा, नरेश सिहाग मुंसरी, सदर थाना पुलिसकर्मी सुभाष मांझू, सुरेंद्र सिंह सैनी, विपिन शर्मा, सुरेश महला, पृथ्वी सिंह गोदारा, राजा राम बिश्नोई, रमेश शाक्य, अजय कुमार, सार्थक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों की सेहत के गिलास ने स्कूलों का बिगाड़ा बजट, विभाग ने पिछले डेढ़ साल से दूध योजना संचालन की नहीं दी राशि

## अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिले के राजकीय विद्यालयों में संचालित पन्नाधाय दूध योजना उधारी की भेंट चढ़ चुकी है,हालत ये हैं कि पिछले डेढ़ साल से विभाग चीनी, गैस व कुक का बजट देना भूल चुका है। गत शैक्षिक सत्र में शिक्षकों ने उधारी से योजना को संचालित किया ।लेकिन डीईओ कार्यालय ने बजट के नाम पर एक पाई भी स्कूलों को आवंटित नहीं की। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह बच्चों को दूध पिलाने की शिक्षकों को मशक्कत करनी पड़ी होगी। इस मामले में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने पन्नाधाय दुग्ध योजना में स्कूलों को डेढ़ साल से बकाया राशियों का जल्द बजट आवंटित करने की मांग की है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि मिड डे मील योजना के अंतर्गत पन्नाधाय दूध योजना जिले में पिछले करीब डेढ़ साल से उधारी की भेट चढ़ी हुई है। जिले के राजकीय विद्यालयों, पंजीकृत मदरसों एवं संस्कृत विद्यालयों में प्रार्थना सत्र के दौरान कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को दिए जाने वाले पाउडर युक्त दूध का स्कूलों को गत पूरे शैक्षिक सत्र में बजट जारी नहीं किया गया।

**जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि जिले के कमोवेश सभी ब्लॉकों के स्कूलों को दूध योजना के तहत चीनी व गैस की :** मार्च 2024 तथा दूध गर्म करने वाले व्यक्ति (कुक) मानदेय राशि का बजट डीईओ कार्यालय की ओर से जनवरी 2024 से आवंटित ही नहीं किया गया है। जिससे मानदेय कर्मियों को करीब डेढ़ साल से भुगतान का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं स्कूलों में संस्था प्रधान व पोषाहार प्रभारियों को अपने वेतन से आपूर्ति कर्ताओं को लंबित राशियों का भुगतान करने को बाध्य होना पड़ा है या अनेकों स्कूलों पर महीनों से उधारी बकाया चल रही है। महासंघ ने जिला शिक्षा अधिकारी सेजल्द से जल्द जिले के सभी स्कूलों को पन्नाधाय योजना के तहत पिछले करीब डेढ़ साल तक की लंबित चीनी, गैस व दूध तैयार करने वाले व्यक्ति कुक की मानदेय राशि का बजट आवंटित करने का आग्रह किया है

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 लागू

### क्षेत्र के किसान ने 14 लाख से अधिक राशि का लिया लाभ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** किसान हित के लिये राज्य सरकार द्वारा भूमि विकास बैंको के अवधिपार ऋणियों को तथा ऋण उपलब्ध कराने के लिये मुख्यधारा में शामिल करने हेतु अभूतपूर्व अवसर प्रदान किया किया गया है। राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी सहकारी भूमि विकास बैंको में मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 लागू की गई है। इस योजना के तहत बुधवार को तहसील भुसावर के ग्राम बल्लभगढ के किसान लक्खी पुत्र मन्नू द्वारा अपने हिस्से की मूल रकम व बीमा प्रिमियम की राशि 3 लाख 87 हजार 681 रूपये जमाकर राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त ब्याज राशि छूट 14 लाख 6 हजार 718 रूपये का लाभ प्राप्त किया। इससे प्रेरित होकर अन्य किस भी योजना का लाभ उठाने के लिए बैंक पहुंचने लगे हैं।

### रावतसर में नकली डीएपी उर्वरक प्रकरण

# 30 मई को नकली डीएपी विक्रय, क्रय या निर्माण से संबंधित साक्ष्यों या जानकारी को रावतसर तहसील कार्यालय में जांच समिति के समक्ष करें प्रस्तुत

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, (राजेश खारड़ू)।** रावतसर के वार्ड नंबर 27 स्थित सुड्डा कॉलोनी में 10 मई को वैदिक कॉलेज के पीछे एक आवासीय मकान में नकली डीएपी उर्वरक की पैकिंग की जा रही थी। मौके पर ब्रांडेड कंपनी इफको के थैलों में सस्पेक्टेड नकली डीएपी भरा हुआ पाया गया। कृषि विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर थैले जब्त किए और आरोपी के विरुद्ध रावतसर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। विभागीय सूत्रों के अनुसार, नकली उर्वरक के जरिए क्षेत्र के कृषकों की फसलों के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा था, जो सीधे उनकी आजीविका पर प्रभाव डाल सकता था। इस मामले में यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने नकली डीएपी किन-किन किसानों अथवा उर्वरक विक्रेताओं को बेचा और कौन-कौन से किसान इन आदान विक्रेताओं से उक्त उर्वरक खरीद चुके हैं। जिला कलक्टर ने इस गंभीर प्रकरण की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति गठित की है। यदि किसी व्यक्ति के पास नकली डीएपी विक्रय, क्रय या निर्माण से संबंधित कोई प्रमाण अथवा जानकारी है, तो वे 30 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसील कार्यालय रावतसर में गठित जांच समिति के समक्ष अपने साक्ष्य सहित उपस्थित हो सकते हैं। जिला प्रशासन ने अपील की है कि दोषियों की पहचान में नागरिक सक्रिय सहयोग दें।

# छात्रा ने दी हिन्दी विषय की परीक्षा रिजल्ट में अनुपस्थित घोषित

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। भुसावर कस्बे की छात्रा काजल सैनी ने हिंदी विषय की परीक्षा दी, लेकिन परिणाम में उसे अनुपस्थित दिखाया गया। सुलभ माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक राजवीर सिंह ने बताया कि काजल सैनी (रोल नंबर 1291162) ने आर्य महिला विद्यापीठ भुसावर में निर्धारित समय पर परीक्षा दी थी। छात्रा के पास हिंदी विषय का पेपर भी है, जिस पर उसका रोल नंबर अंकित है। मूल्यांकन में और भी विसंगतियां पाई गईं। एक कमजोर छात्र को हिंदी में 94 अंक दिए गए, जबकि पढ़ाई में अव्वल छात्र को मात्र 52 अंक मिले। यह अध्यापकों द्वारा ऑनलाइन अंक अपलोड करते समय की गई लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों के परिणामों की पुनः जांच की मांग की है।

### नशीले कैप्सूल-अवैध शराब का मामला

# नशा तस्करी में 20 साल सजा, एक लाख जुर्माना, दूसरे आरोपित को तीन साल सजा

बढ़ता राजस्थान



**हनुमानगढ़, (राजेश खारड़ू)।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण ने नशीले कैप्सूल व अवैध शराब बरामदगी के मामले में बुधवार को फैसला सुनाया। एक दोषी को बीस साल के कठोर कारावास व दो लाख रुपए के जुर्माना तो दूसरे दोषी को तीन साल के कठोर कारावास व बीस हजार रुपए के जुर्माना की सजा से दण्डित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने पैरवी की। प्रकरण के अनुसार 15 अक्टूबर 2018 को तलवाड़ा झील पुलिस थाना के तत्कालीन प्रभारी एसआई चन्द्रभान धुआं के नेतृत्व में टीम ने सुरेन्द्र सहारण (24) पुत्र दलीप कुमार निवासी वार्ड छह, चक 12 डीबीएल, डबली कलां की परचून की दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 22 पव्वे हीर रांझा देसी शराब, 29 बोतल बीयर और पारवोरिन स्पास कैप्सूल के 16 पत्ते बरामद किए गए। इस पर तलवाड़ा झील पुलिस थाना में उसी दिन 19/54 आबकारी अधिनियम, 8/21, 22, 25, 29 एनडीपीएस एक्टऔर 18 सी/27बी (2) ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। तत्पश्चात पुलिस ने भरतलाल उर्फ मांडिया पुत्र ओमप्रकाश निवासी वार्ड नौ, डबली कलां से पारवोरिन स्पास के 1040 कैप्सूल बरामद किए।

अनुसंधान के दौरान दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश हुई। बुधवार को न्यायालय की ओर से सुरेन्द्र सहारण को 8/22 एनडीपीएस एक्ट में तीन वर्ष के कठोर कारावास, 20 हजार रुपए जुर्माना, अदम अदायगी दो माह के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। सुरेन्द्र सहारण को 19/54 आबकारी अधिनियम में एक वर्ष का कठोर कारावास, दस हजार रुपए जुर्माना, अदम अदायगी एक माह के अर्थदण्ड से दण्डित किया। इसी प्रकार भरतलाल उर्फ मांडिया को 8/22 एनडीपीएस एक्ट में बीस वर्ष के कठोर कारावास, दो लाख रुपए जुर्माना, अदम अदायगी दो वर्ष के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# राष्ट्रीय पत्रकार संस्था ने पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, (राजेश खारड़ू)।** पीलीबंगा लगातार प्रदेश में लू के येलो अलर्ट के चलते जंहा आम जन जीवन अस्त व्यस्त है वहीं इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को दाना पानी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पत्रकार संस्था पीलीबंगा द्वारा नगरपालिका क्षेत्र पीलीबंगा में विभिन्न जगहों पर वृक्षों के ऊपर शीघ्र ही परिंडे बांधने का निर्णय लिया गया, इस दौरान संस्था अध्यक्ष हेतराम इंदलिया ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के चलते इस मौसम में पक्षी प्यास व भूख से दम तोड़ देते हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शीघ्र ही संस्था द्वारा वृक्षो के ऊपर परिंडे बांधे जाएंगे व इन परिंडो को लगाने के पश्चात इनमें समय-समय पर पानी भरने तथा इनके देखभाल की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी ।संस्था उपाध्यक्ष जितेंद्र बंसल ने बताया कि हम पक्षियों को पीने के लिए पानी का स्त्रोत उपलब्ध करवाने जैसी छोटी-छोटी चीज करके उन्हें बचा सकते हैं, संस्था सचिव संदीप सचदेवा व संगठन मंत्री प्रेम आजाद ने पक्षियों के संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए इस मौके पर कहा कि पक्षी संरक्षण प्रयासों का उद्देश्य प्रजातियों की रक्षा करना है, इनकी रक्षा के लिए इन्होंने प्रत्येक जन से अपनी सुविधा अनुसार विभिन्न स्थानों पर परिंडे बांधकर उनमें समय-समय पर दाना पानी डालने की विनम्र अपील की, संस्था कोषाध्यक्ष सुशील काठपाल व सहसचिव मदन लाल पंडितावाली ने कहा कि गर्मियों में जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, पक्षियों के लिए दाना पानी ढूंढ पाना उतना ही मुश्किल होता है, ऐसे में कई बेजुबान पक्षी दाना पानी नहीं मिलने की वजह से अपनी जिंदगी भी नहीं बचा पाते हैं, इस स्थिति में सभी से इन पक्षियों की रक्षा करने का आग्रह किया गया।

# सरमथुरा हाईवे के टोल प्लाजा पर दो बाइकों में भिड़ंत, एक बालक के साथ पांच लोग घायल, सभी को कराया एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड से गुजरते हाईवे 11बी पर बुधवार की शाम सड़क हादसा हुआ है। शादी-समारोह में जा रहे दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवकों सहित एक 12 वर्षीय बालक घायल हुआ है। सभी घायलों को ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से बड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार चिलाचोंद टोल प्लाजा के पास दो बाईकों में बुधवार की रात 9 बजे यह भिड़ंत हुई है। जिसमें एक बाइक पर सवार तीन लोग और दूसरी बाइक पर सवार एक बालक सहित उसका पिता घायल हुए है। अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गांव हरिलाल पुरा के बंटू कुशवाहा पुत्र प्रीतम,रामकेश पुत्र बाबूलाल और हरिकेश पुत्र बाबूलाल कटेलपुरा में शादी में जा रहे थे। इस दौरान टोल पर दूसरी बाइक से भिड़न्त हो गई। दुर्घटना में तीनों घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही दूसरी बाइक पर सवार सरमथुरा के बड़ा गांव निवासी महेंद्र सिंह पुत्र भगवान सिंह मीणा अपने 12 वर्षीय पुत्र धीरज के साथ सुनीपुर गांव में शादी में आ रहा था। जो घटना में घायल हो गए। इनको भी एम्बुलेंस से बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है।

# शहर के बाजार में डिस्कॉम की चोरी के खिलाफ कार्यवाही

## सात विधुत चोरो को पकड़ा, बिजली की केबिल जप्त, करीब दो लाख का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में गुरुवार को विद्युत चोरों के खिलाफ डिस्कॉम एक्शन मूड में दिखाई दिया। डिस्कॉम के अधिकारी जब शहर के बाजार में निकले तो हड़कंप मच गया। लगातार विद्युत छीजत के चलते डिस्काम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई शहर के किला गेट,गांधी पार्क, दमदम मोहल्ला,सराफा बाजार और घंटाघर क्षेत्र में की गई। जहां कई दुकानों पर विद्युत चोरी होते हुए मिलने पर डिस्कॉम की टीम द्वारा बिजली केबिलो को जप्त किया गया वहीं विद्युत चोरों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई।

डिस्कॉम की सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि शहर के किला गेट,गांधी पार्क,दमदम मोहल्ला,सराफा बाजार,घंटाघर क्षेत्र में कार्रवाई की है। जिसमें सात विद्युत चोरी के खिलाफ मामले बनाए हैं। बिजली चोरी के मामले में हमीदो पुत्र छिद्दा पर तीस हजार रूपये,गफूर पुत्र अहमद पर 52 हजार,संजय पुत्र विद्या प्रकाश पर 11 हजार,निजाम पुत्र कल्ला पर 33 हजार, पदमचंद पुत्र शिवचरण लाल सिंघल पर 24 हजार,कृष्ण मुरारी पुत्र महेश तमोली पर 20 हजार,रामबाबू पुत्र प्रभु दयाल पर 20 हजार का जुर्माना किया है।

ऐसे में सभी पर एक लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। एक सप्ताह में जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर डिस्कॉम द्वारा एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कनिष्क अभियंता जगदीश मीणा और टेक्निकल टीम के नीतेश,लोकेन्द्र,धनीराम,ओमवीर,सोहन,कल्याण,रामधन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सहायक अभियंता आरडी मीणा का कहना है कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार का सॉफ्ट रुख नहीं अपनाया जाएगा। सभी नागरिकों से डिस्कॉम के अधिकारियों ने अपील जारी की है कि वे विद्युत चोरी नहीं करें। जिनके यहां बिजली मीटर नहीं है वे बिजली कनेक्शन और मीटर के लिए एप्लीकेशन लगाए। 24 घंटे में विद्युत कनेक्शन दिया जाएगा।

# स्मार्ट विलेज धनौंरा के इंग्लिश मीडियम महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत, छात्र प्रबल ने बनाया प्रथम स्थान

### श्रुति दूसरे और खेमराज तीसरे स्थान पर, प्रिया कुमारी की चौथी रैंक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र के स्मार्ट विलेज धनौंरा गांव स्थित इंग्लिश मीडियम महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल का 10वीं बोर्ड का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। स्कूल के स्टाफ और प्राचार्य राजकुमार उपाध्याय की मेहनत का परिणाम है,कि विद्यालय में कक्षा 10वीं में अध्ययन करने वाले सभी 14 विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हुए हैं। प्रधानाचार्य राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि- स्कूल के स्टाफ ने पूरे वर्ष विद्यार्थियों को अच्छे तरीके से अध्ययन कराते हुए उनकी हर समस्या का समाधान किया है। जिसका परिणाम यह है,कि विद्यालय में अध्ययनत सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हुए हैं। प्राचार्य राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के छात्र प्रवल मित्तल पुत्र मोहित मित्तल ने 89 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान बनाया है। और श्रुति सिसोदिया पुत्री रोहित सिसोदिया ने 88.67 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है। तथा खेमराज शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा ने 87.67 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा प्रिया कुमारी पुत्री रामहेत मीणा की 78.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर चौथा स्थान बनाया है। विद्यालय में दसवीं बोर्ड परीक्षा में 14 छात्र-छात्रा अध्यनरत थे,जो सभी अच्छे अंकों से पास हुए हैं,ऐसे में विद्यालय में खुशी का माहौल है।







# सैना के बलिदान एंव वीरता के सम्मान में निकाली नैनवां में तिरंगा रैली

## तिरंगा रैली में गूजें देश भक्ती के जयकारे, शहर के लोगो ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत





बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** भारतीय सेना के शौर्य,बलिदान एंव वीरता को सम्मान में गुरूवार को नैनवां शहर में भी शहर एंव ग्रांमीण भाजपा मण्डल की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नैनवां पालिका परिसर से शुरू हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी कार्यकर्ता हाथो में तिरंगा व सीर में तिरंगी टोपी पहने हुए भारत माता के जयकारो के साथ रवाना हुए। तिरंगा यात्रा देईपोल चुंगीनाका से देईपोल दरवाजा से अंबेडकर सर्किल मुख्य बाजार चारभुजा मंदिर, चंचल मेडिकल ब्रज के बालाजी,तालाब की पाल से शहीद ए आजम भगत सिंह सर्किल पर पहुॅची। तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा,पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बिल्या, हेमराज नगर, नैनवा मंडल अध्यक्ष अनिल रंगीला, तिरंगा यात्रा हिंडोली विधानसभा के संयोजक सुरेंद्रनगर,जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आशावत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राधा कृष्ण सैनी, हिंडोली मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह सोलंकी, पूर्व चैयरमैन गोपीलाल सैनी,पुखराज ओसवाल, सहित शहर सहित देहात क्षेत्र से काफी तादात में भाजपा कार्यकर्ता एंव आमजन तिरंगा रैली में मौजूद रहे।

**देशभक्ति का नजारा से युवाओ में उत्साह :** शहर में सैकड़ो की तादात में हाथो में तिरंगा लेकर वीर जवान अमर रहे,भारत माता की जय सहित देश भक्ति के नारो के साथ तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य बाजार से गुजरने पर नजारा देश भक्ति से सरोबोर हो गया। बाजार से गुजरने वाले राहगीरो के कदम ठहर गये। वे भी देश भक्ती के नारे लगाते नजर आये। तिरंगा यात्रा जैसे ही शहीद ए आजम भगत सिंह सर्किल पर पहुॅचने पर लोगो ने जोश एंव उत्साह से देश भक्ति के नारे लगाये गये। तिरंगा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। तिरंगा रैली से पूर्व नैनवां एंव ग्रांमीण भाजपा मंडल के पदाधिकारियो की ओर से सभी अतिथियो को सांफा एंव माला पहना कर स्वागत किया गया।



# भेरू जी के मंदिर की लोहे की फाटक चुराकर ले जाने के बाद भक्तों मे गहराया आक्रोश

## चोरी की वारदात हुई सी सी कैमरे मे कैद

बढ़ता राजस्थान

**सरवाड- अजमेर (इकबाल अहमद)।** स्थित छीपा मोहल्ले मे स्थित भेरू जी के मंदिर से चोर गिरोह द्वारा मंदिर की लोहे की फाटक चुराकर ले जाने क्रा मामला प्रकाश मे आया हैं। चोरी की उक्त वरदात के बाद क्षेत्र के भक्तजनो मे जबरदस्त रोष व्याप्त हो गया हैं। वही चोरी की यह वारदात मोहल्ले मे लगे सी सी कैमरे मे कैद हो गई द्य इस संदर्भ मे मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड नंबर 16 छीपा मोहल्ला निवासी विट्ठल कुमार पुत्र विष्णु प्रसाद आछेरा ने बुधवार को सरवाड़ स्थित पुलिस थाने मे एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया की दिनाक 27 मई को सुबह के लगभग दस बजे दो लडके हौंडा साइन बाईक पर सवार होकर आए और मौका देखकर भेरू जी के मंदिर पर लगी लोहे की जाली को चुराकर उसे बाईक पर रखकर ले गए द्य इस दौरान मोहल्ले मे मौजूद महिलाओ ने लोहे की फाटक को चुराकर ले जा रहे उक्त दोनों युवकों को रोकने क्रा प्रयास किया लेकिन बाईक को तेज गति से चलाकर लोहे की फाटक को चुराकर ले जाने मे कामयाब हो गए वही मंदिर के पड़ोस मे स्थित एक मकान मे लगे सी सी कैमरे मे चोरी की यह वारदात कैद हो गई जिसमे दो युवक मंदिर की लोहे की फाटक को बाईक पर रखकर ले जाते हुए नजर आए द्य प्रस्तुत रिपोर्ट मे उक्त घटना मे लिप्त चोर गिरोह को गिरफ्तार कर चुराई गई लोहे की फाटक को ब्राद कर उन्हें जेल भिजवाने की मांग की द्य मोहल्ले के जागरूक लोगो ने सी सी फुटेज निकलवाकर अपने स्तर पर उक्त युवकों की पड़ताल की तो पता चला की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों मे से एक युवक पुरानी तहसील क्षेत्र मे रहता बताया जाता हैं। और वह आदतन नशेड़ी भी हैं द्य यदि समय रहते पुलिस द्वारा उक्त घटना मे लिप्त चोर गिरोह को नहीं पकड़ा तो वे शहर मे अन्य स्थलों पर भी चोरी की वारदात को अंजाम दे सकते हैं ।

## विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर सरकार द्वारा पांच ट्यूबवेल लगाने की स्वीकृति जारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर सरकार द्वारा शहर में पांच ट्यूबवेल लगाने की स्वीकृति जारी हुई है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, राजस्थान सरकार द्वारा बजट वर्ष 2025-26 में पेयजल की समस्या के निदान हेतु ट्यूबवेल व हैडपम्प लगाने की घोषणा की गई थी, जिसके तहत शहर विधायक अशोक कोठारी द्वारा शहर में अलग अलग पांच स्थानों पर ट्यूबवेल लगाने की अनुशंसा की गई थी, जिसमें सरकार द्वारा स्वीकृति जारी हो गई है, जल्द ही कार्य शुरू होगा। इन ट्यूबवेल से करीब 80 से 100 घरों को पानी की सप्लाई मिल सकेगी। ट्यूबवेल 8 इंची के होंगे। प्रत्येक ट्यूबवेल की कीमत करीब 15 लाख रुपए है।

### इन स्थानों पर लगेगी ट्यूबवेल

आवासन मंडल पटेल नगर विस्तार, अरिहंत विहार इंद्रा विहार के पास, खेड़ा खुट माताजी के पास संजय कॉलोनी, शिवम ग्रीन कॉलोनी के पास 100 फ़ीट रोड, तेली समाज के नोहरे के पीछे सेक्टर 10 तिलकनगर में ट्यूबवेल लगेगी।

## संजय कॉलोनी स्थित चारभुजा मंदिर में 25वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन शुरू

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संजय कॉलोनी, महेश मार्ग स्थित चारभुजा मंदिर की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर श्री चारभुजा मंदिर सेवा समिति एवं महिला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में मंदिर का 25 वां पाटोत्सव मनाया जा रहा है। समिति के मंत्री अरविन्द झामड़ ने बताया कि पाटोत्सव कार्यक्रम के तहत 5 दिवसीय आयोजनों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। समिति के अध्यक्ष जगदीश देवपुरा ने बताया कि 28 मई बुधवार प्रथम दिवस को महिला मण्डल की माताओं-बहिनों द्वारा मंदिर परिसर में ठाकुर जी के समक्ष आकर्षक भजन व नृत्यों की प्रस्तुती दी गई। महिलाऐं रंग-बिरंगे परिधान में सज-धज कर भाव विभोर होकर ठाकुर जी की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर रही थी। 29 मई गुरूवार को पाटोत्सव कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर भी महिला मण्डल की बहिनों द्वारा सायंकाल 4 से 6 बजे तक चारभुजा मंदिर परिसर में भजन एवं नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुती दी जायेगी। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष रामराय गट्टानी ने बताया कि 30 मई शुक्रवार को प्रसिद्ध भजन गायक मास्टर सुनील एवं पार्टी द्वारा भजनों की आकर्षक प्रस्तुती दी जायेगी। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू कुकड़ा ने बताया कि दिनांक 30.05.2025 शुक्रवार को आयोजित भक्ति संध्या के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा नगर निगम के महापोर श्री राकेष पाठक होंगे। मिडिया प्रभारी राजेश तोषनीवाल ने बताया कि 31 मई शनिवार को प्रातः मंगला आरती एवं भगवान के दुग्धाभिषेक के बाद प्रातः 7:30 बजे भगवान चारभुजा नाथ का भव्य श्रृंगार कर, बैवाण में बिठाकर बेण्ड-बाजों एवं ढ़ोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाऐंगी।

## भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी द्वारा विधानसभा में विषय रखने के बाद चारागाह विकास समितियों के गठन करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। पंचायती राज नियम 1996 के तहत प्रत्येक ग्राम, ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर चारागाह विकास समितियों के गठन के अभाव में जिले में चारागाह विकास नही हो पा रहा था। जिसपर विधायक अशोक कोठारी द्वारा विधानसभा में उक्त विषय को उठाया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, सरकार ने उक्त विषय को गंभीरता से लेकर मामले में संज्ञान लिया ओर प्रदेश में चारागाह विकास समितियों के गठन करने के निर्देश दिए। जिसपर भीलवाड़ा जिले में प्रत्येक ग्राम, पंचायत स्तर व ब्लॉक स्तर पर चारागाह विकास समितियों का गठन हो चुका है, अब जिले में उक्त समितियों के देखरेख में चारागाह विकास संभव होगा। चारागाह विकास होने पर क्षेत्र में जल स्तर बढेगा एवं अकाल व अनावृष्टि के दौरान घास की समस्या से निजात मिल सकेगी, जिससे गौवंश का भरण पोषण निश्चित व सुरक्षित होगा। समितियों के सहयोग से चारागाह विकास के कार्यों में मदद मिल सकेगी तथा अतिक्रमण से भी राहत प्रदान होगी।

## सेवा भारती ने सेवा बस्ती के बच्चों संग मनाई महाराणा प्रताप जयंती

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)। जिले के शाहपुरा में सेवा भारती इकाई ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती सेवा बस्ती के बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ हर्षोल्लास से मनाई।कार्यक्रम के तहत नगर के नए बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# सुभाष नगर विद्यालय की प्रतिभाओं का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर में विद्यालय परिवार द्वारा गुरुवार को विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य उर्मिला जोशी के अनुसार विद्यालय के 12वीं बोर्ड परीक्षा टॉपर छात्र-छात्राओं कला वर्ग - पवन शर्मा 97प्रतिशत खुशी वैष्णव95.40प्रतिशत कात्यायनी माणम्या90.40प्रतिशत अंकित गोस्वामी 90.40प्रतिशत विज्ञान वर्ग नारायणी मेघवंशी 89.24प्रतिशत वाणिज्य वर्ग लव आगाल 79प्रतिशत तथा दसवीं बोर्ड परीक्षा अंकित शर्मा90.67प्रतिशत योगिता बुनकर 90.50प्रतिशत अमित गोस्वामी 90.50प्रतिशत का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 12ह्ब्द्ध बोर्ड वाणिज्य वर्ग100प्रतिशत विज्ञान वर्ग 100प्रतिशत कला वर्ग 97प्रतिशत के साथ 117 प्रथम श्रेणी 64 द्वितीय श्रेणी व 02 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण तथा 10ह्ब्द्ध बोर्ड93.23प्रतिशत के साथ 71 प्रथम श्रेणी 53 द्वितीय श्रेणी एवं 15 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। श्रेष्ठ परिणाम देने के लिए प्रधानाचार्य नेसभी स्टॉफ के साथियों के परिश्रम की सराहना की। इस अवसर पर नाहर सिंह मीणा, सुषमा पालीवाल, सोनू शर्मा, कौशल्या राव, दीपमाला शर्मा, मधु लड्ढा, संगीता व्यास, इंदिरा शर्मा आदि उपस्थित थे।

## शाहपुरा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के शाहपुरा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली के शाहपुरा आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत कांग्रेस के शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी श्री नरेंद्र कुमार रैगर के नेतृत्व में त्रिमूर्ति चौराहे पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्री डोटासरा एवं श्री जूली ने सर्वप्रथम बारठ परिवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और जनसमर्थन हेतु आभार प्रकट किया। श्री नरेंद्र कुमार रैगर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जनसंपर्क अभियान लगातार मजबूत हो रहा है और जनता का सहयोग उत्साहवर्धक है। आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को अपार समर्थन मिलेगा, यह विश्वास हम सभी को है। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, संदीप जीनगर रामेश्वर सोलंकी बालमुकुंद तोशनिवाल अतुल



त्रिपाठी सुनील मिश्रा मधु पांडिक रचना मिश्रा धनराज जीनगर रमेश सेन राजेंद्र पप्पू जैन पदाधिकारीगण, महिला कार्यकर्ता, युवा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ईदुल अज्हा बकरीद 7 जून को

## शहर क़ाज़ी पीरज़ादा अब्दुल शकूर क़ादरी अध्यक्ष रूयते हिलाल चाँद कमेटी ने ईदुल अज़हा के चांद दिखाई देने की की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** ईदुल अज्हा बकरीद 7 जून को, बून्दी शहर क़ाज़ी पीरज़ादा अब्दुल शकूर क़ादरी अध्यक्ष रूयते हिलाल (चाँद) कमेटी ने ईदुल अज़हा के चांद दिखाई देने की घोषणा की है ईदुल अज़हा 7 जून शनिवार को मनाई जाएगी । बून्दी जिला वक्फ कमेटी सचिव मौलाना असलम ने बताया कि जिला हिलाल कमेटी ने ईदुल अज़हा के चांद दिखाई देने का एहतमाम किया था लेकिन शहर में मौसम के खराब होने व बादलो कि आवाजाही के चलते व मुल्क के अधिकतर हिस्से में मानसून सक्रिय होने वे बून्दी जिले व आसपास भी मतला साफ नहीं होने की वजह से जोधपुर से मौलाना शेर मोहम्मद खान रिजवी मुफ्ती ए राजस्थान के चांद के दिखाई देने की तस्दीक के बाद बून्दी शहर क़ाज़ी पीरज़ादा अब्दुल शकूर क़ादरी ने हिलाल कमेटी के मेम्बरो से मशवरा करके इत्तेफाक राय से ईदुल अज़हा 7 जून को मनाने का फैसला किया है कि आज 28 मई बुधवार को माहे जिलहिज्जाह का चांद नजर आ गया चांद की पहली तारीख 29 मई गुरुवार को होगी व ख्वाजा गरीब नवाज की महाना छठी शरीफ 3 जून मंगलवार को मनाई जाएगी बाड़मेर और मकराना से भी चांद दिखाई देने की खबर मिली है माहे जिलहिज्जह का चांद नजर आने पर आम लोगों को ईदुलअज्हा और आजमीने हज को हज की मुबारकबाद पेश करते हुए बताया कि बुधवार को जिल्हिजह का चांद दिखाई देने पर आगामी 7 जून 2025 शनिवार को ईदुलअज्हा (बकरीद) मनाई जाएगी। गौरतलब है कि हज भी इसी मुबारक महीने में अदा किया जाता है। इस साल 5 जून को सऊदी अरब के मक्का शहर के नजदीक अरफात के मैदान में (सऊदी कैलेंडर के मुताबिक) हज अदा किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईदुल अज्हा के मौके पर इस्लामी तौर व तरीकों के मुताबिक ईद मनाएं।

ऐसी कोई नागवार हरकत ना करें जिससे किसी को तकलीफ पहुंचे। कुर्बानी के वक़्त अदब व एहतराम का पूरा ख्याल रखें। ईदुलअज्हा (बकरीद) हमें त्याग, बलिदान और सब्र का पैगाम देता हैं इस दौरान हाजी अब्दुल सत्तार क़ादरी मौलाना शाह आलम मौलाना असगरुल क़ादरी मौलाना बिलाल मौलाना अलाउदीन मेहमूद अली मोहम्मद अहमद रज़ा अजीज क़ादरी जमशेदुर रहमान आदि मौजूद थे।

## मेघावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** पी एम श्री विद्यालय नैनवां में गुरुवार को 10 वी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्रों का प्रधानाचार्य विभा गौतम के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में प्रथम स्थान पर कृष्ण मीणा ने 96.86 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर नईम ने 94 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर राधा बंजारा ने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय में कुल 151 छात्रों में से 21 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। सभी छात्रों का प्रधानाचार्य विभा गौतम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एंव उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य मंशा तेली, हेमराज चैधरी, अब्दुल जावेद, ललित जैन,योगेश महावर, बनवारी लाल सेन, रघुवीर सैनी सहित छात्र उपस्थित रहे।

## बिजयनगर की होनहार छात्रा कृति जैन ने 12वीं वाणिज्य संकाय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया शहर का मान

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्री प्राज्ञ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिजयनगर की प्रतिभाशाली छात्रा कृति जैन ने राजस्थान बोर्ड की 12वीं वाणिज्य वर्ग की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90त्न अंक अर्जित किए। मुनीम कॉलोनी निवासी कृति जैन, हेमंत कुमार जैन की सुपुत्री हैं। उन्होंने लेखाशास्त्र विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष कीर्तिमान स्थापित किया है। कृति जैन की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे बिजयनगर क्षेत्र में गर्व और प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। उनके अभिभावक,शिक्षक और साथी विद्यार्थी इस सफलता से अत्यंत उत्साहित हैं। कृति जैन ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, स्मार्ट स्टडी, समय प्रबंधन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि वे भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की इच्छा रखती हैं और इसके लिए उन्होंने अभी से तैयारी आरंभ कर दी है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने कृति जैन की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अधूरे बंद पड़े अंडर पास निर्माण कार्य की रेलवे ने ली सुध,मंडल रेल प्रबंधक की तत्वरित कार्यवाही से बंद पड़ा कार्य होगा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के मध्य से गुजर रहे रेलवे के दिल्ली मुम्बई मुख्य रेल मार्ग पर गेट क्रमांक 32 पर बना पड़ा अधूरा अंडर पास जो नागरिको की परेशानी का सबब बना हुआ है।अंडर पास के फर्श पर बड़े बड़े गड्ढे,व पानी भरने से दो पहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे है जिसका निर्माण कार्य 17 माह बीत जाने के बाद भी पूरा नही हो सका है ओर पिछले 3 माह से ठेकेदार की उदासीनता से बंद पड़ा हुवा था।जिसकी शिकायत व्यापार संघ ,सामाजिक संगठनों व नागरिको सहित पत्रकारों ने रेल मंडल प्रबंधक अनिल कालरा कोटा जो पिछले दिनों चौमहला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुचे थे उस दौरान की थी व उनको मौके पर हालात से अवगत भी करवाया था।जिस पर डी आर एम ने हालात




को गंभीर मानते हुवे बंद पड़े कार्य को बरसात से पूर्व ही पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया था।जिसके परिणाम स्वरूप अधूरे बंद पड़े अंडर पास के कार्य को पूरा करने का काम शुरू किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत अंडर पास मार्ग को यातायात के लिए 29 मई से 17 जून तक बीस दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।इस दौरान अंडर पास फर्श निर्माण टीन शेड आदि कार्य किये जायेंगे।इस अवधि में नागरिको द्वारा यातायात के लिए बायपास बिलावली रोड ओवर ब्रिज होकर मल्हारगंज चौराहे वाले रास्ते का उपयोग करना होगा।

# सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीमें बाहर

## 2025 में 200+ स्कोर बढ़े, शतक कम लगे, बेस्ट रन रेट वाली पंजाब टॉप पर

नई दिल्ली। आईपीएल का पहला प्लेऑफ मैच खेला गया। 2024 में प्लेऑफ खेलने वाली 4 में से 3 टीमें 2025 के टॉप-4 में जगह नहीं बना सकीं। आरसीबी ही दोनों सीजन प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीम रही। पिछले साल जहां 6 बार टीमों ने पारी में 250 से ज्यादा रन बनाए थे, वहीं इस बार 2 ही बार टीमें इस आंकड़े को पार कर सकीं। दोनों बार यह कारनामा छठे स्थान पर रही स्क्रा। ने किया। लीग स्टेज के 70 मैचों में पिछली बार 14 शतक लग गए थे, इस बार 9 ही सेंचुरी लगीं। हालांकि चौकों और छक्कों की संख्या लगभग बराबर ही रही। इस बार टॉस जीतने वाली टीमों ने ज्यादा मैच जीते। वहीं राइट हैंड बैटर्स के मुकाबले लेफ्ट हैंडर्स का ज्यादा दबदबा रहा।

### 5 पॉइंट्स में आईपीएल 2025 का

#### 1. स्कोरिंग रेट

– रन रेट बराबरी पर रहा 2024 में लीग स्टेज के 70 में से 67 मुकाबलों के नतीजे निकले, 3 मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे थे। इस बार भी यही ट्रेंड रहा। 10 टीमों ने 9.61 के रन रेट से स्कोर किया था, जो इस बार हल्का सा गिरकर 9.60 पर रहा। हालांकि, इस बार बैटिंग औसत 29.86 से बढ़कर 30.50 पर पहुंच गया। यानी बैटर्स ने अपना विकेट देने से पहले ज्यादा रन बनाए।

2023 में पहली बार इम्पैक्ट प्लेयर रूल से 12 प्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया। 2024 में इस नियम के कारण 41 बार 200 से ज्यादा रन बन गए, जो एक सीजन का रिकॉर्ड था। 2025 में यह रिकॉर्ड भी टूट गया और टीमों ने 48 बार 200 प्लस रन बना दिए। हालांकि, इस बार 250 प्लस स्कोर 6 के मुकाबले 2 ही बार बने।

–पंजाब ने सबसे तेज बैटिंग की पिछले साल च्यक्रका रन रेट सबसे ज्यादा था, टीम ने 10.62 के रन रेट से बैटिंग करते हुए टाइटल भी उठाया था। बेस्ट रन रेट वाली 3 टीमों में स्क्रा। और आरसीबी का नंबर भी था, दोनों टीमें प्लेऑफ में पहुंची थीं। इस बार पंजाब ने सबसे तेज 10.10 के रन रेट से बैटिंग की और नंबर-1 पर रहकर लीग स्टेज फिनिश किया। हैदराबाद ने 10.04 और गुजरात ने 9.92 के रन रेट से बैटिंग की। गुजरात तो प्लेऑफ में पहुंच गई, लेकिन हैदराबाद बाहर हो गई।

2024 में गुजरात, लखनऊ और पंजाब ने सबसे धीमे रन रेट से बैटिंग की थी, तीनों ही प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकीं। इस बार चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली ने सबसे धीमे बैटिंग की, तीनों को प्लेऑफ में जगह नहीं मिली।

#### 2. बाउंड्री और सेंचुरी

– 5 शतक कम लगे 2024 में 14 शतक लग गए थे, इस बार 9 ही खिलाड़ी सेंचुरी लगा पाए। हालांकि, 122 फिफ्टी के मुकाबले इस बार 138 हाफ सेंचुरी जरूर लग गईं। पिछली बार 83 खिलाड़ी खाता नहीं खोल सके थे, इस बार यह आंकड़ा गिरकर 72 ही रहा। इस सीजन हैदराबाद के सबसे ज्यादा 3 प्लेयर्स ने शतक लगाए। लखनऊ से 2 प्लेयर्स ने सेंचुरी लगाई। दोनों टीमें प्लेऑफ में एंट्री नहीं कर सकीं।

– सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली स्स्त, क्रक्र बाहर 2025 के लीग स्टेज में चौकों और छक्कों की संख्या में हल्की बढ़ोतरी हुई। 1208 के मुकाबले इस बार 1217 छक्के लगे। वहीं 2070 चौकों के मुकाबले इस बार 2138 चौके लग गए। हैदराबाद ने पिछले साल सबसे ज्यादा 160 छक्के लगाए थे। इस बार प्लेऑफ से बाहर लखनऊ 152 और राजस्थान 146 सिक्स लगाकर टॉप-2 में रहीं। प्लेयर्स में हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने 41 छक्के लगाए थे, इस बार लखनऊ के निकोलस पूरन 40 सिक्स लगाकर टॉप पर रहे। फर्क बस इतना रहा कि पिछली बार सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीमों और प्लेयर्स ने प्लेऑफ में भी जगह बनाई थी। इस बार ये नहीं हो सका।

**IPL**
**टॉस का इम्पैक्ट**

| 2024 | VS | 2025 |
|---|---|---|
| 30 मैच – टॉस जीतकर मैच जीता | | 41 मैच – टॉस जीतकर मैच जीता, 1 टाई |
| 37 मैच – टॉस हारकर मैच जीता | | 26 मैच – टॉस हारकर मैच जीता |
| 17 मैच – बैटिंग चुनी, 7 जीते, 10 गंवाए | | 11 मैच – बैटिंग चुनी, 8 जीते, 3 गंवाए |
| 50 मैच – बॉलिंग चुनी, 23 जीते, 27 गंवाए | | 56 मैच – बॉलिंग चुनी, 32 जीते, 23 गंवाए, 1 टाई |

#### 3. टॉस

### टॉस जीतने वाली 60% टीमों ने मैच जीते

दोनों ही सीजन के 70 में से 67 मैचों के नतीजे निकले, बारिश के कारण 3 मुकाबले बेनतीजा रहे। 2024 में टॉस जीतने वाली 45% टीमें ही मैच जीत पाई थी। जबकि इस बार टॉस जीतने वाली 60% टीमों ने मैच भी जीता। 2024 के 17 मैचों में टीमों ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, 10 टीमों को हार मिली थी। 41त्र को ही जीत मिली। इस बार 11 ही टीमों ने बैटिंग चुनी, लेकिन 73% मुकाबले जीत लिए।

**IPL**
**स्कोरिंग पैटर्न**

| 2024 | साल | 2025 |
|---|---|---|
| 70 | मैच | 70 |
| 67 | नतीजे | 67 |
| 3 | बेनतीजा | 3 |
| 9.61 | रन रेट | 9.6 |
| 24761 | रन | 24954 |
| 829 | विकेट | 818 |
| 287 रन | हाईएस्ट | 286 रन |
| 89 रन | लोएस्ट | 95 रन |
| 41 | 200+ | 48 |
| 6 | 250+ | 2 |

**IPL**
**टीमों का रन रेट कम हुआ**

| 2024 | | VS | 2025 | |
|---|---|---|---|---|
| 10.62 | KKR | | PBKS | 10.1 |
| 10.59 | SRH | | SRH | 10.04 |
| 10.26 | RCB | | GT | 9.92 |

**सबसे धीमे बैटिंग करने वाली टॉप-3 टीमें**

| 2024 | | VS | 2025 | |
|---|---|---|---|---|
| 8.71 | GT | | CSK | 8.79 |
| 9.06 | LSG | | KKR | 9.14 |
| 9.16 | PBKS | | DC | 9.27 |

#### 4. बैटिंग

### लेफ्ट हैंडर्स का दबदबा रहा

2024 में 145 राइट हैंड बैटर्स ने 150 के स्ट्राइक रेट और 27.72 के औसत से बैटिंग की थी। उन्होंने 10 सेंचुरी और 76 फिफ्टी लगाई थी। इस बार 132 राइट हैंडर्स का औसत और स्ट्राइक रेट तो लगभग बराबरी पर रहा, लेकिन बैटर्स 3 ही शतक लगा सके। हालांकि, बाउंड्रीज में ज्यादा अंतर नहीं रहा।

2024 में 63 लेफ्ट हैंड बैटर्स ने 152 के स्ट्राइक रेट और करीब 30 के औसत से रन बनाए थे। उन्होंने 4 सेंचुरी और 46 फिफ्टी लगाई थीं। वहीं, इस बार 66 लेफ्टी बैटर्स ने 6 सेंचुरी और 50 फिफ्टी लगा दीं। यानी पिछले साल लेफ्टी बैटर्स शतक लगाने में पिछड़ रहे थे, लेकिन इस बार लेफ्टी बैटर्स ने संख्या में कम होने के बावजूद राइटी बैटर्स के मुकाबले ज्यादा सेंचुरी लगा दीं।

#### 5. बॉलिंग

### पेसर्स को विकेट ज्यादा, स्पिनर्स ने अधिक रन रोके

2024 में 95 पेसर्स ने 9.85 की इकोनॉमी से बॉलिंग करते हुए 560 विकेट निकाले थे। इस बार 92 पेसर्स 489 विकेट ही ले सके। इकोनॉमी रेट लगभग बराबरी पर रहा। 2024 में 94 स्पिनर्स ने 8.72 की इकोनॉमी से बॉलिंग करते हुए 218 विकेट लिए थे। इस बार 85 स्पिनर्स ने ही 291 विकेट झटक लिए। उनका इकोनॉमी भी 8.86 का ही रहा। यानी इस बार स्पिनर्स ने रन ज्यादा रोके, वहीं पेसर्स ने विकेट ज्यादा लिए।

# बीसीसीआई ने जारी किया टीम इंडिया का शेड्यूल

नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 अब धीरे-धीरे अपने समापन की ओर आगे बढ़ रहा है, जहां देखा जाए तो अब इस लीग के समाप्ति के बाद बीसीसीआई ने टीम इंडिया के 2025 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है कि तीनों ही फॉर्मेट में भारत को कब और कितने मैच खेलने हैं। यानी कि आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट टीम का कार्यक्रम पूरी तरह से व्यस्त रहने वाला है, जिसकी शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ होने वाली है।

### इंग्लैंड दौरे से शुरू होगा कार्यक्रम

आईपीएल की समाप्ति के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड का दौरा करना है जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से होगी और इसका आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से खेला जाएगा। इस लंबे दौरे के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड की घोषणा बीसीसीआई द्वारा कर दी गई है जिसमें कई युवा और धुरंधर खिलाड़ी को मौका मिला है।

### बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 खेलेगा भारत

इंग्लैंड दौरे की समाप्ति के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को चैन नहीं होगा क्योंकि इसके बाद बांग्लादेश दौरे पर खिलाड़ियों को तीन मैचों की वनडे और तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज खेलनी है जिसकी शुरुआत 17 अगस्त से होगी और 31 अगस्त को आखिरी मैच खेला जाएगा।

### वेस्टइंडीज का भारत दौरा

बांग्लादेश दौरे के बाद देखा जाए तो टीम इंडिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए वेस्टइंडीज की टीम भारत दौरे पर आएगी और लगभग 6 साल बाद यह टीम भारत दौरे पर कोई सीरीज खेलने के लिए आ रही है, जहां दोनों टीमों के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज की शुरुआत 2 अक्टूबर से होगी।




### इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरा

19 अक्टूबर से भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर होगी जहां पर वाइट बॉल की सीरीज खेली जानी है। दोनों टीमों के बीच यहां तीन वनडे और पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और इसका आखिरी मुकाबला 8 नवंबर को खेला जाएगा।

### साउथ अफ्रीका का इंडिया दौरा

भारतीय क्रिकेट टीम साल 2025 का अंत साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज, 3 मैचों की वनडे और पांच मैचों की टी-20 सीरीज के साथ करेगी। यह एकमात्र टीम है जिसके खिलाफ इस साल भारत को तीनों ही फॉर्मेट में मैच खेलने हैं। साल 2019 के बाद यह टीम पहली बार भारत का टेस्ट दौरा करने वाली है जहां दोनों टीमों के बीच 14 नवंबर से मैच शुरू होंगे और 19 दिसंबर को आखिरी मुकाबला खेला जाएगा, जहां इस लंबे दौरे के लिए मैनेजमेंट ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है।




# इंग्लैंड दौरे से पहले रवींद्र जडेजा ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी को लेकर दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 के खत्म होते ही भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे पर रवाना हो जाएगी। इस दौरे पर टीम इंडिया पांच टेस्ट मैचों की अहम सीरीज खेलेगी, जिसके लिए बीसीसीआई के चयनकर्ता पहले ही टीम की घोषणा कर चुके हैं। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के चलते शुभमन गिल को टीम की कमान सौंपी गई है। इस दौरे पर भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी जाने वाले हैं, जिनसे भारत के पूर्व खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर खास बातचीत की है। अश्विन ने उनसे भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी को लेकर भी बात की है।

**टेस्ट टीम की कप्तानी पर जडेजा का बड़ा बयान :** अश्विन ने रवींद्र जडेजा से सवाल किया कि क्या आपने कभी टीम इंडिया की कप्तानी के बारे में सोचा है इस पर जडेजा तपाक से कहा, हांज निश्चित रूप से सोचा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में मैं कई कप्तानों के नेतृत्व में खेला। इसलिए हर कप्तान की मानसिकता के बार में पता है। सबकी अपनी अलग ही मानसिकता होती है कि वे टीम से क्या चाहते हैं और कैसे चलाना चाहते हैं। उदाहरण के लिए मैंने हर फॉर्मेट में एमएस धोनी कप्तानी में खेला। उनकी सोच बहुत ही सरल है। जब उन्हें लगेगा कि बल्लेबाज उस तरु हिट कर सकता है तो वे वहीं एक फिल्डर सेट कर देंगे।

**'टेस्ट और टी20 की कप्तानी में अंतर' :** रवींद्र जडेजा ने टेस्ट और टी20 फॉर्मेट की कप्तानी में अंतर बताते हुए बताया कि टी20 में कप्तानी टेस्ट क्रिकेट से कहीं अधिक व्यस्त रहती है। टेस्ट में आपको गेंदबाज की आवश्यकता को देखते हुए दो-तीन फील्डर बदलने पड़ते हैं। टेस्ट क्रिकेट में यह सरल जरूर है, लेकिन गणना पर आधारित होती है। ये टी20 की तरह जटिल नहीं होती है। टी20 में हर गेंद एक इवेंट है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट इतना व्यस्त नहीं।

### 'मैं पहली बार धोनी से मिलने से झिझक रहा था'

**इस दौरान रवींद्र जडेजा ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी से पहली मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मैं पहली बार धोनी से चेन्नई में 2005 की चैलेंजर्स ट्रॉफी के दौरान मिला था। मेरी मुंबई से फ्लाइट थी और उसी से धोनी भी आ रहे थे। वह बिजनेस क्लास में बैठे थे और मैं इकॉनमी क्लास में बैठा था। हर कोई कह रहा था कि धोनी सामने ही बैठे हैं, लेकिन मैं मिलने में झिझक रहा था।**

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए रवाना



बेंगलुरु।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 28 मई की रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए रवाना हो गई। यह चरण 7 से 22 जून के बीच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेला जाएगा। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत नीदरलैंड के खिलाफ दो लगातार मुकाबलों से करेगा, जो 7 और 9 जून को वागनेर स्टेडियम, एम्सटेलवीन में खेले जाएंगे। इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर मुकाबले होंगे, जिनका आयोजन भी एम्सटेलवीन में ही होगा।

टीम इसके बाद बेल्जियम के एंटवर्प रवाना होगी, जहां 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। इसके बाद भारत 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगा। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान और अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, यह यूरोपीय चरण हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि हमें दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों से भिड़ना है। भुवनेश्वर चरण में हमारे कुछ मिश्रित नतीजे रहे थे, लेकिन हम अंक तालिका में अच्छी स्थिति में हैं और अब हम इस प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य अधिकतम अंक जुटाकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करना है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमारा ट्रेनिंग कैंप काफी प्रभावी रहा है।

# मनिका बत्रा चोट के चलते यूटीटी 2025 से बाहर, अयहिका मुखर्जी को मिला मौका

नई दिल्ली।

भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनीका बत्रा छठे संस्करण के अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से बाहर हो गई हैं। वह चोट के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी जगह अब अयहिका मुखर्जी अहमदाबाद एसजी पाइपर्स की टीम में शामिल होंगी।


**वर्ल्ड चैंपियनशिप में लगी चोट, रिहैब में हैं मनिका :** मनिका बत्रा को हाल ही में संपन्न हुई टेबल टेनिस वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 के दौरान चोट लगी थी। फिलहाल वह रिहैब से गुजर रही हैं। टूर्नामेंट में मनिका को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा था, जहां वह रैंकिंग में नीचे चल रही कोरियाई खिलाड़ी पार्क गाह्योन (रैंक 64) से राउंड ऑफ 64 में हार गई थीं। उस समय मनिका की विश्व रैंकिंग 46 थी, जो अब गिरकर 47 हो गई है।

**नीलामी में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने खरीदा था :** यूटीटी के पहले-एवर ऑक्शन में मनीका बत्रा को अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने टीम में शामिल किया था। इससे पहले वह पीबीजी पुणे जैगुआर्स की ओर से खेलती थीं, जिन्होंने उन्हें रिलीज कर दिया था।

**टीम में अन्य प्रमुख खिलाड़ी :** मनिका की गैरमौजूदगी में टीम पर असर पड़ सकता है। हालांकि, टीम में अन्य अहम खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रिकार्डो वाल्थर, एसएफआर स्नेहित, जॉर्जिया पिकोलिन, दिव्यांश श्रीवास्तव और याशिनी शिवशंकर शामिल हैं। अयहिका मुखर्जी, जो यूटीटी नीलामी में अनसोल्ड रहीं थीं, अब मनिका की जगह लेने जा रही हैं। उनके लिए यह एक बड़ा मौका होगा। लेकिन साथ ही मनिका जैसी स्टार खिलाड़ी की भरपाई करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती भी होगी।

# 10 साल के बेटे शाहिद को भीड़ ने घेरा तो घबरा गया गरीबी में करना पड़ा टीवी शो में काम

# पंकज कपूर




कुछ लोग बोलते कम हैं, लेकिन उनका काम बहुत कुछ कह जाता है। कुछ कलाकार ऐसे होते हैं जो गाजे-बाजे के बिना, सिर्फ अपने अभिनय से जादू कर देते हैं। उनकी एक्टिंग ऐसी होती है कि फिल्म खत्म हो जाती है, लेकिन उनका किरदार जेहन में बना रहता है। पंकज कपूर उन्हीं में से एक हैं। जी हां, वही पंकज कपूर जिन्हें जेन जे शाहिद कपूर के पिता के रूप में जानती है, तो वहीं पिछली पीढ़ी के बीच वो डॉ. दीपांकर रॉय, करमचंद और मुसद्दीलाल जैसे यादगार किरदारों के लिए जाने जाते हैं। पंकज कपूर का जन्म 29 मई 1954 को पंजाब के लुधियाना में हुआ। उनके पिता कॉलेज के प्रिंसिपल और इंग्लिश प्रोफेसर थे। घर का माहौल पढ़ाई-लिखाई और साहित्यिक था। इसी माहौल में पंकज कपूर के भीतर कला और संस्कृति के बीज पड़े। जब 18 की उम्र में पंकज कपूर ने घर में बताया कि वह अभिनेता बनना चाहते हैं, तो उनकी मां रोने लगीं, वहीं उनके पिता आनंद प्रकाश कपूर ने इस पर गर्व जताया। पिता ने पंकज को अभिनय में एनएसडी से औपचारिक प्रशिक्षण लेने की सलाह दी।

### भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान ने किया रिजेक्ट, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में हुआ सिलेक्शन

पंकज कपूर ने पिता की सलाह पर एक्टिंग में करियर बनाने के लिए भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में आवेदन दिया। स्क्रीन टेस्ट के दौरान भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया, लेकिन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में उनका सिलेक्शन हो गया।

### प्ले के बदौलत मिली गांधी फिल्म

पढ़ाई के साथ-साथ वो थिएटर करने लगे। पढ़ाई पूरी होने के बाद वो हस्ष्ठ की रेपर्टरी कंपनी में नौकरी करने लगे। पंकज कपूर को फिल्मी दुनिया में बड़ा ब्रेक हॉलीवुड निर्देशक रिचर्ड एटनबरो के जरिए मिला। दरअसल, पंकज कपूर मुख्यमंत्री नाम के नाटक में अभिनय कर रहे थे। इसमें उन्होंने मुख्यमंत्री के सचिव का किरदार निभाया था। 'गांधी' फिल्म के डायरेक्टर रिचर्ड एटनबरो को प्ले में पंकज का अभिनय इतना पसंद आया कि उन्हें गांधी जी के दूसरे सचिव प्यारे लाल नायर का रोल ऑफर कर दिया। पंकज का मानना था कि उनकी शक्ल प्यारे लाल नायर से मिलती-जुलती थी। शायद इसी वजह से उन्हें बुलाया गया था।

### गांधी फिल्म की तो नौकरी से निकाल दिए गए पंकज कपूर

उस समय फिल्म गांधी में लीड एक्टर के लिए डबिंग आर्टिस्ट की तलाश भी जारी थी। किसी ने पंकज को बताया कि शायद नटराज स्टूडियो में इसके ऑडिशन हो रहे हैं। पंकज काम ढूंढ ही रहे थे, तो वे भी वहां चले गए। उन्होंने अपनी शेक्सपियर के दो अंग्रेजी डायलॉग्स बोलकर आवाज रिकॉर्ड करवाई। वह एटनबरो को दिखाना चाहते थे कि वे पढ़े-लिखे हैं और थिएटर जानते हैं। इसके बाद उन्हें शॉर्ट लिस्ट कर लिया गया। फिर उन्हें बीआर स्टूडियो बुलाया गया। वहां उनसे गांधी जी के उपवास वाले एक कठिन सीन की डबिंग करवाई गई। इसमें गांधी जी बहुत धीमी आवाज में बोलते हैं। पंकज ने वह सीन अंग्रेजी में डब किया। एटनबरो ने सुना और तुरंत उन्हें चुन लिया। इसके बाद पंकज ने फिल्म गांधी के लिए डबिंग शुरू की। वह रोज 11 घंटे डबिंग करते थे। हालांकि, पंकज कपूर को फिल्म गांधी में काम करने के कारण हस्ष्ठ से नौकरी खोनी पड़ी। इसके बाद पंकज कपूर ने मुंबई की ओर रुख किया। फिल्म गांधी के बाद पंकज कपूर ने पैरलल सिनेमा के फिल्ममेकर श्याम बेनेगल की मंडी और आरोहण, कुंदन शाह की जाने भी दो यारो, सईद अख्तर मिर्जा की मोहन जोशी हाजिर हो!, मृणाल सेन की खंडहर और विधु विनोद चोपड़ा की खामोशी जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया।

### नसीरुद्दीन शाह ने ठुकराया तो पंकज कपूर मकबूल में बने 'अब्बा जी'

फिल्म मकबूल में पंकज कपूर द्वारा निभाया गया 'जहांगीर खान अब्बा जी' का किरदार आज भी भारतीय सिनेमा में यादगार माना जाता है। अब्बा जी का रोल पहले शशि कपूर करने वाले थे, लेकिन वो उस रोल के लिए फिट नहीं थे, फिर यह रोल नसीरुद्दीन शाह को ऑफर हुआ था। फिल्म के निर्देशक विशाल भारद्वाज ने एक इंटरव्यू में इसका खुलासा किया था। विशाल ने बताया था, जब मकबूल की स्क्रिप्ट तैयार हुई थी, तो मैंने नसीरुद्दीन शाह से कहा कि आप इसमें जो भी किरदार पसंद हो, चुन लीजिए। उन्होंने अब्बा जी का किरदार चुना और तैयारी भी शुरू कर दी। उन्होंने बाल बढ़ाने शुरू किए, मेहंदी लगाई, दाढ़ी बढ़ाई ताकि किरदार में रच-बस सकें। शूटिंग के तीन महीने पहले विशाल को नसीरुद्दीन शाह ने बुलाया और कहा, मुझे लग रहा है कि मैं ये रोल नहीं कर पाऊंगा। ऐसा नहीं कि मैं फिल्म से भाग रहा हूं, बल्कि मुझे इस किरदार में अपने लिए एक्टर के तौर पर कुछ नया नहीं दिख रहा है। नसीरुद्दीन शाह ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए एक सुझाव दिया। उन्होंने कहा, फिल्म में जो इंस्पेक्टर पंडित और इंस्पेक्टर पुरोहित के किरदार हैं, वो मुझे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण लगते हैं। अगर नए एक्टर्स को ये रोल मिलेगा तो उनका महत्व कम हो जाएगा। मैंने ओम पुरी से बात कर ली है, हम दोनों मिलकर ये रोल निभाएंगे। वहीं, एक्टर पीयूष मिश्रा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि शशि कपूर भी यह रोल करने वाले थे, लेकिन वह फिट नहीं थे। अंत में पंकज कपूर ने अब्बा जी का रोल निभाया और उन्होंने इस किरदार को अपने बेमिसाल अभिनय से अमर बना दिया। मकबूल में अब्बा जी के रोल के लिए पंकज कपूर को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इसके बाद पंकज कपूर द ब्लू अम्ब्रेला, दस, हल्ला बोल और मटरू की बिजली का मंडोला जैसी फिल्मों में दिखे। 2019 में उनकी किताब दोपहरी छपी। पिछले कुछ वर्षों में वह जर्सी, लॉस्ट, भीड़ और बिन्नी एंड फैमिली जैसी फिल्मों में नजर आए हैं। वहीं, 2024 में उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज आईसी 814: द कंधार हाईजैक में भी काम किया।

### आर्थिक तंगी के चलते टीवी इंडस्ट्री में रखा कदम

1985 में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया। हालांकि, शुरुआत में वह टीवी में काम नहीं करना चाहते थे। जब उन्हें सीरियल करमचंद ऑफर किया गया तो उन्होंने मना कर दिया, लेकिन पंकज कपूर ने बाद में फिर इसमें काम किया। पंकज कपूर ने एक इंटरव्यू में टेलीविजन को चुनने का कारण बताते हुए कहा था, मसला सर्वाइवल का तो था, क्योंकि जिन फिल्मों में हम काम कर रहे थे उनमें तो खास पैसा नहीं था, बस काम करने का मौका मिल रहा था। ऐसे ही वक्त में टेलीविजन की शुरुआत हुई। मुझे करमचंद नाम का सीरियल ऑफर हुआ, लेकिन शुरुआत में मैंने मना कर दिया। मुझे लगा था मैं टीवी नहीं करना चाहता। हालांकि, पंकज कपूर की आर्थिक स्थिति ने उन्हें सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, जब मैंने देखा कि मेरे पास खाने के लिए पैसे नहीं हैं और गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है, तो मैंने सोचा कि चलो स्क्रिप्ट देखते हैं। पंकज कपूर ने बताया था कि करमचंद करना उनके लिए एक 'ब्लेसिंग इन डिसगाइज' साबित हुआ। उस दौर की फिल्मों में उन्हें जो रोल मिलते थे, वो काफी सीमित होते थे। उन्हें हीरो के दोस्त या हीरोइन के भाई या फिर छोटे-मोटे विलेन के रोल मिलते थे। टेलीविजन एक बड़ा माध्यम बनकर उभरा, जिसने उन्हें कई यादगार रोल निभाने का मौका दिया। बता दें कि करमचंद सीरियल से उन्हें काफी पहचान मिली।

### 28 साल की अमृता सिंह के पिता बने थे 32 साल के पंकज कपूर

'चमेली की शादी' फिल्म में उन्होंने आम आदमी की मासूमियत और सच्चाई दिखाई। खास बात ये थी कि जब वो 32 साल के थे तो उन्होंने चमेली की शादी में अपने से चार साल छोटी अमृता सिंह के पिता का किरदार निभाया था। हालांकि, पंकज कपूर बहुत अच्छी फिल्में कर रहे थे, लेकिन कहीं न कहीं वह इन फिल्मों से अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे थे।

### सुप्रिया पाठक की मां दीना इस रिश्ते के खिलाफ थीं

पंकज एक बार पहले विवाह का अनुभव ले चुके थे, इसलिए दूसरी बार जल्दबाजी में निर्णय लेने से हिचकिचा रहे थे, लेकिन जब उन्होंने महसूस किया कि वो सुप्रिया के बिना नहीं रह सकते हैं। फिर उन्होंने अपने दिल की बात सुनी। दो साल तक डेट करने के बाद उन्होंने 1988 में सुप्रिया से शादी कर ली। हालांकि सुप्रिया की मां दीना पाठक इस रिश्ते के खिलाफ थीं। सुप्रिया की मां दीना को पंकज पसंद नहीं थे इसलिए वो एक्ट्रेस पर शादी से इनकार करने का दबाव बनाने लगीं। मां के ना मानने पर सुप्रिया ने घरवालों की मर्जी के खिलाफ जाकर 7 साल बड़े पंकज से शादी की। शादी के बाद दीना और पंकज के रिश्ते भी सुधरने लगे। इस शादी से उनके दो बच्चे सनाह कपूर और रुहान कपूर हैं। पंकज कपूर और सुप्रिया पाठक के बच्चों का विवाह एक्ट्रेस सीमा पाहवा और एक्टर मनोज पाहवा के बच्चों से हुआ है। सनाह ने फिल्म शानदार से अपने करियर की शुरुआत की थी। मनोज और सीमा पाहवा के बेटे मयंक पाहवा से सनाह ने शादी की है। वहीं, बेटे रूहान की मनोज और सीमा की बेटी मनुकृति पाहवा से शादी हुई है।

### पंकज कपूर की पर्सनल लाइफ

पंकज कपूर ने दो बार शादी की है और उनके तीन बच्चे हैं। उनकी पहली शादी एक्ट्रेस और डांसर नीलिमा अजीम से हुई थी। पंकज कपूर की पहली मुलाकात नीलिमा अजीम से एनएसडी में हुई थी। नीलिमा उस वक्त कथक सीख रही थीं और पंकज एक्टिंग की ट्रेनिंग ले रहे थे। दोनों की दोस्ती जल्द ही मोहब्बत में बदल गई और साल 1979 में उन्होंने शादी कर ली। 1981 में उनके बेटे शाहिद कपूर का जन्म हुआ। हालांकि शादी के कुछ सालों बाद दोनों के रिश्तों में दरार आने लगी और 1984 में उनका तलाक हो गया। नीलिमा ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अलग होने का निर्णय पंकज कपूर का था वो अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए थे।




## अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए ऋतिक-होम्बले फिल्म्स ने मिलाया हाथ

ऋतिक रोशन इन दिनों फिल्म वॉर 2 को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस ने ऋतिक रोशन के साथ एक नए प्रोजेक्ट की घोषणा की है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट से जुड़ी कोई जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि ऋतिक इस फिल्म में किस भूमिका में नजर आएंगे। लेकिन एक्टर के फैंस काफी खुश हैं। होम्बले फिल्म्स के मालिक विजय किरागंदूर ने कहा, 'हमें इस सहयोग से बहुत खुशी हुई है। होम्बले फिल्म्स का मकसद ऐसी कहानियां बताना है जो लोगों को प्रेरणा दें और सभी तक पहुंचें। ऋतिक रोशन के साथ काम करना हमारे इस मकसद की ओर एक बड़ा कदम है।

हम एक ऐसी फिल्म बनाना चाहते हैं, जिसमें दमदार कहानी और कल्पना दोनों हों। हम ऐसी फिल्म बनाने की पूरी कोशिश करेंगे जो दिल छू जाए और यादगार रहे।' ऋतिक ने कहा, 'होम्बले फिल्म्स ने अब तक कई अलग और दिलचस्प कहानियां बनाई हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर बहुत खुश हूं। हम मिलकर दर्शकों के लिए एक बेहतरीन फिल्म लाना चाहते हैं। हमारा सपना बड़ा है और हम उसे सच करने की पूरी कोशिश करेंगे।'

### फैंस ने जताई खुशी

केजीएफ 1, केजीएफ 2, सलार पार्ट 1 और कंतारा जैसी फिल्में बना चुके होम्बले फिल्म्स अब ऋतिक रोशन के साथ फिल्म बनाएंगे। इसको लेकर फैंस भी काफी खुश हैं।

### 14 अगस्त को आएगी वॉर 2

ऋतिक और साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' रिलीज होगी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। इसके अलावा 'कृष 4' को लेकर भी चर्चा जारी है।

## स्पिरिट विवाद में नाम आने के बीच तमन्ना की सफाई

### दीपिका के वीडियो को लाइक करने के बाद कहा- क्या इंस्टाग्राम खुद करता है लाइक





बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण से जुड़े विवाद पर तमन्ना भाटिया ने चुप्पी तोड़ी है। दीपिका के एक पुराने वीडियो को लाइक करने को लेकर तमन्ना का रिएक्शन सामने आया है। फिल्म 'स्पिरिट' और दीपिका पादुकोण को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस तेज है। इस बीच एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का नाम भी इस विवाद में घसीटा गया। तमन्ना भाटिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सफेद बाथरोब में एक वीडियो शेयर किया और लिखा, इंस्टाग्राम प्लीज ये पता लगाओ कि ये अपने-आप पेजेस को कैसे लाइक करता है? लोग बेवजह खबरें बना रहे हैं और मुझे सचमुच काम करना है। तमन्ना ने इशारा किया कि हो सकता है ये लाइक इंस्टाग्राम की ऑटोमैटिक एल्गोरिदम की वजह से हुआ हो। दरअसल, दीपिका का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इस वीडियो को दीपिका के फैंस ने उनके समर्थन में शेयर किया था। वीडियो में 2020 में फिल्म छपाक के प्रमोशन के दौरान दीपिका ने एक महिला विरोधी टिप्पणी का जवाब दिया था। इसी पोस्ट पर तमन्ना के इंस्टाग्राम अकाउंट से लाइक दिखा, जिसे लोगों ने दीपिका के समर्थन के तौर पर देखा।

**क्या विराट कोहली पर तंज था तमन्ना का पोस्ट :** वहीं, कुछ लोग बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के पोस्ट को क्रिकेटर विराट कोहली पर तंज के तौर पर देख रहे हैं। बता दें कि इंडियन क्रिकेटर विराट कोहली ने हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर की एक पोस्ट को लाइक किया था। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद विराट ने उस लाइक को हटा दिया था। लेकिन इसी बीच विराट के लाइक का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बाद में इस मामले में विराट को सफाई देनी पड़ी। विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाते हुए लिखा, 'मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि फीड क्लियर करते समय ऐसा लगता है कि एल्गोरिदम ने गलती से कोई इंटरैक्शन रजिस्टर कर लिया है। इसके पीछे मेरा कोई इरादा नहीं था। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि कृपया बेवजह कोई भी बातें न बनाएं। समझने के लिए धन्यवाद।'

**दीपिका की डिमांड्स से नाराज थे वांगा :** फिल्म स्पिरिट में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण को कास्ट किया गया था। प्रेग्नेंसी के चलते दीपिका फिल्म छोड़ना चाहती थीं, हालांकि संदीप रेड्डी वांगा ने उनके लिए फिल्म की शूटिंग तक टाल दी थी। इसके बावजूद दीपिका ने फिल्म में काम करने की कई शर्तें रख दीं। वो चाहती थीं कि उन्हें सिर्फ 8 घंटे की शिफ्ट दी जाए, हफ्ते में 5 दिन काम, प्रॉफिट में हिस्सेदारी हो और तेलुगु डायलॉग्स न दिए जाएं, जैसी कई डिमांड्स की गई थीं। एक्ट्रेस की बढ़ती डिमांड्स से नाखुश होकर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म से निकाल दिया है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए,
और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मूसेवाला की बरसी-मां ने छोटे बेटे के साथ श्रद्धांजलि दी

## लिखा- इंसाफ का इंतजार करते 3 साल बीते; मौत के बाद रिलीज 8 गाने हिट हुए

बढ़ता राजस्थान

**मानसा ( एजेंसी )।** पंजाबी सिंगर शुभदीप सिंह उर्फ सिद्धू मूसेवाला की आज (29 मई) तीसरी बरसी है। इस मौके पर मानसा जिले के मूसा गांव में श्रद्धांजलि सभा हुई। इसमें अरदास कीर्तन किया गया। सभा में मूसेवाला की मां चरण कौर अपने छोटे बेटे शुभदीप को गोद में लेकर पहुंचीं। इस दौरान उनकी आंखें नम थीं। सभा में भारी भीड़ थी। सभा में आने से पहले चरण कौर ने एक भावुक पोस्ट भी की। चरण कौर ने लिखा- हम अपने हक के लिए आवाज उठाते रहेंगे। तेरे लिए इंसाफ का इंतजार करते-करते 3 साल बीत गए। सिद्धू मूसेवाला की 29 मई 2022 को पंजाब के जवाहरके गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से उनके 8 गाने रिलीज हुए और हिट भी हुए। उनके पिता बलकौर ने चुनाव लड़ने की घोषणा की है। सिद्धू के फैंस हत्यारों को सजा देने की मांग कर रहे हैं।

### चरण कौर ने बेटे के नाम लिखी पोस्ट

सभा में जाने से पहले सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने पंजाबी में लिखा, सिद्धू, कभी तू जन्म लेकर 3 दिनों, 3 महीनों और 3 वर्षों का हुआ था। हमारी जिंदगी में तेरी दस्तक ने हर मुश्किल से लड़ने की शक्ति को बढ़ा दिया था। हमने हर मुश्किल तेरा चेहरा देख कर हंस-हंसकर पार की, लेकिन आज तेरी तस्वीरों के साथ बात करते हुए 3 साल बीत चुके हैं। तेरे इंसाफ का इंतजार करते हुए भी। इन 3 सालों में जब कभी इंसाफ मिलने की कोई किरण दिखाई दी, उसे बुरी तरह तोड़ा भी गया। इन 3 सालों में हमारे केस से संबंधित सोशल मीडिया पर बहुत आपत्तिजनक चीजें हुई हैं। इससे हमारी सख्त कार्रवाई की उम्मीद तक बेकार गई। बेटा फिर भी हम पीछे नहीं हटेंगे। हम अपने हक के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

# मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना

## 10 विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात की थी, विधानसभा अध्यक्ष दिल्ली रवाना

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना है। राज्य के 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इनमें से ही एक विधायक ने भास्कर को बताया, नई सरकार के ढांचे पर चर्चा हुई है। उम्मीद है कि 15 जून तक एक सरकार बन जाएगी। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो चुके हैं। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। राज्य में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को सिंह ने दिया था इस्तीफा 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। बीरेन सिंह पर राज्य में डेढ़ साल से ज्यादा समय तक चली हिंसा न रोक पाने के चलते काफी दबाव था। मणिपुर में कुकी-मैतेई के बीच 3 मई, 2023 से अब तक हिंसा हो रही है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं। विपक्षी पार्टियां हिंसा के मुद्दे पर लगातार एनडीए से सवाल पूछ रही थीं।

# प्रधानमंत्री पर ममता बनर्जी की विवादित टिप्पणी

## कहा- पीएम ऐसे बात कर रहे, जैसे हर महिला के पति हों; मोदी सरकार घर-घर पहुंचाएगी सिंदूर

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ऐसे बात कर रहे हैं, जैसे हर महिला के पति हों। वे अपनी पत्नी को सिंदूर क्यों नहीं देते? हालांकि मैं इस संबंध में बात नहीं करना चाहती, लेकिन आपने मुझे बोलने के लिए मजबूर कर दिया। ममता बनर्जी ने कहा- सिंदूर का संबंध हर महिला से है। सिंदूर को पवित्र माना जाता है। महिलाएं इसे अपने पति के लिए लगाती हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मैं कोई कमेंट नहीं करना चाहती। हर महिला का सम्मान होता है। दरअसल, पीएम मोदी ने गुरुवार को ही पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। इसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया था।

### महाराणा प्रताप जयंती पर प्रतिमा अनावरण समारोह

# महाराणा प्रताप हमारे लिए प्रेरणापुंज, नई पीढ़ी में आदर्शों का हो संचार : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मेवाड़ शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की भूमि है। मेवाड़ की धरा स्वाभिमान और शौर्य की एक अमिट मिसाल है। इस भूमि पर आकर अत्यंत गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे लिए प्रेरणापुंज है, जिन्होंने सदैव सत्य, धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलना सिखाया है। नई पीढ़ी में ऐसे आदर्शों एवं संस्कारों का संचार होना चाहिए।

शर्मा गुरूवार को चित्तौड़गढ़ के भूपालसागर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की इस गौरवशाली धरा की महान विभूतियों वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, अद्वितीय बलिदान की प्रतिमूर्ति मां पन्नाधाय और वीर योद्धा राणा पूंजा की प्रतिमाओं के अनावरण का यह अवसर आज के दिन को स्वर्णाक्षरों में अंकित करता है।

मुख्यमंत्री ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप पराक्रमी एवं स्वाभिमानी थे तथा उन्होंने कभी किसी की अधीनता स्वीकार नहीं की। उनका नाम सुनते ही धमनियों में शौर्य और पराक्रम का रक्त प्रवाहित होने लगता है, मस्तक गर्व और स्वाभिमान से ऊंचा हो उठता है।



### मेवाड़ ने त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से इतिहास को गौरवशाली बनाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेवाड़ की धरा महाराणा प्रताप के साथ ही मां पन्नाधाय एवं राणा पूंजा की धरती है, जिन्होंने दुनिया को कर्तव्यनिष्ठा, शौर्य और अनूठे बलिदान का परिचय दिया। आज का यह दिन भी हमें त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से हमारी सभ्यता को गौरवशाली बनाने वाले वीरों की याद दिलाता है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश राष्ट्र भक्ति की नई ऊर्जा से सराबोर

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और कुशल नेतृत्व में देश राष्ट्रीय गौरव के नए शिखर को छू रहा है। हर वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा स्थापित होने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत को हर क्षेत्र में नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री की संकल्पशक्ति, अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पूरी दुनिया ने देखा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नए भारत की सैन्य ताकत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश का हर व्यक्ति नई ऊर्जा और नए जज्बे के साथ राष्ट्र भक्ति से सराबोर है और प्रधानमंत्री ने की वीर-वीरांगनाओं की हमारी धरती पर पहली जनसभा की।

### महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित कर रही राज्य सरकार

**मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया में पहुंचाने के लिए महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर एवं उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित कर रही है ताकि पर्यटक महाराणा प्रताप की शूरवीरता की गाथा अपने साथ लेकर जाए। साथ ही हमारी सरकार प्रदेश में कोच और खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना कर रही है।**

# कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर थरूर बोले मैंने सिर्फ आतंकवादी हमलों पर भारत की प्रतिक्रिया पर बात की, मेरे विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा सरकार का समर्थन करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर लगातार अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचना का सामना कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने इस पर सफाई दी और कहा कि आलोचक और ट्रोल्स उनके विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। हालांकि, उसने किसी का नाम नहीं लिया। थरूर ने ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा- स्पष्ट के पार भारतीय वीरता के बारे में मेरी कथित अज्ञानता पर भड़कने वाले कट्टरपंथियों को मैं बताना चाहता हूं कि मैं स्पष्ट रूप से केवल आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध के बारे में बोल रहा था, न कि पिछले युद्धों के बारे में। लेकिन हमेशा की तरह मेरे शब्दों और विचारों को तोड़ा-मरोड़ा गया। दरअसल, मंगलवार को थरूर ने पनामा में 2016 के उरी सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत सरकार की तारीफ की थी।

# नारी शक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : रक्षा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 29 मई, 2025 को गोवा में आईएनएसवी तारिणी के स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा की गई प्रभावी कार्रवाई में महिला पायलटों तथा अन्य महिला सैनिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब से सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, तब से उन्होंने हर भूमिका में असाधारण प्रदर्शन किया है और हर तरह के कर्तव्यों को पूरा किया है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय महिलाएं सियाचिन की ऊंचाइयों से लेकर समंदर की गहराइयों तक अनेक जिम्मेदारियां निभा रही हैं, जिससे देश का सुरक्षा चक्र और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आज सैनिक स्कूलों के दरवाजे लड़कियों के लिए खुले हैं और इस महीने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से 17 महिलाएं पास आउट हो रही हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों की हर शाखा में महिलाओं की सक्रिय और प्रभावी भागीदारी देखी गई। भारतीय नौसेना की दो बहादुर महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए - नाविका सागर परिक्रमा II के सफल समापन के बाद स्वदेश लौटी हैं। रक्षा मंत्री ने इस वैश्विक समुद्री यात्रा अभियान को पूरा करने में उनके साहस, प्रतिबद्धता और धीरज की सराहना की। उन्होंने उनकी यात्रा को नारी शक्ति का प्रतीक बताया। अभियान के दूसरे संस्करण में यह जोड़ी दोहरे हाथ से ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली जोड़ी बन गई है। इन दोनों महिला अधिकारियों ने आठ महीने की अवधि में 25,600 समुद्री मील की दूरी तय की, जिसमें प्रमुख रूप से फ्रेमैंटल (ऑस्ट्रेलिया), लिटलटन (न्यूजीलैंड), पोर्ट स्टेनली (फॉकलैंड द्वीप) और केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका) के बंदरगाह शामिल थे। राजनाथ सिंह ने दोनों अधिकारियों की शारीरिक एवं मानसिक बाधाओं का डटकर सामना करने, उन्हें मजबूती से पार करने और दुनिया को यह साबित करने के लिए प्रशंसा की कि वे भारत की बहादुर बेटियां हैं।

उन्होंने महिला अधिकारियों की मनोगत शक्ति की सराहना की क्योंकि उन्होंने आठ महीने की लंबी समुद्री यात्रा के दौरान अकेलेपन की भावना से सफलतापूर्वक निपटा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हर कोई लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा द्वारा हासिल की गई उपलब्धि तक पहुंच नहीं सकता है, जो उनके धैर्य, दृढ़ संकल्प व सामर्थ्य को दर्शाता है।

# संस्कार और संस्कृति से ही संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और भविष्य सुरक्षित : राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारतीय संसदीय लोकतंत्र की जड़े मजबूत हैं। मर्यादाओं में निसंदेह कुछ गिरावट आई हैं, लेकिन हमारे संस्कार और संस्कृति इतनी समृद्ध हैं कि संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और भविष्य दोनों सुरक्षित हैं। राज्यपाल श्री बागडे गुरूवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के तत्वावधान में उदयपुर में आयोजित विधानसभा कल, आज और कल विषयक मेवाड़ से संबद्ध विधानसभा अध्यक्ष समागम कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने की। पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश मेघवाल, श्री शांतिलाल चपलोत और डॉ सीपी जोशी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि पहले सदन में विषय पर अधिक चर्चा होती थी, अब विषयान्तर अधिक होने लगी है। विधेयक पर बहस में जनप्रतिनिधि रूचि से भाग नहीं लेते, जबकि उस पर तथ्यात्मक बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में अलग-अलग विचारधारा के लोग होते हैं, इसके बावजूद पहले उनमें आपस में एक दूसरे के प्रति सम्मान भाग होते थे, लेकिन अब कटुता अधिक रहती है।

# बजरी माफिया की सरकार से मिलीभगत, चंदा लेते होंगे : गहलोत

## कहा : अशोक गहलोत की जगह अब अशोक सर हो गया; एसआई भर्ती पर फैसला लटकाएं नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बजरी माफिया, एसआई भर्ती समेत कई मुद्दों पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। जोधपुर में बजरी माफिया के हमले में कॉन्स्टेबल की मौत पर उन्होंने कहा- बजरी माफिया इतना हावी हो गया है कि सरकार कुछ नहीं कर पा रही है। सरकार में साहस नहीं रहा है कि वह बजरी माफियाओं पर अंकुश लगा सके। इसके मायने हैं कि बजरी माफिया की सरकार के साथ मिलीभगत है। मुख्यमंत्री, मंत्री अगर बजरी माफिया को रोक नहीं पाए तो हम आरोप लगाएंगे कि आप सबकी मिलीभगत है। आप सबका स्वार्थ है। आप पॉलिटिकल चंदा लेते होंगे। कुछ भी करते होंगे, लेकिन आप रोक नहीं पा रहे हैं। जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा- बजरी का भाव इतना महंगा हो गया है। हमने भी हमारे वक्त में रोकने की कोशिश की थी, इसमें कोई दो राय नहीं है हमने प्रयास किए। हमारे प्रयास में ईमानदारी थी। यह प्रयास करते भी होंगे तो इनकी मिलीभगत है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

### उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में भारतीय सांख्यिकी सेवा के 2024 और 2025 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित किया

# हमारी भाषाएं कभी भी विभाजन का कारण नहीं बन सकतीं, वे एकता की शक्ति हैं : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के उपराष्ट्रपति, जगदीप धनखड़ ने आज कहा, सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है आगामी दशक की जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने का। यह एक परिवर्तनकारी, गेम-चेंजर कदम होगा। यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेगा। यह आंखें खोलने वाला कदम होगा और लोगों की आकांक्षाओं को संतोष देगा। यह सरकार का एक व्यापक निर्णय है। पिछली जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। मैंने कई बार अपनी जाति को जानने के लिए उस जनगणना को देखा है, इसलिए मैं इस गणना के महत्व को समझता हूँ। नई दिल्ली में भारतीय सांख्यिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, जातिगत आंकड़े, यदि सोच-समझकर एकत्र किए जाएं, तो वे किसी भी प्रकार से विभाजनकारी नहीं हैं, बल्कि वे एकीकरण के उपकरण बन सकते हैं। कुछ लोग इस पर बहस कर रहे हैं, लेकिन हम परिपक्व समाज हैं। किसी जानकारी को इकट्ठा करना समस्या कैसे हो सकता है? यह तो अपने शरीर की एमआरआई कराने जैसा है तभी तो आपको अपने बारे में जानकारी मिलती है। इस प्रक्रिया से हम संविधान में निहित समानता जैसे अमूर्त संकल्पों को मापनीय और जवाबदेह नीतिगत परिणामों में परिवर्तित कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने शासन में अद्यतन और सटीक डेटा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ठोस आंकड़ों के बिना प्रभावी नीति योजना बनाना अंधेरे में सर्जरी करने जैसा है। आप स्वयं कल्पना कर सकते हैं कि आपका कार्य कितना प्रासंगिक है। हमारे राष्ट्रीय डेटा में हर अंक एक मानवीय कहानी का प्रतिनिधित्व करता है, और हर प्रवृत्ति एक दिशा दिखाती है। उन्होंने आगे कहा, आपको अपने सेवा जीवन के हर क्षण में अनुभव होगा कि जो चीजें आपने मान ली थीं, वे कितनी नाजुक थीं। यह एक मृगतृष्णा जैसी होती है, क्योंकि आंकड़े कभी झूठ नहीं बोलते। धनखड़ ने दोहराया कि भारत का विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि साक्ष्य-आधारित योजना पर आधारित है। उन्होंने कहा, हम एक 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रहे हैं यह हमारा सपना नहीं, बल्कि हमारा उद्देश्य, परिभाषित लक्ष्य है। भारत अब संभावनाओं वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि एक उभरती हुई शक्ति है, जिसकी प्रगति अब रुकने वाली नहीं है। यह प्रगति आंकड़ों के आधार पर साक्ष्य-आधारित मील के पत्थरों से चिन्हित है। हमें ऐसा राष्ट्र बनाना है जो अनुभवजन्य रूप से सोचता हो और ठोस प्रमाणों के आधार पर आगे बढ़े।